✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 194 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 11 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य व कल्याण के लिए दिल्ली मेट्रो अभियान शुरू

मुख्यमंत्री ने की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विकास योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा

## 50 हजार करोड़ की लागत से संवरेगा बिहार : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विकास योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की और अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वर्ष 2024 के दिसंबर एवं 2025 के जनवरी-फरवरी माह में प्रगति यात्रा के दौरान सभी जिलों में जाकर विकास कार्यों को देखा था। यात्रा के दौरान जो लोगों का फीडबैक मिला और जमीनी स्तर पर मुझे जो कमी दिखी उसे पूरा करने के लिए 430 नई योजनाओं की स्वीकृति दी गई थी। इन योजनाओं पर 50 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से सभी 38 जिलों से संबंधित इन योजनाओं की लगातार समीक्षा करते रहने और कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग लंबित योजनाओं पर तेजी से काम करते हुए शीघ्र पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हम लोग लगातार प्रयत्नशील हैं। राज्य के सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के विकास के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम किया जा रहा है। लोगों के उत्थान के लिए जो योजनाएं बनाई गई हैं, उन पर पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करें। हम सभी चाहते हैं कि बिहार देश के पांच अग्रणी विकसित राज्यों में शामिल हो। बताया गया कि प्रगति यात्रा के दौरान 430 योजनाओं की स्वीकृति दी गई थी, जो 22 विभागों से संबंधित हैं। इन विभागों द्वारा 428 योजनाओं की स्वीकृति दे दी गई है। शेष दो योजनाएं तकनीकी रूप से अनुपयुक्त पाई गई हैं, जो जल संसाधन विभाग से संबंधित हैं। 21 योजनाओं का काम पूरा हो चुका है। शेष योजनाओं पर काम तेजी से चल रहा है और उसे ससमय पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, सभी संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह एवं मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह उपस्थित थे।



## हर थाना में लगेगा जनता दरबार : सम्राट

उप मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त स्टेनोग्राफर पुलिसकर्मियों को दिया नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के गृह मंत्री सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को सरदार पटेल भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 48 नवनियुक्त स्टेनोग्राफर पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से बिहार में युवाओं को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से सरकारी नौकरी देने की परंपरा कायम है जिसे वर्तमान सरकार मजबूती से आगे बढ़ा रही है। सम्राट चौधरी ने कहा कि आमतौर पर यह धारणा रही है कि पुलिस विभाग में स्टेनोग्राफर जैसे पदों पर नियुक्ति अनुकंपा के आधार पर होती है, यानी किसी पुलिसकर्मी के निधन के बाद उनके परिजनों को नौकरी दी जाती है। लेकिन आज यह देखकर संतोष होता है कि योग्य और पढ़े-लिखे युवाओं को सीधी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से पुलिस विभाग में अवसर दिया जा रहा है। गृह मंत्री ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि वे अपने जिले के प्रत्येक थाना में नियमित रूप से जनता दरबार लगाएं ताकि आम लोगों की समस्याओं को सीधे सुना और हल किया जा सके। इसके साथ ही न्यायिक प्रक्रिया को तेज करने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की संख्या बढ़ाने की योजना पर भी काम किया जा रहा है जिससे मामलों का त्वरित निपटारा हो सके। सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में सक्रिय गुंडा बैंक और अवैध सूदखोरी पर नकेल कसने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस संबंध में डीजीपी से बातचीत हो चुकी है और जल्द ही नोटिफिकेशन जारी कर सख्त कार्रवाई शुरू की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि जो भी अवैध बैंक संचालित हो रहे हैं, उन्हें बंद कराया जाएगा। गृह मंत्री ने दावा किया कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में साढ़े ग्यारह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। उन्होंने कहा कि आज स्टेनो सहायक के रूप में दी गई यह नियुक्ति उसी व्यापक अभियान की कड़ी है। आगे भी पुलिस विभाग में सिपाही, चालक और अन्य पदों पर बड़े पैमाने पर बहाली की जाएगी। कार्यक्रम के समापन पर सम्राट चौधरी ने नवनियुक्त स्टेनो पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार को उनसे ईमानदारी, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की मजबूती में इन युवाओं की भूमिका अहम होगी और इनके योगदान से बिहार में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### विजय कृष्ण का राजद से इस्तीफा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय जनता दल को आज यानी बुधवार को बड़ा झटका लगा है। पूर्व सांसद और वरिष्ठ नेता विजय कृष्ण ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को अपना इस्तीफा भेज दिया है। विजय कृष्ण ने 2004 के लोकसभा चुनाव में बाढ़ सीट से बिहार के मौजूदा सीएम और जदयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार को हराकर राजनीतिक तहलका मचा दिया था।

### रिश्वत मांगने के आरोप में राजस्व कर्मचारी निलंबित

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** दाखिल-खारिज के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में पोठिया अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी मिथिलेश कुमार झा को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई एक ऑडियो वायरल होने के बाद की गई, जिसमें वे जमीन मालिक से रिश्वत मांगते सुने गए। मामला तब सामने आया जब विधायक कमरुल हुदा ने जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ऑडियो साक्ष्य उपलब्ध कराया।

### ईंट-पत्थर से हमला कर युवक की हत्या

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के अनुमंडल मुख्यालय मोहनियां में थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर एक युवक की लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना वार्ड 12 की एक गली में हुई। मृतक की पहचान वार्ड 9 निवासी खुर्शीद गद्दी के 28 वर्षीय पुत्र हलीम अली के रूप में हुई। घटना से गुस्साए परिजनों ने जीटी रोड जाम कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित जगहों पर छापेमारी कर रही है।

## उत्तर कोयल नहर में गिरे बाइक सवार, दो की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद(पलामू)।** हुसैनाबाद थाना अंतर्गत उत्तर कोयल नहर के जपला-नबीनगर सड़क पर लोटनिया गांव के समीप नहर के बगल में पुल से एक बाइक पर सवार तीन युवक असंतुलित होकर नहर में जा गिरे जिससे दो की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। बाद में घायल की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया है। मृतकों में औरंगाबाद जिले के नवीनगर थाना अंतर्गत रामपुर निवासी विनोद पासवान के पुत्र राहुल पासवान (20 वर्ष) एवं उपेन्द्र पासवान के पुत्र रॉकी पासवान (19 वर्ष) शामिल है। वहीं घायल की पहचान इसी ग्राव के अखिलेश पासवान के 25 वर्षीय पुत्र बिट्टू पासवान के रूप में की गयी है। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस घटना स्थल पहुंच कर दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## बालू और जमीन माफियाओं पर इओयू कसेगा शिकंजा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में अब बालू और भूमि माफियाओं की खैर नहीं है। बालू और भूमि माफियाओं के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई का अभियान और तेज होगा। गृह मंत्री के निर्देश पर ईओयू में डीआइजी मानवजीत सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में एक विशेष कार्यदल का गठन किया गया है जो ऐसे अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगा। इस टीम में ईओयूके एसपी राजेश कुमार सहित चार डीएसपी और पांच पुलिस इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारियों को भी शामिल किया गया है। यह टीम राज्य स्तर पर बालू और भूमि माफियाओं के विरुद्ध अभियान चलायेगा।

## बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में चलेगा बुलडोजर : डिप्टी सीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में जमीन से जुड़े विवाद लंबे समय से बड़ी चुनौती बने हुए हैं। इस समस्या को देखते हुए उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय सिन्हा ने विभागीय सुधारों की लंबी श्रृंखला का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में ज्यादातर शिकायतें जमीन विवादों से जुड़ी होती हैं और सरकार अब इन मामलों पर तेजी से कार्रवाई करेगी। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को हटाने के लिए बिहार सरकार मार्च 2026 से बड़ा अभियान शुरू करने जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्रवाई बुलडोजर से भी आगे की होगी। अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर सरकारी भूमि खाली कराई जाएगी और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। जो लोग सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की सच्चाई सामने लाएंगे, उन्हें विभाग सम्मानित भी करेगा। सरकार का लक्ष्य है कि राज्य की सभी सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। विजय सिन्हा ने बताया कि दाखिल-खारिज और परिमार्जन की फाइलें अक्सर महीनों तक लंबित रहती हैं। इससे रैयतों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि इन दोनों प्रक्रियाओं की साप्ताहिक समीक्षा अब अनिवार्य होगी। जिलों में लंबित फाइलों की सूची बनाई जाएगी और अधिकारी समय पर काम नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी। भूमि सुधार विभाग ने अब आवेदन खारिज करने की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी कर दिया है। विजय सिन्हा ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से हर जिले में दो घंटे जमीन से जुड़े मामलों पर सुनवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता सीधे अपने मामले को अधिकारियों और उपमुख्यमंत्री के सामने रख सकेंगे।

## अपनी प्रतिभा के बूते नया टेक हब बनेगा बिहार : मुख्य सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार को नया टेक हब और न्यूएज इकोनॉमी का केंद्र बनाने के लिए राज्य सरकार बिहारी प्रतिभाओं की मदद लेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने देश-दुनिया में बिहारी प्रतिभाओं की तलाश शुरू कर दी है। बुधवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वरीय पदाधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में इसके लिए गठित उच्चस्तरीय कमेटी के सदस्य शामिल हुए। मुख्य सचिव ने बैठक की शुरुआत अभी नहीं तो कभी नहीं के मूल मंत्र पर विशेष जोर दिया। साथ ही सभी सदस्य विभागों को इस मिशन को सफल बनाने के लिए कई निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभागों को 25 दिसंबर तक का समय दिया और संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के नाम की एक सूची तैयार करने को कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि हमारे बिहार के ऐसे कई लोग हैं जो देश-विदेश तक में अपने क्षेत्र में काम कर नाम रोशन कर रहे हैं। हमें ऐसे ही लोगों की जरूरत है जो बिहार राज्य के विकास में योगदान दें। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बीते गुरुवार को आयोजित उद्योग वार्ता में भी कई ऐसे उद्यमियों और निवेशकों ने बिहार में निवेश करने में अपनी गहरी रुचि दिखाई है, जो राज्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है। मुख्य सचिव ने कहा है कि बिहार पूर्वी भारत का नया टेक हब के साथ न्यूएज इकोनॉमी का केंद्र बनेगा। अभी बिहार इसके लिए पूरी योग्यता रखता है। वह इस क्षेत्र में प्रभावी पहल कर सकता है। ऐसे में हमें संकल्पबद्ध होकर इसके लिए पहल करनी होगी।

## 1300 से ज्यादा स्टेशनों को किया जा रहा अपग्रेड : अश्विनी वैष्णव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** दुनिया के सबसे बिज़ी रेल नेटवर्क में से एक भारतीय रेल को चलाने की बड़ी ऑपरेशनल चुनौतियों के बावजूद इंडियन रेलवे का स्टेशन री-डेवलपमेंट मिशन देश के इतिहास में पहले कभी नहीं देखे गए स्केल पर आगे बढ़ रहा है। जैसा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ज़ोर दिया है, कई देश बड़े स्टेशनों के रिकंस्ट्रक्शन के कार्यों के दौरान 3-4 साल के लिए रेल ट्रैफिक रोक देते हैं। लेकिन भारत में, जहां रोज़ लाखों पैसेंजर आते-जाते हैं, स्टेशनों को बंद करना कोई ऑप्शन नहीं है। इन मुश्किलों के बावजूद स्टेशन रीडेवलपमेंट तेज़ी से आगे बढ़ रहा है जिसमें सेफ्टी पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है और रेल ऑपरेशन बिना किसी रुकावट के चलता रहे, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। मंत्री ने यह भी कहा कि आज़ादी के बाद पहली बार, भारत अपने स्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर में इतना बड़ा बदलाव देख रहा है, जो देश के लिए बिल्कुल नया अनुभव है। इन कामों के लिए बहुत अच्छी प्लानिंग, तालमेल और इंजीनियरिंग की सटीकता की ज़रूरत होती है और ये सभी काम रोज़ाना ट्रेन की आवाजाही से समझौता किए बिना किए जा रहे हैं। यह कमिटमेंट अमृत भारत स्टेशन स्कीम में सबसे ज़्यादा दिखता है। इसके तहत 60,000 करोड़ से ज़्यादा के निवेश से 1,300 से ज़्यादा स्टेशनों को भविष्य के स्टैंडर्ड के हिसाब से अपग्रेड किया जा रहा है। पहले ही 160 स्टेशनों को रीडेवलप किया जा चुका है। मॉडर्न इंजीनियरिंग सॉल्यूशन से लेकर बेहतर पैसेंजर सुविधाओं तक, हर प्रोजेक्ट को धीरे-धीरे और बहुत सोच-समझकर प्लान किया जा रहा है ताकि स्टेशन देश की लाइफलाइन की सेवा करते हुए वर्ल्ड-क्लास ट्रांज़िट हब बन सकें। इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बीकानेर से 103 अमृत भारत स्टेशनों के एक और बैच के रीडेवलपमेंट कार्यों की शुरुआत की, जो देश भर में मॉडर्नाइज़ेशन ड्राइव में एक बड़ा मील का पत्थर है। ये स्टेशन बेहतर बाहरी हिस्से, बड़े सर्कुलेशन एरिया, सस्टेनेबल बिल्डिंग फीचर्स और आसान मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन के साथ डिज़ाइन किए गए हैं जो भारत के मॉडर्न, कुशल और पैसेंजर-फ्रेंडली रेल यात्रा के विज़न को दिखाते हैं। अमृत भारत स्टेशन स्कीम भारत की रिकॉर्ड स्पीड से मुश्किल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड करने की क्षमता का एक मज़बूत सबूत है।



अपना केवाईसी अपडेट रखें

ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें



यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,

तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।

यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,

तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।




आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएँ

आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर: 99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

# बिहार की पहली राज्य सीएसआर नीति पर अमल की दिशा में यूनीसेफ-सीआइएमपी की पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की नव अधिसूचित राज्य कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को गति देने के लिए यूनीसेफ और चाणक्य इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक लीडरशिप ने महत्वपूर्ण कदम उठाया। पटना में आयोजित 5वें अंतरराष्ट्रीय सीएसआर सम्मेलन के दौरान दोनों संस्थानों ने उच्च-स्तरीय गोलमेज बैठक की जिसमें नीति के ढांचे को मजबूत करने और इसके जमीनी अमल पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। बिहार देश का पहला राज्य है जिसने अपनी अलग राज्य सीएसआर नीति अधिसूचित की है। भारत में सीएसआर के जनक माने जाने वाले और आईआईसीए के पूर्व महानिदेशक भास्कर चटर्जी ने कहा कि नीति कॉरपोरेट जगत को स्पष्ट मार्गदर्शन देती है, लेकिन निवेश आकर्षण बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन प्रावधानों पर और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। यूनीसेफ बिहार की प्रमुख मार्गरेट ग्वाडा ने कहा कि सीएसआर साझेदारियां जल, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण और बच्चों से जुड़े कार्यक्रमों की प्रगति तेज कर सकती हैं। सीआईएमपी के निदेशक राणा सिंह ने कहा कि सामाजिक निवेश तभी प्रभावी होगा जब वह दीर्घकालिक और टिकाऊ बदलाव को आधार बनाए। उद्घाटन सत्र में वर्चुअल रूप से शामिल अरामको सऊदी अरब के हिशमी जमील हुसैन ने बिहार को सामाजिक निवेश के लिए 'हाई रिटर्न जियोग्राफी' बताया। हेल्पएज इंडिया के पूर्व सीइओ मैथ्यू चेरियन ने सीएसआर फंड को ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों की ओर केंद्रित करने पर जोर दिया। नाबार्ड के डीजीएम लक्ष्मण कुमार ने आजीविका, कौशल विकास और ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बेहतर तालमेल की आवश्यकता रेखांकित की। गोलमेज चर्चा में बिहार सीएसआर पोर्टल के विकास और नीति के क्रियान्वयन के व्यावहारिक पहलुओं पर फोकस रहा। यूनीसेफ इंडिया की पार्टनरशिप स्पेशलिस्ट रमोना बक्शी द्वारा संचालित चर्चा में पैलेडियम इंडिया, ज्यूबिलेंट इंग्रेविया, अपोलो मेडस्किल्स, टेरी, आईसीआईसीआई फाउंडेशन, अरामको, नाबार्ड फाउंडेशन और वाबटेक के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने जिला स्तर पर प्राथमिकता निर्धारण, राज्य स्तरीय सीएसआर परियोजना रिपोजिटरी और टिकाऊ सामाजिक प्रभाव पर सहमति जताई। मंथन के दौरान समानता, पारदर्शिता और सततता जैसे मूल्यों को नीति में सुदृढ़ रूप से शामिल करने, लचीले फंडिंग मॉडल विकसित करने, राज्य और जिला स्तर पर संस्थागत व्यवस्था मजबूत करने तथा प्रभावी निगरानी के लिए उपयोगकर्ता-अनुकूल बिहार सीएसआर पोर्टल विकसित करने पर सहमति बनी। साथ ही सरकार कॉरपोरेट और सिविल सोसायटी के बीच समन्वय बढ़ाने, निगरानी तंत्र को मजबूत करने, कार्यान्वयन एजेंसियों की क्षमता वृद्धि और नियमित हितधारक संवाद की जरूरत पर भी जोर दिया गया। वित्त विभाग, बिहार सरकार की बिहार राज्य सीएसआर नीति 2025 का उद्देश्य निजी क्षेत्र के सीएसआर संसाधनों को विकसित बिहार@ 2047 और विकसित भारत@ 2047 के लक्ष्यों से जोड़ना है। यूनीसेफ द्वारा संचालित इस संवाद से प्राप्त सुझाव राज्य सरकार को सौंपे जाएंगे, ताकि नीति के प्रभावी, समन्वित और समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा सके।

# ड्रोन तकनीक से किसान पा रहे हैं सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि की नई ताकत : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि आज बिहार का किसान सिर्फ खेत नहीं जोत रहा, बल्कि तकनीक की ताकत से भविष्य की खेती गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि खेती को आधुनिक, वैज्ञानिक और टिकाऊ बनाया जाए, ताकि किसान भाई-बहनों का परिश्रम अधिक लाभ में बदल सके। उन्होंने बताया कि रोपण, सिंचाई, कटाई और ग्रेडिंग जैसे कार्यों में मशीनों के बढ़ते उपयोग ने न केवल उत्पादकता बढ़ाई है, बल्कि किसानों को मेहनत का सही प्रतिफल भी दिलाया है। आज आधुनिक उपकरणों और वैज्ञानिक अनुसंधान का लाभ खेतों तक पहुंचने से बिहार की कृषि नई ऊर्जा और नई दिशा के साथ आगे बढ़ रही है। मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संकल्प है कि हमारे किसानों के हाथ मजबूत हों, उनकी मेहनत सुरक्षित रहे और उनकी फसलें बीमारियों से बची रहें – इसी सोच के साथ ड्रोन तकनीक को खेतों तक पहुंचाया जा रहा है। ड्रोन आधारित छिड़काव से निर्धारित मात्रा में पौध संरक्षण रसायनों और उर्वरकों का सटीक, समान और सुरक्षित छिड़काव होता है। इससे पानी, समय और श्रम की बचत होती है तथा फसलें स्वस्थ एवं नुकसान से दूर रहती हैं। उन्होंने कहा कि यह तकनीक किसानों को कृषि को व्यवसायिक एवं परिशुद्धता के साथ संचालित करने की शक्ति दे रही है। कृषि विभाग द्वारा कृषि ड्रोन से कीटनाशी एवं तरल उर्वरक छिड़काव योजना राज्य के 38 जिलों में तेजी से लागू की गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में राज्य की कृषि एवं किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति के लिए चार कृषि रोड मैप बनाए गए हैं जिसके परिणामस्वरूप राज्य का काफी विकास हुआ है। वर्तमान में चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 56,050 एकड़ क्षेत्र में ड्रोन से छिड़काव का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिससे तकनीक का लाभ सीधे खेतों तक पहुंच रहा है।

# मिस बिहार-2025 ऑडिशन सम्पन्न, सैकड़ों प्रतिभागियों ने बिखेरी अपनी चमक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना शहर अब फैशन और ग्लैमर की नई पहचान बनता जा रहा है। बुधवार को होटल बुद्ध हैरिटेज में मिस बिहार 2025 ऑडिशन का भव्य आयोजन किया गया जिसे आईसब्रेकर ओशियन विजन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित हुआ जिसमें पूरे बिहार से लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आरा, सिवान, भागलपुर, पटना सहित कई जिलों की प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह ऑडिशन केवल अविवाहित युवतियों और महिलाओं के लिए था जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा प्रस्तुत की। ऑडिशन के दौरान प्रतिभागियों को कैटवॉक राउंड, एक्स फैक्टर राउंड, आईक्यू राउंड और इंट्रोडक्शन राउंड से गुजरना पड़ा। प्रत्येक राउंड में प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और कौशल से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। जजों ने भी प्रतिभागियों के उत्साह और उनकी तैयारी की सराहना की। सभी प्रतिभागियों के लिए निर्धारित परिधान में उपस्थित होना अनिवार्य था जिससे आयोजन की शान और बढ़ गई। मिस बिहार 2025 का ग्रैंड फिनाले 28 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा जिसमें विजेता की घोषणा एक भव्य कार्यक्रम के बीच की जाएगी। फाइनलिस्ट को मिसेज वर्ल्ड, मिस इंडिया, बॉलीवुड सेलेब्रिटी और हजारों दर्शकों के सामने रैंप वॉक का अवसर मिलेगा। साथ ही उन्हें विशेष ग्रूमिंग सेशन में भी शामिल होने का मौका दिया जाएगा। ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी अपनी पहचान बना सकें।

इस वर्ष का आयोजन ''महिला स्वच्छता जागरूकता'' थीम पर आधारित है। आईसब्रेकर ओशियन विजन प्राइवेट लिमिटेड के एमडी प्रवीण सिन्हा ने बताया कि इस पेजेंट की विजेता को रूफ फाउंडेशन द्वारा 'ब्रांड अम्बेसडर' बनाया जाएगा जो बिहार के विभिन्न जिलों में महिलाओं के उत्थान, स्वच्छता जागरूकता, सैनिटरी पैड वितरण और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियों में सहभागिता करेगी। निर्णायक मंडल में मिस बिहार 2025 मनीष चंद्रेश, राजीव रॉय, आशीष अग्रवाल और अपूर्वा वर्मा शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन सुरुति शर्मा ने किया।

# मानवाधिकार शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज की नींव : प्रो. रत्ना अमृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के राजनीति विज्ञान विभाग एवं एन.एस.एस. इकाई द्वारा, आईक्यूएसी के तत्वावधान में 'पुलिस और मानवाधिकार' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर और हाथों में प्लैकार्ड्स लेकर मानवाधिकार संरक्षण के प्रति एकजुटता, जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी के संदेश से हुई। प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि 'मानवाधिकार दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह हमारी सामूहिक चेतना का उत्सव है।' उन्होंने रेखांकित किया कि मानवाधिकारों की अवधारणा ने विश्व इतिहास को दिशा दी है और भारत की स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान निर्माण तक हर चरण में इसकी गूंज सुनाई देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि 'मानवाधिकारों की रक्षा करना केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है जब हम दूसरों की गरिमा का सम्मान करते हैं, तभी सच्चे अर्थों में लोकतंत्र मजबूत होता है। गरिमा मलिक, आईजी (विजिलेंस) ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मानवाधिकार की परंपरा कोई नई अवधारणा नहीं है, बल्कि हमारे देश में इसकी जड़ें अत्यंत प्राचीन हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि ऋग्वेद, उपनिषदों और बौद्ध-जैन परंपरा में मानव गरिमा और करुणा का उल्लेख मिलता है। अशोक के शिलालेख और अकबर की नीति भी मानवाधिकारों की रक्षा और सहिष्णुता के ऐतिहासिक प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में इन मूल्यों को संस्थागत रूप दिया गया है और इसी क्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के तहत अक्टूबर 1993 में हुई। आयोग और राज्य मानवाधिकार आयोग हिरासत में मौतें, पुलिस दुर्व्यवहार और पीड़ितों को मुआवजा जैसे मामलों की निगरानी करते हैं। गरिमा मलिक ने बताया कि देश में प्रति एक लाख आबादी पर औसतन 155.58 पुलिस बल उपलब्ध है जबकि बिहार में यह संख्या मात्र 76.20 है। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था के सामने प्रशिक्षण संसाधनों की कमी, भारी कार्यभार, जन अविश्वास और कुछ स्तरों पर भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियां हैं। इनसे निपटने के लिए संसाधनों में वृद्धि, प्रशिक्षण और संवेदनशीलता पर विशेष बल, तकनीक का समुचित उपयोग, समुदाय आधारित पुलिसिंग द्वारा जनविश्वास निर्माण, जांच कार्य और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारियों को अलग-अलग करना तथा मजबूत सुधार और सशक्त नेतृत्व की आवश्यकता है। अपने निष्कर्ष में गरिमा मलिक ने कहा कि पुलिस के पास अपार शक्ति है, लेकिन उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी भी है। पुलिस का कर्तव्य मानवाधिकारों की रक्षा करना है, उनका उल्लंघन नहीं। इस अवसर पर प्रो. सीता सिंहा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय शंकर विक्रम ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अपराजिता ने प्रस्तुत किया। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि विशेष व्याख्यान के सफल आयोजन में डॉ. रूना आनंद और डॉ. सुमन सिंह और डॉ राजीव कुमार का सहयोग रहा। साथ ही आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ. दिवाकर पांडेय और एन.एस.एस. के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. विशाल विजय का भी विशेष योगदान रहा। व्याख्यान के अंत में मुख्य अतिथि गरिमा मलिक एवं प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत द्वारा मंडला आर्ट कार्यशाला के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित भी किया गया।

# आपदा मित्रों का सात दिवसीय प्रशिक्षण आरंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, मेरा युवा भारत एवं बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में संपतचक में आपदा मित्रों का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन मेरा युवा भारत के राज्यनिदेशक सूर्यकांत कुमार ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आपदा के कठिन समय में आपदा मित्र लोगों के मदद को पहुंचेंगे। बाढ़, भूकंप एवं अन्य आपदा से बचाव के लिए आपदा मित्र नियमित रूप से जागरूकता फैलायेंगे साथ ही युवा मंडल के सदस्यों को प्रेरित करेंगे। मौके पर उपस्थित प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक व बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पटना के महासचिव प्रेम कुमार ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है विकसित भारत 2047 को साकार करने में युवा महत्वपूर्ण है। सात दिवसीय आपदा मित्रों के प्रशिक्षण में आपदा के समय जोखिम को कम करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आपदा मित्रों के कंधों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए तैयार किया जा रहा है। मौके पर माय भारत के एसपी कर्ण, कार्यक्रम समन्वयक प्रियंका कुमारी, एसडीआरएफ के प्रशिक्षक राहुल कुमार, आशीष कुमार, योगेंद्र प्रसाद, आपदा मित्र आर्यन रंजन, सुजीत कुमार, हिमांशु राज, रवि प्रकाश, कृति, सपना, तन्नू, दिव्या, आयुष, हिमांशु, प्रिंस संगीता समेत सैकड़ों शामिल रहे।

# गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल आज पूर्णिया पहुंचे। यहां वे ऐतिहासिक रंगभूमि मैदान में आयोजित 108 कुण्डीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल गायत्री महायज्ञ में समाज के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में समृद्धि, सुख और शांति का प्रकाश बना रहे और सबके लिए मंगल एवं कल्याण के मार्ग प्रशस्त हों, इसकी कामना की। उन्होंने यज्ञ में शामिल होने के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि यह पावन और मंगलकारी कार्य में सहभागिता एक दिव्य और प्रेरणादायी रहा। इस पावन अनुष्ठान में शामिल होकर मन को विशेष शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के पूर्णिया पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने स्वागत से भावुक होते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं से मिले सम्मान ने मन को गहराई तक स्पर्श किया।

# पटना पुस्तक मेला में सुबोध कुमार नंदन की पुस्तकों की जबरदस्त मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** पटना पुस्तक मेला में प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित सुबोध कुमार नंदन की बिहार की कला, संस्कृति, धरोहर और पर्यटन पर आधारित पुस्तकों को जबरदस्त लोकप्रियता मिल रही है। बिहार से जुड़े तथ्यों, स्थलों और सांस्कृतिक परंपराओं को विस्तार से समेटने वाली ये पुस्तकें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं की पहली पसंद बन चुकी हैं। मेले में उनके शीर्षक– 'बिहार के पर्यटन स्थल और सांस्कृतिक धरोहर', 'बिहार के मेले', 'बिहार के ऐतिहासिक गुरुद्वारे', 'बिहार के पर्व-त्योहार और खानपान' तथा 'पटना के देवालय'–सबसे अधिक पूछे जाने वाली पुस्तकों में शामिल हैं। पुस्तक विक्रेताओं के अनुसार अब तक इनकी चार सौ से अधिक प्रतियां बिक चुकी हैं जो मेले में किसी भी क्षेत्रीय विषयक पुस्तकमाला के लिए एक नई उपलब्धि मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि सुबोध नंदन की पहली तीन पुस्तकों को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है जिससे ये पुस्तकें और भी चर्चा में हैं।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 8 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के द्वारा विभिन्न शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालय में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया। सुविधा समागम में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सी.जी.एच.एस. सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें, साथ ही उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को यह आश्वासन भी दिया गया कि उनकी सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम कार्यवायी कर रहा है। डॉ सुजीत कुमार चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक, प्रतिनिधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, डॉ. तनुजा कुमारी, चिकित्सा निर्देशी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, डॉ. विजय कुमार केशरी, एस.एम.ओ. कर्मचारी राज्य बीमा निगम डॉ. सुजाता कुमारी, चिकित्सा अधीक्षक, प्रतिनिधि कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा मुकेश कुमार, संयुक्त निदेशक (हितलाभ) सह सदस्य सचिव, कर्मचारी राज्य बीमा निगम भी मौजूद थे।

# मानवाधिकार दिवस पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ए.एम. प्रसाद हैं, ने आज अरन्या भवन, पटना में 'मानवाधिकारः रोजमर्रा की जरूरतें और जैव विविधता संकट' विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया। यह कार्यक्रम पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड के कुलपति डॉ. जय प्रकाश लाल थे। अपने प्रेरणादायी मुख्य वक्तव्य में उन्होंने सतत विकास, वसुधैव कुटुम्बकम और मानवाधिकारों के सार्वभौमिक मूल्य पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए। अतिथि-विशेष पी. के. गुप्ता, आइएफएस, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक, बिहार ने जलवायु परिवर्तन और वैश्विक ऊष्मीकरण पर हाल के अनेक उदाहरणों के साथ गंभीर चिंताएं साझा कीं। नेपाल मानवाधिकार आयोग के राष्ट्रीय आयुक्त मिहिर ठाकुर (अतिथि-विशेष) ने इंडो-हिमालयन जैव-विविधता और उस पर मंडराते खतरों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उनकी धर्मपत्नी एवं नेपाल की सांसद रंजू झा ने महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को मानवाधिकारों की आधारशिला बताया। ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ए.एम प्रसाद ने आतंकवाद की मानवीय लागत पर महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया। पूर्व सांसद, भारत सरकार डॉ. संजय पासवान ने मानव की गरिमा, उसकी स्वतंत्रता की रक्षा और लोगों को विभिन्न प्रकार की अत्याचारों से बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के सचिव प्रो. अनिल प्रसाद के संपादन में तैयार स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. उमाशंकर प्रसाद (उपाध्यक्ष), उषा झा (उपाध्यक्ष), डॉ. ज्योत्सना प्रसाद (लेखिका एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता), डॉ. जानार्दन (महानिदेशक), डॉ. चंद्रेश्वर खान, डॉ. शाहजाद (प्राचार्य, लॉ कॉलेज, पटना), एम. के. दास (महासचिव), डॉ. निलेश नारायण, नवीन कुमार (बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) और ज्ञान मोहन ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोगिता सहाय ने किया। अंत में डॉ. जनार्दन जी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजनकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भारत-तिब्बत मैत्री संघ बिहार ने मनाया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

## तिब्बत की स्थिति पर वैश्विक हस्तक्षेप की मांग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर भारत-तिब्बत मैत्री संघ बिहार ने पटना में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। संघ के उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा तथा बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्र भूषण के नेतृत्व में टीम सदस्यों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर तिब्बत में जारी मानवाधिकार उल्लंघनों पर गहरी चिंता व्यक्त की और वैश्विक समुदाय से तत्काल ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत तिब्बत पर चीनी कब्जे के कारण दशकों से जारी मानवाधिकार संकट पर वक्ताओं द्वारा सामूहिक चिंता जताते हुए हुई। वक्ताओं ने तिब्बत में नागरिक स्वतंत्रताओं के दमन, सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान के व्यवस्थित विनाश, मठों में राजनीतिक हस्तक्षेप और जनसांख्यिकीय बदलावों को 'गंभीर और चिंताजनक' मुद्दे बताया।

# मिथिलापुरी में पंचकल्याणक महोत्सव शुरू

## पटना से सैकड़ों जैन श्रद्धालु पहुंचे मिथिलापुरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**मिथिलापुरी (सुरसंड/बिहार)।** मिथिलापुरी दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र पर मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आगाज हुआ जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति और उल्लास के रंग से सराबोर कर दिया। यह आयोजन परम पूज्य गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज के 43वें मुनि दीक्षा दिवस के शुभ अवसर पर हो रहा है। महोत्सव के प्रथम दिन की शुरुआत अत्यंत पवित्र और आध्यात्मिक माहौल में हुई। सर्वप्रथम मूलनायक वेदी में विराजमान जिनबिम्बों का अभिषेक और पूजन किया गया। इसके उपरांत मंगल कलशों को सर पर रखकर महिलाओं द्वारा घटयात्रा निकाली गई। यह भव्य घटयात्रा मंदिर से आरंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए पंचकल्याणक मण्डप में आकर संपन्न हुई जिसमें उपस्थित सभी भक्तों ने भाग लिया और धर्म ध्वजा लहराई। घटयात्रा के समापन के पश्चात पंचकल्याणक मण्डप में विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ किए गए। प्रतिष्ठाचार्य डॉ. अजित जी शास्त्री और मुरैना से पधारे पंडित मुकेश जी शास्त्री के मंत्रोच्चार द्वारा मण्डप शुद्धिकरण का कार्य किया गया। आयोजन में सम्मिलित हुए सभी श्रावक और श्राविकाओं ने अपने कलशों में भरे पवित्र जल को संपूर्ण आयोजन स्थल पर छिड़ककर शुद्धिकरण की इसके पश्चात गुरुदेव के मुखारबिंद से श्री जी के शांतिधारा मंत्रों का उच्चारण किया गया जिसने वातावरण को और भी अधिक शांत और भक्तिमय बना दिया। इसके बाद झंडोतोलन के कार्यक्रम को विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। इसके तुरंत बाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक यागमण्डल विधान में सामूहिक रूप से अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस पंचकल्याणक महोत्सव में तीर्थंकरों की पांचों कल्याणक क्रियाएं क्रमबद्ध रूप से संपन्न की जा रही हैं। प्रथम दिन ही तीन महत्वपूर्ण क्रियाओं को पूर्ण किया गया। महोत्सव की शुरुआत सबसे पहले गर्भ कल्याणक की क्रिया से हुई जिसके पश्चात जन्म कल्याणक और अंत में तप कल्याणक की क्रिया को संपन्न किया गया। इन क्रियाओं के माध्यम से तीर्थंकर के जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाया गया जिसने भक्तों को आत्म-कल्याण की प्रेरणा दी। इस शुभ अवसर पर मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी महाराज ने अपना प्रवचन दिया। एम पी जैन ने बताया कि इस सफल आयोजन में प्रबंधक मनमोहन जैन, रवि कुमार जैन, चंदन जैन, मनोज जैन, पंकज जैन सहित दिल्ली, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्यप्रदेश, पटना बिहार से आए तीर्थ यात्रीगण उपस्थित रहे।

# पीबीएल एमआइपी 3.7 अद्यतन नहीं करने वाले 121 शिक्षकों से स्पष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले में कक्षा 6 से 8 तक विज्ञान और गणित पढ़ाने वाले शिक्षकों द्वारा पीबीएल एमआइपी 3.7 अद्यतन समय पर प्रारंभ नहीं किये जाने को लेकर शिक्षा विभाग सख्त हो गया है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्राथमिक शिक्षा सह सर्व शिक्षा अभियान रोहित रोशन ने स्पष्टीकरण जारी किया है। इसमें तिलौथू व नौहट्टा प्रखंड छोड़कर अन्य प्रखंडों के विभिन्न स्कूलों के 121 प्रधानाध्यापकों, प्रभारी प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों से तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि 5 दिसंबर 2025 तक पीबीएल एमआइपी 3.7 अद्यतन प्रारंभ नहीं किया गया है। जिला व प्रखंडस्तर से बार-बार पत्र भेजने, फोन द्वारा संपर्क करने और बैठकों में निर्देश देने के बावजूद शिक्षकों द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं की गयी। विभाग ने इसे अत्यंत खेदजनक बताते हुए कहा है कि इस लापरवाही से जिले के संपूर्ण प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि शिक्षक और प्रधानाध्यापक तीन दिनों के अंदर अपने स्कूलों में पीबीएल एमआइपी 3.7 कार्यक्रम को पूर्ण कराएं और इसका स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। यह भी पूछा गया है कि आदेशों की अवहेलना और कार्य के प्रति उदासीनता के लिए उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई क्यों न की जाए। इसके साथ ही तत्काल प्रभाव से उक्त 121 संबंधित शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों का वेतन अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग की इस कड़ी कार्रवाई के बाद अब संबंधित स्कूलों में पीबीएल कार्यक्रम के शीघ्र क्रियान्वयन की उम्मीद की जा रही है, ताकि जिले के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार लाया जा सके।

## मानवाधिकार सामाजिक चेतना की नींव को मजबूत करता है : इं. नवीन सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** स्थानीय पवित्र बंधन पैलेस के शाश्वत सभागार में भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन नई दिल्ली की जिला इकाई रोहतास के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मानवाधिकार और सामाजिक चेतना विषय पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के तमाम बुद्धिजीवियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवीन सिन्हा और उपस्थित बुद्धिजीवियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर की। अपने अध्यक्षीय भाषण में इंजीनियर सिन्हा ने कहा कि मानवाधिकार मानवता की नींव है और सामाजिक चेतना उस नींव को मजबूत करने वाली शक्ति है।

# आपसी वर्चस्व की लड़ाई में जमकर चलीं गोलियां, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव में मंगलवार की रात दो गुटों में पूर्व की विवाद व आपसी वर्चस्व को लेकर कई राउंड फायरिंग हुई। गोलीबारी की घटना में दो युवक घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को इलाज के लिए ले गई। वहीं घटनास्थल से पुलिस ने 29 जिन्दा कारतूस, 21 खोखा (देशी पिस्टल का), 11 देशी कट्टा का खोखा, दो दुनाली बंदूक का खोखा, तीन पिस्टल का पिलेट, एक देशी कट्टा का फटा हुआ बैरल बरामद किया। एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि पकड़िया निवासी विमलेश सिंह के पुत्र रितिक कुमार व महुआरी निवासी सोनू कुमार व कौशल पासवान उर्फ सूर्या डॉन के बीच पूर्व से विवाद चल रहा था। वही मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे महुवारी निवासी सोनू कुमार उर्फ सूर्या डॉन अपने साथी नोखा थाना के कदवा निवासी राधा पासवान के साथ पकड़िया गांव पहुंच विमलेश सिंह के साथ हो हल्ला शुरू कर गोलीबारी करना शुरू कर दिया जिसके बाद विमलेश सिंह ने भी गोलीबारी शुरू कर दिया दोनों तरफ से रात में गोलियों की तड़तड़ाहट सुन ग्रामीणों सकते में पड़ गए। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंची तो गोली लगने से सोनू कुमार व राधा पासवान घायल अवस्था में पड़े हुए थे। पुलिस ने दोनों घायलों को उठा कर इलाज के लिए नारायण मेडिकल कालेज अस्पताल जमुहार ले गई। पुलिस ने घटना में शामिल विमलेश सिंह को घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एएसपी ने बताया कि घायल सोनू कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। एएसपी ने बताया कि घायल युवक की स्थिति चिंताजनक देख पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए वाराणसी भेजा गया है।

# सासाराम और रफीगंज स्टेशनों पर किलेबंदी कर चला सघन टिकट जांच अभियान

### 825 यात्री पकड़े गए, 3 लाख 83 हजार रुपए का राजस्व अर्जित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा की रोकथाम हेतु लगातार सघन जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सासाराम तथा रफीगंज स्टेशन पर किलेबंदी कर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। टिकट चेकिंग स्टाफ एवं सुरक्षा बल की पर्याप्त तैनाती करते हुए पूरे स्टेशन परिसर में प्लेटफॉर्म, पैदल पुल, प्रवेश/निकास के सभी बिन्दुओं पर एवं आवागमन वाली ट्रेनों में सघन टिकट जांच की गई। यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने की सलाह दी गई एवं जागरूकता भी बढ़ाई गई।

चेकिंग अभियान के दौरान विशेष रूप से 12397 गया- नई दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस में सघन टिकट चेकिंग की गई जिसमें बड़ी संख्या में बिना टिकट या उचित प्राधिकार यात्रा कर रहे व्यक्ति पकड़े गए। विभिन्न अन्य ट्रेनों में भी जांच की गयी। इस अभियान में कुल 825 यात्री बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करते पाए गए जिनसे जुर्माने के रूप में 03 लाख 83 हजार रुपए का राजस्व अर्जित किया गया। चेकिंग के दौरान टिकट काउंटर पर यात्रियों की भीड़ देखी गई। रेल प्रशासन सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे सदैव उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। टिकट काउंटर, वेबसाइट, मोबाइल एप एवं एटीवीएम के माध्यम से टिकट लेना अब और भी सरल हो गया है। बिना टिकट यात्रा करना दंडनीय अपराध है।

## वाल्मीकि महासभा ने की मुख्यमंत्री से मोहन राम को 'राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' में सदस्य बनाये जाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** वाल्मीकि महासभा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मोहन राम को 'राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' में सदस्य बनाये जाने की अपील की। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय सचिव राजकुमार राउत ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अनुरोध पत्र लिख कर भंगी समाज के मेहतर जातीय व्यक्ति मोहन राम को 'राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' में सदस्य बनाये जाने की मांग की है। राज कुमार राउत ने अपने लिखे पत्र में यह कहा है कि मोहन राम डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त, मेहतर सेवा संघ बिहार के अध्यक्ष हैं जो एक सुयोग्य, सुशिक्षित, अनुभवी एवं समाज के प्रति निष्ठावान व्यक्ति हैं, ये आजीवन गरीब व असहायों के हक व अधिकार के लिए आवाज को बुलंद करते रहे। इसके अलावे पत्रकारिता (लेखनी) के माध्यम से समाज के शोषितों व वंचितों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का भी काम करते हैं। आज इसी का प्रतिफल है जो इन्हें डॉ अंबेडकर फैलोशिप समान से नवाजा गया है। राज कुमार राउत ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कहा है कि यदि मोहन राम जैसे प्रतिभावान व्यक्ति को 'राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' में सदस्य बनाया गया तो ये आयोग के कार्यों का निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे तथा भंगी समाज के विकास हित में चार चांद लगाएंगे।

## मारपीट कर चार को किया जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपी बीघा में अमृतेश कुमार सिंह उनकी पत्नी व दो बेटियों को लाठी डंडे से पिटाई कर बुरी तरह जख्मी करने के मामले में नंदकिशोर सिंह समेत आधे दर्जन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विद्युत चोरी की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पतपुरा गांव में धावा दल ने महेंद्र राम को टोका लगा विद्युत चोरी करते पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार आरोपित के यहां से विद्युत ऊर्जा चोरी में प्रयुक्त पीवीसी तार को काटकर जब्त किया गया। इस संबंध में 17040 रुपए ऊर्जा राजस्व की क्षति की प्राथमिकी की गई है।

## 54 लीटर देसी शराब जब्त

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के चौधरी मोहल्ला में शराब तस्कर के झोपड़ी में छापेमारी कर 54 लीटर देसी मसालेदार शराब जब्त किया। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली कि देवनाथ पाल शराब भंडारण कर बिक्री कर रहा है।

## 14 को रामलीला मैदान में वोट चोरी के खिलाफ रैली में शामिल होने का कांग्रेस ने किया आह्वान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बुधवार को अतिआवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय इन्दिरा गांधी आश्रम सासाराम में आयोजित की गयी। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आह्वान पर दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसंबर 2025 को एक रैली आयोजित की गयी जिसमें मोदी सरकार द्वारा देश में एस आई आर के नाम पर मतदाताओं का वोटर लिस्ट से नाम हटा कर वोट चोरी करने का काम कर रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ने कार्यक्रम आयोजित कर वोट चोरी का विरोध करने का घोषणा किया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षक अमरजीत जायसवाल भी उपस्थित थे जिसमें अधिक से अधिक रोहतास जिला से कांग्रेसजन रैली में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जिला एवं प्रखंडों में संगठन सृजन का कार्यक्रम संगठन की मजबूती के लिए शुरू किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता रोहतास जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों में राजेश्वर कुशवाहा, डॉ शैलेश सागर, सुरेन्द्र दुबे, सासाराम नगर अध्यक्ष तौफीक अहमद मकरानी, डॉ मनोज कुमार, राजेश कुमार राजू, बक्शी जौहर अली, मनोज सिंह राजपूत, उमाशंकर कुशवाहा, अजय चौबे, मो. हसन, ललित ठाकुर, ज्ञान चंद ओझा, सौरभ कुशवाहा, रवि यादव, रवि शंकर सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## पेंशनर समाज ने शोकसभा आयोजन कर दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार पेंशनर समाज की विशेष बैठक उपसभापति गोपाल सिंह की अध्यक्षता में पेंशनर समाज के कार्यालय में हुई। बैठक में समाज के दिवंगत सदस्य एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व सचिव मुक्तेश्वर ओझा एवं सेवानिवृत्त सिरिस्तेदार मीर मोइनुद्दीन के निधन पर शोक सभा आयोजित कर दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व. ओझा शिक्षक संगठन के अलग विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य अपने जीवन काल में किए हैं तथा अपने गांव में हाई स्कूल का निर्माण कार्य एवं शिवसागर चेनारी पथ पर दो नदियों पर पुल का निर्माण ग्रामीण जनता के सहयोग एवं सरकारी अनुदान से कराया है। इसके साथ ही वे जनता के हित के लिए सदैव तैयार रहते थे। शोक सभा में मुख्य रूप से श्रीराम तिवारी, काशीनाथ पांडेय, मोहम्मद इरफान खान, हरिशंकर तिवारी, हामिद अली, अमरेंद्र नारायण सिंह, देवेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार राय, रामाशीष लाल, नागेंद्र प्रसाद सिंह सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध सासाराम में जागरूकता कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध बुधवार को 16 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय मोर सराय, रोहतास में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महिला एवं बाल विकास निगम रोहतास के जिला परियोजना प्रबंधक, मोहम्मद शमीम अंसारी एवं डीएचइडब्लू रोहतास के कर्मी यथा जिला मिशन सामन्यक, वित्तीय साक्षरता में विशेषज्ञ, लेखा सहायक तथा वन स्टॉप सेंटर के केंद्र प्रशासक, अंशकालिक अधिवक्ता के द्वारा बालिकाओं के बीच बाल विवाह मुक्त भारत, जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध रोकथाम, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टॉप सेंटर एवं महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रोत्साहन के तौर पर बालिकाओं को डीएचइडब्लू रोहतास द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लोगोयुक्त डायरी वितरण किया गया।

## शराब के साथ गिरफ्तार, बाइक जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** पुलिस ने बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भरतालवा स्कूल के समीप छापेमारी कर 25 लीटर अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि जोगिया निवासी सुशील बिंद को शराब की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 25 लीटर देशी शराब व एक बाइक भी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।


अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड — Depositor Education and Awareness Fund

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in


# अमेरिकी अप्रवासी संजय ने की अखिलेश के कार्यों की सराहना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** पिछले रविवार को रोहतासगढ़ किला परिसर में आयोजित शाहाबाद महोत्सव में शामिल होने आए अप्रवासी भारतीय संजय सिंह ने अखिलेश कुमार के नेतृत्व में अपने ऐतिहासिक सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सहेजते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जारी अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि विकसित बिहार के सपने को साकार करने में शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के बैनर तले चलाए जा रहे अभियान मील के पत्थर साबित होंगे। उन्होंने रोहतासगढ़ को विश्व के सबसे प्राचीनतम धरोहर बताते हुए अब तक इसे अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर नहीं आने पर आश्चर्य व्यक्त किया और भरोसा दिलाया है मेरे जैसे अमेरिका सहित अन्य देशों में रहने वाले अप्रवासी भारतीय अपने सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि अखिलेश कुमार और शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अन्य सदस्यों का भागीरथ प्रयास आने वाले दिनों में सफल होगा। संजय सिंह ने कहा कि बिहार का माहौल सकारात्मक हुआ है, ऐसे में आर्थिक विकास के साथ अपने गौरवशाली सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने की जिम्मेदारी हम सबों की बनती है तथा अखिलेश कुमार के नेतृत्व इसमें अहम भूमिका निभा रहा है। इसलिए सभी को इस रचनात्मक कार्य में सकारात्मक सहयोग करने की जरूरत है और उसमें अप्रवासी पीछे नहीं रहेंगे।

## खेलकूद बच्चों के जीवन में पढ़ाई-लिखाई की तरह आवश्यक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज के खेल मैदान में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता- 2025 का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीडीयू मंडल के वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी सह अधिशासी अधिकारी रेलवे इंटर कॉलेज उज्ज्वल आनंद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य शिव कुमार द्वारा मुख्य अतिथि को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। एनसीसी कैडेट्स द्वारा आकर्षक मार्च-पास्ट किया गया। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को खेल के नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि उज्ज्वल आनंद ने गुब्बारा उड़ाकर खेलकूद प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेलकूद बच्चों के जीवन में पढ़ाई-लिखाई की तरह ही आवश्यक है। इससे बच्चों में अनुशासन, नियमों का पालन और टीम भावना का विकास होता है। इस अवसर पर खेलकूद प्रभारी शिक्षक शिव नारायण तथा अन्य अध्यापकगण सरवर अजीम, हरिश्चंद्र प्रसाद, राम सिंगार यादव, प्रकाश चंद्र प्रियदर्शी, सुनील कुमार सिंह, एस.के. ओझा सहित सभी शिक्षकों की उल्लेखनीय भूमिका रही।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा--711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/4/हावड़ा। ई-निविदा सं. 219_2025-26, दिनांक 09.12.2025, कार्य का विवरण:** एईएन/बीएचपी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीएचपी के अधिकार क्षेत्र में संलग्न शौचालय के साथ महिलाओं के लिए वस्त्र बदलाव कक्ष का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** रु. 56,06,790.65; **बयाना राशि:** रु. 1,12,100। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 9 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 31.12.2025 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ ऊपरोक्त वेबसाइट के जरिए नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी : आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-451/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पेंशन व कल्याणकारी योजनाओं की कम उपलब्धि पर डीएम सख्त



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में सामाजिक सुरक्षा निदेशालय अंतर्गत संचालित पेंशन एवं गैर पेंशन योजनाओं की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में प्रभारी सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग अमरनाथ कुमार द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी योजनाओं की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना अंतर्गत नवादा जिले में कुल 20,264 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 12,829 आवेदन स्वीकृत, 348 अस्वीकृत तथा 7,087 आवेदन लंबित पाए गए। योजना का लक्ष्य 14,196 होने के विरुद्ध उपलब्धि 90.37 प्रतिशत दर्ज की गई। प्रखंड सिरदला, नरहट एवं काशीचक में लक्ष्य के विरुद्ध सबसे कम उपलब्धि पाई गई, जिस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप आवेदन सृजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बिहार निःशक्तता पेंशन योजना अंतर्गत कुल 758 आवेदन स्वीकृत हुए, जिसकी लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि 52.06 प्रतिशत रही। प्रखंड पकरीबरावां, रोह, नारदीगंज एवं अकबरपुर में कम उपलब्धि पाए जाने पर जिलाधिकारी ने लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत कुल 890 आवेदन स्वीकृत हुए, जिसकी लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि 44.46 प्रतिशत दर्ज की गई। उपलब्धि अत्यंत कम होने पर जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना में कुल 144 आवेदन स्वीकृत हुए और उपलब्धि 79.12 प्रतिशत रही। प्रखंड काशीचक, अकबरपुर एवं वारिसलीगंज में उपलब्धि कम रहने पर जिला पदाधिकारी ने लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने का निर्देश दिया।

इसके साथ ही बीपीएल परिवारों के लिए संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना तथा कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना की उपलब्धि संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि आरटीपीएस काउंटरों पर कार्यरत डाटा ऑपरेटरों को बीपीएल सूची उपलब्ध कराई जाए तथा बीपीएल परिवारों को इन सभी योजनाओं से आच्छादित किया जाए। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि सभी योजनाओं की लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रखंड स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## डीडीसी ने की जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। उप विकास आयुक्त श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गयी। इस बैठक में मुख्य रूप से खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 अंतर्गत आच्छादित लाभुकों की स्थिति, राशन कार्ड निर्माण, राशन कार्ड टैगिंग, जन वितरण प्रणाली दुकानो की पीडीएस परख ऐप से निरीक्षण इत्यादि विषयों की विस्तृत समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी सहायक गोदाम प्रबंधक एवं डीएसडी अभिकर्ताओं को निदेश दिया गया कि वे आपसी समन्वय स्थापित कर प्रत्येक माह के 15 तारीख तक हर हाल में शत्-प्रतिशत खाद्यान्न का उठाव सुनिश्चित करेंगें एवं सभी प्रखण्ड आपूर्ति निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र में स्थित जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के माध्यम से शत्-प्रतिशत खाद्यान्नों का वितरण सुनिश्चित करेंगें ताकि कोई भी लाभुक खाद्यान्न से वंचित न रहे। साथ ही सभी प्रखण्ड आपूर्ति निरीक्षक जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के माध्यम से शत्-प्रतिशत लाभुकों का ई-केबाईसी करना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नालंदा, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, नालंदा , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,महामंत्री फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन, सभी प्रखण्डों के आपूर्ति निरीक्षक, सभी टी०पी०डी०एस० सहायक गोदाम प्रबंधक एवं संबंधित डी०एस०डी० अभिकर्ता मौजूद रहे।

## आपदा से निपटने के लिए की मॉक ड्रिल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। अग्निशमन कार्यालय में किसी भी आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ अग्निशमन सेवा एवं मेडिकल की टीम ने हिस्सा लिया। एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट ललन कुमार ने बताया कि यह मॉक ड्रिल केमिकल टैंकर में गैस रिसाव की सूचना पर तत्काल बचाव की तैयारी को लेकर किया गया था। एनडीआरएफ की टीम ने विशेष उपकरणों की मदद से गैस रिसाव स्थल पर रिस्क असेसमेंट, गैस डिटेक्शन और तकनीकी नियंत्रण की प्रक्रिया का भी सफल प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि किसी भी आपदा की स्थिति में निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम पूरी तरह तैयार है। अभ्यास में यह प्रदर्शित किया गया कि सीबीआर एन घटना की स्थिति में त्वरित सूचना संप्रेषण, वैज्ञानिक प्रतिक्रिया तथा विभागीय समन्वय किस प्रकार सुनिश्चित किया जाता है। अभ्यास में आयुध निर्माण, यातायात पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा, आपदा प्रबंधन एवं नालंदा समाहरणालय के कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों ने विभागीय प्रतिक्रिया, समन्वय, संसाधन अंतराल और सुधारात्मक उपायों पर विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम में उप-कमांडेंट (एनडीआरएफ, 9वी बटालियन बिहटा, पटना), प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन, तथा सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, नालंदा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मंडल कारा में बंदी दरबार आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस तथा बिहार मानवाधिकार आयोग के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर 2025 (बुधवार) को मंडल कारा, नवादा के प्रांगण में बंदी दरबार कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बीएचआरसी, पटना द्वारा संकलित विधि जागरूकता पुस्तक का विमोचन सभी अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा आधुनिक मुलाकाती घर का उद्घाटन भी किया गया। इस नवनिर्मित व्यवस्था के माध्यम से बंदी एवं उनके परिजन इंटरकॉम (टेलीफोन) के माध्यम से पारदर्शी शीशे के सामने आमने-सामने बैठकर मुलाकात कर सकेंगे, जिससे बंदियों के अधिकारों की सुरक्षा तथा गोपनीयता सुनिश्चित होगी। बंदी दरबार के दौरान कई बंदियों ने अपनी समस्याएं जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने बंदियों को मानवाधिकारों के साथ-साथ उनके कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार मानवाधिकारों की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कारा के महिला खण्ड में वृक्षारोपण कर बंदियों को पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। अंत में, जिला पदाधिकारी द्वारा अधीक्षक, मंडल कारा, नवादा को सभी बंदियों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## बड़ेल पंचायत में प्रोडक्ट प्रदर्शनी का भव्य आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। शहर के बड़ेल पंचायत स्थित ममता हार्डवेयर में बुधवार को प्रोडक्ट प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद की अध्यक्ष पिंकी कुमारी ने किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने कहा कि जिले में विकास की गति तेज़ी से बढ़ रही है और ऐसे औद्योगिक आयोजन स्थानीय व्यापार को नई दिशा प्रदान करते हैं। प्रतिष्ठान के संचालक मुकेश कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी में पंजाब, हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। खास तौर पर पैरिन कंपनी के एमडी नीरू कांगसागरा, शेरा के जोनल हेड जाकिर अहमद सहित अन्य प्रतिनिधियों ने अपने नवीनतम प्रोडक्ट्स को लॉन्च किया। कार्यक्रम में संजय साव, रवि रंजन, जमीर उद्दीन सहित जिले के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने इसे सफल आयोजन बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रखने की बात कही।

## मंडल कारा व नवादा विधि महाविद्यालय में विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के बैनर तले दिनांक 10 दिसंबर 2025 को मंडल कारा, नवादा तथा नवादा विधि महाविद्यालय में विधिक जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन एवं सचिव धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देशन में संपन्न हुए।

मंडल कारा में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी, नवादा, जेल अधीक्षक, जेल प्रशासन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के जेल विजिटिंग लॉयर मो० साजिद अयुब खान, उमेश्वर प्रसाद सिंह, रूपम कुमारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पीएलवी अजय कुमार अकेला, लोक अदालत के पेशकार सुशील कुमार एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की संयुक्त उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि कानून की जानकारी के अभाव में आमजन एवं बंदी अनेक समस्याओं का सामना करते हैं तथा कई बार उनका आर्थिक एवं मानसिक शोषण भी होता है। वक्ताओं ने सभी बंदियों को उनके मूल अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

नवादा विधि महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के अमन जैन, लीगल एड डिफेंस कॉन्सेल, पी०एल०वी० निरंजन कुमार, महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों की संयुक्त उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर जिले के अन्य विद्यालयों में भी मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों, बंदियों तथा आमजन को उनके अधिकारों एवं कानून की जानकारी उपलब्ध कराना तथा समाज में विधिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था।

## मुआवजा के लिए भड़के ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा में मंझवे–ककोलत मुख्य पथ के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य के लिए अर्जित भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर अकबरपुर प्रखंड के पैजुना पंचायत के ग्रामीणों का आंदोलन बुधवार को उग्र हो गया। बड़ी संख्या में प्रभावित रैयत ककोलत रोड पर जमे रहे और सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया।

आंदोलन का नेतृत्व सुबोध कुशवाहा, शैलेन्द्र कुमार, रंजीत कुमार सहित कई स्थानीय लोगों द्वारा किया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्पष्ट निर्देश और भूमि मुआवजा निर्धारण से जुड़ी समिति की रिपोर्ट के बावजूद उन्हें अब तक उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है।

प्राप्त प्रशासनिक आदेश के अनुसार, जिला समाहरणालय, नवादा (भू-अर्जन शाखा) ने 22 अप्रैल 2025 को पत्रांक 605 के माध्यम से विभिन्न केंद्रीय व राज्य परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित भूमि के किस्म व प्रकार के वर्गीकरण हेतु पाँच सदस्यीय समिति का गठन किया था। समिति में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सह-सदस्य सचिव, अवर निषादक, उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी तथा भूमि सुधार उप समाहर्त्ता शामिल हैं। आदेश में स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि एसएच-103 (मंझवे–गोविंदपुर पैकेज-7) के अंतर्गत विभिन्न मौजों की भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक किस्म व मूल्यांकन का प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। इसी क्रम में ककोलत रोड मुआवजा समिति द्वारा रैयतों की ओर से जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में भी कहा गया है कि पैजुना, डीही, रौनक, चकफतेह, रसाईं, ककोलत समेत अन्य गांवों की भूमि का मुआवजा 2014 की अद्यतन सर्किल दरों एवं बाजार मूल्य के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए। समिति के संयोजक सैय्यद मसीहउद्दीन ने प्रशासन को भेजे पत्र में कहा है—"रैयतों की जमीन सड़कों के निर्माण में चली गई है, किंतु उन्हें उचित राशि नहीं मिल पा रही है। कई स्थानों पर भूमि की श्रेणी गलत दर्ज कर दी गई है, जिससे मुआवजा कम तय हुआ। सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप वास्तविक मूल्यांकन कर रैयतों को न्यायपूर्ण भुगतान किया जाना आवश्यक है।" रैयतों का कहना है कि 12 माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो पुनर्मूल्यांकन पूरा हुआ है और न ही भुगतान प्रक्रिया शुरू की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक मुआवजे की प्रक्रिया पारदर्शी रूप से पूरी नहीं होती, तब तक सड़क निर्माण को आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। स्थानीय प्रशासन हालात को नियंत्रित करने में जुटा है और आश्वासन दिया गया है कि समिति की रिपोर्ट के आधार पर योग्य रैयतों को मुआवजा दिलाने की कार्रवाई शीघ्र की जाएगी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। समाहरणालय सभाकक्ष जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले में विधि-व्यवस्था, मद्य निषेध, अवैध खनन, भूमि विवाद, बाल श्रम उन्मूलन तथा किशोर श्रम निषेध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने मद्य निषेध से संबंधित सभी मामलों की गहन समीक्षा करते हुए बताया कि इस वर्ष शराब बरामदगी में वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि विदेशी शराब की बरामदगी में गत वर्ष की तुलना में कमी पाई गई है। उन्होंने पुलिस एवं उत्पाद विभाग को विदेशी शराब की बरामदगी बढ़ाने, होम डिलीवरी में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने तथा आपसी समन्वय के साथ त्वरित सूचना साझा करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि नीलामी के लिए 560 वाहन अब भी लंबित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने उत्पाद अधीक्षक को नीलामी प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही 19,000 लीटर से अधिक शराब के विनष्टीकरण में देरी पाए जाने पर पुलिस एवं उत्पाद विभाग को इसे शीघ्र नष्ट करने का आदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कठोर एवं सतत कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने सरेंडर किए गए घाटों की पुलिस द्वारा विशेष निगरानी करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी।

## इंटर स्कूल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। बुधवार को नालंदा सहोदया क्लस्टर द्वारा आयोजित दस दिवसीय इंटर स्कूल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन सीता शरण मेमोरियल स्कूल, भतहर थरथरी के प्रांगण में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी थरथरी गौरी कुमारी, अतिथि सदर आलम मेमारियल स्कूल के प्राचार्या रूबीना निशात, डैफोडिल के निदेशक रविचन्द कुमार, सीताशरण के निदेशक डा० संजय कुमार, प्राचार्य संजय कुमार, एवं कैरियर पब्लिक स्कूल प्राचार्य ई० संदीप कुमार, उपप्राचार्या अणुप्रिया भारती मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों के मनोबल को बढाते हुए उन्होने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते है। भविष्य में ऐसे खेल आयोजनों का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। बालिका कबड्डी के आज के पहले मैच में सेंट मैरी इंग्लिश स्कूल, बरबीघा और आरपीएस स्कूल कचहरी के बीच खेले गये मैच में कडा संघर्ष रहा, लेकिन मैच के अंतिम चरण तक दोनो टीमें ने (47 प्वाइंटस) लेकर बराबरी पर समापन हुआ लेकिन निर्णायक क्षणों में गोलडेन रेड के तहत आरपीएस स्कूल कचहरी (02 प्वाइंटस) से विजयी हुए। दूसरा मैच विद्या ज्योति स्कूल, भातु बिगहा एवं आरपीएस स्कूल, मकनपुर के बीच खेला गया जिसमें विद्या ज्योति स्कूल, भातु बिगहा ने (85 प्वाइंटस) और आरपीएस स्कूल, मकनपुर को (26 प्वाइंटस) मिले। जिसमे विद्या ज्योति स्कूल,भातु बिगहा ने बड़े अंतर से आरपीएस स्कूल, मकनपुर को हराया।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार व हिलसा कार्यालय का मना स्थापना दिवस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। शहर के योगीपुर रोड स्थित द्वारिका नगर में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस एवं हिलसा कार्यालय का 12वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अधिवक्ता मो मोख्तार सालेह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के माध्यम से दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा को मदद करने का काम किया जाता है। साथ ही बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जागरूकता चलाया जाता है। कार्यालय अध्यक्ष बेबी सिन्हा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार का लोगों की निःशुल्क मदद करना ही दायित्व है,विधिक सलाहकार दिलीप कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी एक सप्ताह के अंदर भ्रष्टाचार निवारण हेतु जिले में एंटी करप्शन आफ इंडिया नई दिल्ली का कार्यालय का उद्घाटन शीघ्र किया जाएगा जिसमें प्रशासनिक और विभागीय कार्यालय से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले दर्ज किए जाएंगे और भ्रष्टाचार से संबंधित निवारण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही मानवाधिकार अध्यक्ष ने कहा कि न्यायालय में कई पीड़ित महिलाओं का मामला दहेज प्रताड़ना इत्यादि से संबंधित वर्षों से लंबित है जिसके निष्पादन के लिए उन्होंने मुख्य न्यायाधीश से एवं भारत सरकार से अपील किया कि पीड़ित महिलाओं को जल्द से जल्द न्याय दिलाने के लिए स्पीडी ट्रायल का निर्धारण करने का आग्रह किया ताकि पीड़ित महिलाओं को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।

## एक नजर

### ममता कुमारी बनीं विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव

**पकरीबरावां**। बुधवार को पकरीबरावां प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी में विद्यालय शिक्षा समिति का गठन किया गया। वार्ड सदस्य मनोरमा देवी की अध्यक्षता में पर्यवेक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा की देख रेख में एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रहलाद कुमार की उपस्थिति में विद्यालय शिक्षा समिति का गठन हुआ। ममता कुमारी को विद्यालय शिक्षा समिति का सचिव चुना गया। रीना देवी, मीना देवी, इन्दु देवी, गौरी देवी, मिन्ता देवी, लालो देवी, एवं सोनमंती देवी को सदस्य चुना गया। विद्यालय के वरीय शिक्षक धीरज कुमार, बाल संसद की मनीषा कुमारी एवं मीना मंच की खुशबू कुमारी को शिक्षा समिति में शामिल किया गया है। शिक्षा समिति के सचिव एवं सदस्य के चयन के बाद पर्यवेक्षक ने शिक्षा समिति के दायित्वों की जानकारी दी।

### शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के मेंहदीपुर में छापेमारी कर शराब जब्त किया है। प्रशिक्षु डीएसपी पौरुष अग्रवाल ने बताया कि मेंहदीपुर से पांच लीटर शराब जब्त किया गया है। इस मामले में संतोष चौहान को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पकरीबरावां- रेवार पथ कई जगहों पर जर्जर

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां- रेवार संपर्क पथ कई जगहों पर जर्जर हो गया है। इस संपर्क पथ पर कई जगहों पर गड्ढे हो गए हैं। जर्जर सड़क के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। संपर्क पथ जवाहर नवोदय विद्यालय रेवार सहित अन्य कई शैक्षणिक संस्थानों को जोड़ता है।

### पीड़ित परिवार से मिल विधायक ने जताई संवेदना

**कौआकोल**। कौआकोल के जोगाचक गांव स्थित खलिहान में रखे एक दर्जन से अधिक किसानों के धान की पूंज में आग लग जाने से लाखों रुपये का धान बिचाली सहित जलकर राख हो गया। इस आगजनी की घटना के बाद स्थानीय विधायक बिनीता मेहता ने बुधवार को जोगाचक गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाक़ात की तथा लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। इस दरम्यान वहां मौजूद राजस्व अधिकारी अनीश कुमार को हुए क्षति का जायजा लेते हुए अविलम्ब प्रशासनिक स्तर से सहायता राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर जिला पार्षद सह भाजपा नेता अजित यादव,रालोमो के वरिष्ठ नेता विनय मेहता सहित दर्जनों एनडीए समर्थित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दिव्यांगजन सशक्तिकरण को लेकर शिविर आयोजित

**रजौली**। प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित बुनियाद केन्द्र में बुधवार को मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र 'संबल' योजना के अंतर्गत बैट्री चालित ट्राईसाईकिल एवं सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग के आवेदन प्राप्त करने हेतु विशेष शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक किया गया। इस दौरान चिकित्सकीय टीम में पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला, डॉ. संजय सिंहा, सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट गौरव कुमार, केयर गिवर जुली कुमारी एवं ऑडियो टेक्नीशियन राजमणि चौधरी मौजूद रहे। पीएचसी प्रभारी ने बताया कि मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण को लेकर बुनियाद केन्द्र में एकदिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 30 दिव्यांगजनों ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु आवेदन दिया, जिसकी जांच चिकित्सकीय टीम द्वारा किया गया। वहीं सुनने की समस्या से परेशान लोगों की जांच की गई। साथ ही 12 कृत्रिम अंग के लिए से आवेदन प्राप्त हुआ है एवं 7 लोगों ने बैट्री चलित ट्राईसाइकिल हेतु आवेदन प्राप्त हुआ। इस शिविर में कुल 49 लोगों को लाभ मिला, जिनमें दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु आवेदन देने वाले 30 दिव्यांगजन, सुनने की समस्या से परेशान लोग, कृत्रिम अंग के लिए आवेदन देने वाले 12 लोग एवं बैट्री चलित ट्राईसाइकिल हेतु आवेदन देने वाले 7 लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र 'संबल' योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करना है। इस योजना के तहत दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राइसाइकिल, कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण प्रदान किए जाते हैं।

### विभिन्न मांगों को लेकर महाधरना

**नवादा**। अतिपिछड़ा अधिकार मंच के बैनर तले बुधवार को नवादा नगर थाना के समक्ष एकदिवसीय महाधरना का आयोजन किया गया। जिसमें अतिपिछड़ा अधिकार मंच के दर्जनों सदस्य एवं समाजसेवी शामिल होकर अपनी मांग को रखा। धरने पर बैठे लोगों नवादा जिले काशीचक में सन्नी नामक युवक की हत्या मामले में जिला प्रशासन से स्पीडी ट्रायल कर कांड में संलिप्त अभियुक्तों को अविलंब गिरफ्तार करने, अतिपिछड़ा, अल्पसंख्क , शोषित, दलित और वंचित समाज पर हो रहे अत्याचार और उत्पीडन्न को बंद करने, सन्नी हत्याकांड को सीबीआई से जांच कर अविलंब कार्रवाई करने और एससी/एसटी एक्ट की तरह अतिपिछड़ा अत्याचार निवारण कानून लागू करने आदि का मांग की है। जिससे प्रशासन पर से भरोसा उठ रहा है। अगर प्रशासन अविलंब कार्रवाई नहीं करते हैं तो हमलोग चरणबद्ध आंदोलन चलाकर अपनी मांग को रखेंगे।

### उद्घाटन मुकाबले में नवादा वारियर्स की टीम जीती



**नवादा**। जिला क्रिकेट संघ नवादा से निबंधित चैलेंजर ट्रॉफी अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन गोविंदपुर विधायक विनीता मेहता के द्वारा कादिरगंज हाई स्कूल के मैदान में किया गया। विनीता मेहता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का विधिवत्त उद्घाटन किया। आज के मैच में कादिरगंज कोबरा की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीस ओवर में 100 बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें अंकित कुमार ने 19 मोहित राज ने 18 जबकि जितेंद्र कुमार ने 11 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिए। गेंदबाजी करते हुए नवादा वारियर्स के गेंदबाज आदित्य ने तीन जबकि सचिन राज एवं अमर फैज ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवादा वारियर्स की टीम मात्र 13वे ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 102 रन बनाकर मैच को आसानी से जीत लिया बल्लेबाजी करते हुए नवादा बैरियर्स के बल्लेबाज राज ने शानदार अर्धशतक वामन रन जबकि विवेक को मारने 32 रनों की पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिला दी नवादा वारियर्स के दोनों बल्लेबाज रन आउट के रूप में अपना विकेट गवाए। आज सुबह उद्घाटन मुकाबले से पूर्व दोनों ही टीमों एवं विशिष्ट अतिथियों ने राष्ट्रगान गाकर मैच प्रारंभ करवाया गया एवं खिलाड़ियों को अनुशासन के साथ खेलने की नसीहत दी आज के उद्घाटन मुकाबले में विशिष्ट अतिथि के रूप में बनमाला सिन्हा, निशु भारती प्रहलाद कुमार भी मौजूद रहे। साथ ही साथ जिला क्रिकेट संघ के सचिव राकेश कुमार, उपाध्यक्ष रंजन सिंहा, प्लेयर्स प्रतिनिधि मनीष गोविंद, कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे, बीसीए मैनेजर मनीष आनंद, बबलू वर्मा, रितेश कुमार पंकज केसरी भी मौजूद रहे।

### बिहार में बुलडोज़र कार्रवाई मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। जनसुराज पार्टी ने बिहार के गरीबों, फुटपाथी दुकानदारों और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले परिवारों पर चल रही बुलडोज़र कार्रवाई को अमानवीय और असंवैधानिक बताते हुए इस पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। जनसुराज पार्टी के प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भेजे ई-मेल में कहा कि आज जब पूरा देश मानवाधिकार दिवस मना रहा है,बिहार में गरीबों की झोपड़ियां और फुटपाथी दुकानें तोड़ी जा रही हैं,महिलाएं खुली ठंड में रो रही हैं और बच्चे सहम कर मां के सीने से चिपके हुए हैं तथा बुज़ुर्ग अपनी जीवनभर की कमाई को मलबे में बदलते देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में गरीबों को बेघर करना मात्र प्रशासनिक कठोरता नहीं बल्कि मानवाधिकार का सीधा और क्रूर उल्लंघन है। पुनर्वास और वैकल्पिक ब्यावस्था किए बिना और नोटिस दिये बेगैर घरों को तोड़ना संविधान और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइनों का स्पष्ट उल्लंघन है। इस प्रकार यह विकास नहीं, गरीबों को मिटाने वाला बुलडोज़र मॉडल है।

# टैक्स वसूली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : नगर आयुक्त

## नगर आयुक्त ने राजस्व बढ़ोतरी को लेकर बैठक में दिये दिशा-निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** टैक्स वसूली में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निगम के 53 वार्डों में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जाये। शहर में स्वच्छता, सड़क निर्माण, रोशनी व्यवस्था और पेयजल आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं के सुधार में राजस्व की बढ़ोतरी महत्वपूर्ण होती है। इसलिए निगम की प्राथमिकता है कि सभी करदाता तक पहुंच बनायी जाये। उन्हें समय पर टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित किया जाये। यह बातें नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने बुधवार को राजस्व संबंधित बैठक में कहीं। बैठक में विभिन्न कर मदों से होने वाली वसूली, बकायेदारों पर कार्रवाई, सरकार की ओर से जारी विशेष योजनाओं का प्रभाव और आगामी महीनों में राजस्व लक्ष्य को पूरा करने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गयी। समीक्षा में राजस्व शाखा की ओर से कुल लक्षित भवनों के विरुद्ध अब तक 60 प्रतिशत भवनों से राजस्व की वसूली हुई। नगर आयुक्त ने सभी राजस्व निरीक्षकों और कर्मियों को निर्देश दिया कि हर वार्ड में लंबित मामलों की सूची तैयार कर अभियान चलाया जाये। ताकि आगामी तिमाही में और अधिक वसूली सुनिश्चित हो सके। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि राजस्व वृद्धि से निगम की विकास योजनाओं को गति मिलेगी और कई बंद प्रोजेक्ट्स को भी आगे बढ़ाया जा सकेगा। करदाताओं के सहयोग और निगम की सक्रियता से नगर निगम ने एक सकारात्मक दिशा में कदम बढ़ाया है जिसे आगे भी इसी गति से जारी रखने की जरूरत है।




बैठक के दौरान यह जानकारी सामने आयी कि सरकार की वन टाइम सेटलमेंट योजना को लेकर निगम में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया था। उसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। इस योजना के तहत अब तक लगभग दो करोड़ रुपये की वसूली हुई है। नगर आयुक्त ने बताया कि कई वर्षों से बकाया टैक्स नहीं जमा करने वाले कई बड़े करदाताओं की ओर से अब तक 5872 होल्डिंग का टैक्स भुगतान किया गया है। इससे न केवल निगम का राजस्व बढ़ा है, बल्कि भविष्य में नियमित कर भुगतान की आशा भी प्रबल हुई है। मानपुर स्थित दया इंजीनियरिंग वर्क्स ने 28 लाख रुपये टैक्स देकर सेटलमेंट किया है। उनके ओर से योजना के तहत लगभग 29 लाख की बचत की गयी। इसी प्रकार कई अन्य बड़े बकायेदार भी सरकार की योजना का लाभ ले रहे हैं। समीक्षा बैठक में उप नगर आयुक्त शशिकांत, टाउन प्लानर, राजस्व पदाधिकारी व कर्मी सहित अन्य मौजूद थे।

## मकान निर्माण न करने वाले लाभुकों के विरुद्ध नप प्रशासन ने की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत राशि का उठाव करने के बावजूद मकान निर्माण न करने वाले लाभुकों के विरुद्ध नप प्रशासन द्वारा कानूनी कार्रवाई करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। नप क्षेत्र के दस लाभुकों को चिन्हित कर सर्टिफिकेट केस करने को लेकर म्युनिसिपल सिविल इंजीनियर को आदेश दिया गया है। नप कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार झा ने बताया कि नियम के अनुसार तीन नोटिस व बार-बार समय देने के बावजूद राशि प्राप्त करने वाले दस लाभुकों द्वारा मकान निर्माण नहीं शुरू किया गया। लाभुकों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस हो जाने के बाद पूरी राशि के साथ सरकारी नियामानुसार ब्याज सहित राशि वापस करना होगा। राशि जमा नहीं करने पर सजा का भी प्रावधान है। नगर प्रबंधक मोहित कुमार ने बताया कि सर्टिफिकेट केस के दायरे में आने वाले सभी लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के तहत लाभ दिया गया था। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी लाभुकों द्वारा मकान निर्माण नहीं किया गया। म्युनिसिपल सिविल इंजीनियर बबलू कुमार बादल ने बताया कि क्षेत्र के युगल किशोर पासवान, नवीनचंद्र मिश्र, जगन्नाथ अवस्थी, नीतू देवी, रिंकू देवी, गुड़िया देवी, सरोज देवी, सविता देवी, फुला देवी, रिंकी देवी व अन्य के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस किया जाएगा। बुधवार को नगर प्रबन्धक मोहित कुमार व सिविल इंजीनियर बबलू बादल ने चिन्हित लाभुकों के निर्माण स्थल का जायजा लिया व सर्टिफिकेट केस की जानकारी दी। वहीं पीएम आवास योजना 2.0 के तहत भी लाभ प्राप्त करने वाले लाभुकों को मकान निर्माण न करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने गयाजी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के तहत कई महत्वपूर्ण कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत वार्ड 33, पुलिस लाइन रोड स्थित विकास संघ सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार कार्य का 6 लाख 72 हजार रुपये की लागत से शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत वार्ड 44, खटका चक में 17 लाख 44 हजार 668 रुपये की लागत से पथ और नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसी योजना में वार्ड 44, माड़नपुर में 67 लाख 95 हजार 689 रुपये की लागत से पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। वार्ड 46, मुखिया कॉलोनी में 20 लाख 39 हजार 532 रुपये की लागत से पथ और नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। वार्ड 44, रुकमिणी तालाब के पास 34 लाख 95 हजार 781 रुपये की लागत से पार्क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत चौधरी घाट के जीर्णोद्धार कार्य का 21 लाख 68 हजार 974 रुपये की लागत से शिलान्यास हुआ। वार्ड 44 में माड़नपुर मुख्य पथ से दया प्रकाश सरस्वती विद्यालय होते हुए रोप वे तक तैयार पथ का उद्घाटन होने पर स्थानीय लोगों ने खुशी जताई। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि 2013 में विद्यालय की स्थापना के बाद पहली बार सड़क निर्माण संभव हुआ है। विद्यालय में 2316 छात्र-छात्राएं, 73 शिक्षक और 38 कर्मचारी अध्ययनरत और कार्यरत हैं जिन्हें अब आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने भी इन विकास कार्यों के लिए प्रेम कुमार के प्रयासों की सराहना की। विकास कार्यों के दौरान रामपुकार सिंह, शशि सिन्हा, मुखिया राकेश सिंह, सुरेंद्र यादव, कमल लाल बारीक, वीरेंद्र राउत, बबन बारीक, विनय सिंह, अशोक सिंह, गोपी नाथ, शंकर सिंह, विनोद पासवान, देवानंद पासवान और धीरू सिन्हा गौतम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र की लंबे समय से लंबित आवश्यकताओं की पूर्ति होगी और स्थानीय आधारभूत संरचना में उल्लेखनीय सुधार आएगा।




## सड़क हादसे में डिलीवरी ब्वॉय की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के नेवधी निवासी 27 वर्षीय बाइक सवार विक्की कुमार चंद्रवंशी (पिता-सोमनाथ राम) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना मंगलवार देर रात करीब 8 बजे कैलाशमठ-निसुरपुर गांव के बीच हुई जहां उनकी बाइक में एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। बताया गया कि विक्की ऑनलाइन सामान की डिलीवरी का कार्य करते थे और टिकारी से अपना काम समाप्त कर गांव लौट रहे थे, तभी हादसा हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें गंभीर अवस्था में अनुमंडलीय अस्पताल टिकारी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के उपरांत उनका शव स्वजनों को सौंप दिया गया।

# इमामगंज अंचल में तीन दर्जन से अधिक दिव्यांगों को मिली ट्राई साइकिल, एसडीओ ने किया वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** अनुमंडल क्षेत्र के इमामगंज अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) मनीष कुमार द्वारा तीन दर्जन से अधिक दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर लाभार्थियों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान एसडीओ मनीष कुमार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में पात्र दिव्यांग व्यक्तियों को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि वे आसानी से आवागमन कर सकें और दैनिक कार्यों में किसी पर निर्भर न रहें। एसडीओ ने कहा कि सरकार की मंशा है कि दिव्यांग भाई-बहनों को वे सभी सुविधाएं मिले जिनसे उनकी जीवनशैली बेहतर हो सके। उन्होंने संबंधित विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि ऐसे सभी पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार की जाए जिन्हें अभी तक योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। ताकि उन्हें भी जल्द से जल्द सहायता दी जा सके। दिव्यांगजनों ने सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ट्राई साइकिल मिलने से उनके दैनिक जीवन में सहूलियत बढ़ेगी और आने-जाने में होने वाली कठिनाइयां काफी कम होंगी। कार्यक्रम में कई स्थानीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। प्रशासन ने आगे भी इस प्रकार की योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने का आश्वासन दिया।



# नवादा गांव में कहा-सुनी के बाद युवक को मारी गोली, हालत स्थिर, पुलिस ने शुरू की छानबीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के नवादा गांव में बुधवार सुबह आपसी विवाद ने विकराल रूप ले लिया जिसके दौरान गांव के ही युवक नीरज कुमार ने प्रकाश रंजन को गोली मारकर घायल कर दिया। अचानक हुई इस घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रकाश रंजन और आरोपी नीरज कुमार के बीच बीते दिनों से कुछ विवाद चल रहा था। बुधवार की सुबह दोनों के बीच कहा-सुनी बढ़ी और देखते ही देखते स्थिति इतनी बिगड़ गई कि नीरज कुमार ने देशी कट्टा से प्रकाश रंजन पर गोली चला दी। गोली गाल में लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तुरंत शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गया मगध मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार घायल प्रकाश रंजन खतरे से बाहर है और उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही शेरघाटी थाना पुलिस के साथ एएसपी शैलेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन शुरू की। एएसपी ने बताया कि आपसी विवाद की जड़ प्रकाश रंजन की मां को डायन कहकर प्रताड़ित किए जाने से जुड़ी थी। इसी विवाद को लेकर दोनों के बीच तनाव बढ़ा और उसी का परिणाम यह गोलीकांड रहा।

पुलिस ने घटनास्थल से एक हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक बरामद की है जो आरोपी की बताई जा रही है। आरोपी नीरज कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर कानून के हवाले किया जाएगा।

# 240 लीटर शराब लदी आल्टो कार जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** पुरा थाना की पुलिस ने 240 लीटर शराब लदी आल्टो कार जब्त किया। साथ ही साथ एक धंधेबाज को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुरा एसएचओ अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पंचानपुर बेला मुख्य मार्ग स्थित चुल्हाड़ा मोड़ के समीप बेला की ओर से आ रही एक आल्टो कार को रुकवा कर जांच की गई। जांच के दौरान कार में अलग-अलग पाउच में रखा 240 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर से चालक को कार सहित गिरफ्तार कर थाना ले आई। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान बेलागंज थाना क्षेत्र के अमेरा गांव निवासी किशोरी साव के पुत्र रंजन कुमार के रूप में हुई। पंचानपुर एसएचओ अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया।

# वेंडर उचित मूल्य पर यात्रियों को खाद्य व पेय पदार्थ की बिक्री करें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पूर्व मध्य रेलवे के उपमुख्य वाणिज्य प्रबंधक (सीसीएस) प्रभाष राघव ने बुधवार को गया रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन परिसर में उपलब्ध यात्री सुविधाओं, टिकट व्यवस्था तथा साफ-सफाई से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उपमुख्य सीसीएस ने बुकिंग काउंटर, रिजर्वेशन काउंटर और ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनों की कार्यप्रणाली का परीक्षण किया और कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। डिप्टी सीसीएम (पीएस) प्रभाष राघव गाड़ी संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस से पटना से गया पहुंचे थे। इनके साथ टिकट चेकिंग अभियान से जुड़े रेलकर्मियों का एक दल भी था। गया पहुंचने के बाद श्री राघव ने गया जंक्शन पर संचालित खानपान स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने उचित मूल्य पर ही यात्रियों को खाद्य व पेय पदार्थ बिक्री करने के निर्देश दिये। स्टॉल पर कार्यरत कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस के कागजात को भी देखा। इन स्टॉलों के लाइसेंस की भी जांच की।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-24-2025-26, दिनांक 02.12.2025;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, सियालदह, कंट्रोल बिल्डिंग, पहली मंजिल, डीआरएम कार्यालय, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.:** ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-24-2025-26, **कार्य का नाम:** सियालदह मंडल के तहत रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टाइप लोकेशन नम्बर प्लेटों के प्रावधान के संबंध में 25 केवी ओएचई तथा सम्बद्ध विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,21,80,222; **बयाना राशि:** रु. 2,60,900; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 12 महीने। **बंद होने की तारीख:** 29.12.2025 को 15.00 बजे। निविदा सूचना का विवरण तथा समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (SDAH-294/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय मानवाधिकार के कार्यालय न्यू कॉलोनी कालीबाड़ी में आज अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार स्थापना दिवस उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने संगठन से जुड़े विभिन्न पदाधिकारियों, पत्रकारों, अधिवक्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र, गुलाब का फूल एवं कलम प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह मानवता, कर्तव्य और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति समर्पित व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने का एक प्रेरणादायी प्रयास रहा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि मानवाधिकार केवल अधिकारों की सुरक्षा का विषय नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के सम्मान, समानता और न्याय की निरंतर रक्षा का संकल्प है। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन द्वारा समय-समय पर मानवता और समाजहित में कई अभियान चलाए गए हैं जिनमें पीड़ितों को न्याय दिलाना, ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, महिला एवं बाल अधिकार संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्य शामिल हैं। सम्मानित लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष द्वारा किए गए मानवहित के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।



सम्मानित होने वालों में गया बार के सचिव सह सरकारी वकील रविंद्र प्रसाद, सुमन सिंह, निखत परवीन, पम्मी सिंह, खुशबू कुमारी, अनु बर्नवाल, नागेंद्र प्रसाद शर्मा, अधिवक्ता अजय कुमार सिंह, राजेश आनंद, सामाजिक कार्यकर्ता कमलबारिक, नीरज बर्मा, शंकर चौधरी, मीडिया से गोपाल प्रसाद सिन्हा, सूर्य प्रताप सिंह, नीरज कुमार, सुजीत कुमार, दीपक कुमार, प्रदीप रंजन सिंह, सुभाष प्रसाद, सतीश जी, विवेक मिश्रा, अनवर प्रसाद, अक्षय कुमार सिंह, धीरज गुप्ता, कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह, राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, पिंटू सिंह, अभय सिंह, सुनील बंबईया, सुनील सिंह, मंटू कुमार, महेश यादव, बबलू गुप्ता, कुंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

## गर्भवती महिलाओं के लिए नियमित व्यायाम जरूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को नियमित व्यायाम जरूर करना चाहिए। अक्सर ये देखा गया है कि लोग गर्भवती को आराम करने को कहते हैं जो सही नहीं है। उक्त बातें जेपीएन अस्पताल सभागार में गर्भावस्था के दौरान शुगर प्रबंधन पर आयोजित कार्यशाला में डॉ. एमई हक ने कहीं। इस कार्यशाला में जिले के 14 प्रखंडों से चिकित्सा पदाधिकारी व जीएनएम शामिल हुयीं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना सं० एस०जी०–डी०एस०ई०–ओ०टी०–11–25**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। (1) **कार्य का नाम एवं स्थान:** स्ट्रेंगथनिंग ऑफ डाटा लॉगर नेटवर्किंग यूजिंग पैरलल 1+1 सर्वर एंड एफईपी नेटवर्किंग एट एस एंड टी कंट्रोल डीडीयू डीविजन। (2) **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹1,88,57,998.48/- (एक करोड़ अट्ठासी लाख सत्तावन हजार नौ सौ अट्ठानबे रूपये एवं अड़तालीस पैसे मात्र) (3) **धरोहर राशि:** ₹2,44,300.00/- (दो लाख चवालीस हजार तीन सौ रूपये मात्र) (4) **ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 30/12/2025 को 12:30 तक। (5) **बेव साईट का पता जहॉ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in

मं०सं० एवं दू०सं०अभि०
पूर्व मध्य रेल, पं०दी०द०उपा०
पीआर/1427/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/25–26/28


# वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के उर्दू मोहल्ला निवासी पारस कुमार, पिता प्रेमानंद प्रसाद को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि पारस कुमार लंबे अरसे से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ कोर्ट द्वारा वारंट जारी किया गया था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी, लेकिन वह जगह बदलकर कार्रवाई से बचता रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना मिली कि पारस कुमार उर्दू मोहल्ला स्थित अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी की और उसे घर से ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पारस कुमार पर पहले भी कई मामले दर्ज हैं और उसके फरार रहने के कारण स्थानीय पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। उसकी गिरफ्तारी से लोगों में यह संदेश गया है कि फरार चल रहे आरोपियों पर पुलिस की कड़ी नजर बनी हुई है।

# नवजात शिशु का शव पॉलिथिन में मिलने से क्षेत्र में आक्रोश, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी थाना क्षेत्र के नीलांजन नदी के पुल के नीचे बुधवार की शाम एक पॉलिथिन में बंद नवजात शिशु का शव मिलने की घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम के समय कुछ बच्चों ने पुल के नीचे पड़ी पॉलिथिन को हिलते देखा। शक होने पर आसपास के ग्रामीण वहां पहुंचे और पॉलिथिन खोलने पर नवजात का शव देखकर दहशत में आ गए। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस आपात सेवा 112 पर इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लेते हुए तत्काल डोभी थाना पुलिस को मामले से अवगत कराया। कुछ ही देर में डोभी थाने की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और नवजात के शव को कब्जे में लेकर जांच प्रक्रिया शुरू की। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला नवजात को जन्म के तुरंत बाद फेंकने का प्रतीत होता है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि शव को वहां किसने और क्यों फेंका। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी फुटेज की तलाश कर रही है तथा ग्रामीणों से भी पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं। कुछ ग्रामीण इसे सामाजिक संवेदनहीनता की घटना बता रहे हैं, वहीं कई लोग ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों व अन्य तथ्यों की पुष्टि हो सकेगी।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

**दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना**

एतद् द्वारा मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत के0जी0 स्कूल रोड़ किनारे निर्मित चार अवस्थित दुकानों के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | मासिक किराया दर प्रति दुकान | डाक की न्यूनतम राशि (Non-Refundable) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 04 | 04 | 1500 | 1,00,000.00 |

**दुकानवार किराया दर की सूची विस्तृत आम सूचना के साथ संलग्न।**

1. आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक 12.12.2025 से 20.12.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक।
2. आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :–कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम, पलामू।
3. आवेदन पत्र का शुल्क (प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) :–1,000.00 (एक हजार) रूपये मात्र।
4. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :–दिनांक 22.12.2025 अपराह्न 03:00 बजे तक
5. आवेदक पत्र जमा करने का स्थान :–कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम, पलामू।
6. डाक की तिथि व समय :–दिनांक 23.12.2025 को 12:00 बजे मध्याह्न।
7. डाक का स्थान :–कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :–वैध पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो।

**नोट:**–1.दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा डाक की बोली कॉलम संख्या– 05 में अंकित एक मुस्त (1,00,000/-) Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात् संपूर्ण डाक राशि (Non Refundable) 72 घंटा के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।
2. दुकानों की संख्या घट–बढ़ सकती है। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम होगा।
3. दुकान आवंटन हेतु निर्धारित विस्तृत शर्त Website:- www.udhd.gov.in पर या कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम, पलामू के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 368212 (District)25-26*D

संपादकीय

# अब बंगाल में 'मंदिर-मस्जिद'...!

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद क्षेत्र में जिस तरह 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद और राम मंदिर के अलग-अलग शिलान्यास हुए, उससे कई सवाल उठ रहे हैं। पहला तो यह कि क्या पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव उस मंदिर मस्जिद मुद्दे पर लड़ा जाएगा, जिसे देश के बाकी हिस्से में अब लगभग खत्म मान लिया गया था। दूसरे, इस पूरे खेल का राजनीतिक उद्देश्य क्या है और तीसरे, इस खेल के पीछे कौन है? इसके जरिए किसको शह और मात दी जा रही है? पश्चिम बंगाल डेढ़ दशक से तृणमूल कांग्रेस की जुझारू नेता ममता बैनर्जी का गढ़ रहा है। ममता ने पहले राज्य में कम्युनिस्टों का मजूबत गढ़ ध्वस्त किया और अब वो भगवा ध्वज धारी भाजपा से लड़ रही हैं। ममता को राज्य की 30 फीसदी मुस्लिम आबादी का खुला समर्थन मिलता रहा है और बाकी हिंदू आबादी का वोट बंटने से ममता तीन चुनाव लगातार जीत रही हैं और चौथे विस चुनाव में भी उन्हें हराना भाजपा के लिए बड़ा मुश्किल है। मुर्शिदाबाद में तथाकथित बाबरी मस्जिद का शिलान्यास क्या राजनीतिक रंग दिखाएगा, इसे समझना जरूरी है। मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में इस बाबरी मस्जिद का शिलान्यास बाबरी ध्वंस के दिन 6 दिसंबर को टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने मौलवियों की मौजूदगी में फीता काटकर किया। उन्होंने इसका ऐलान पहले ही कर दिया था। उसके बाद टीएमसी ने कबीर के बयान से पल्ला झाड़ते हुए उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया। लेकिन कबीर अपनी बात पर अड़े रहे और उन्होंने लोगों से ईंटें लेकर शिलान्यास स्थल पर पहुंचने का आह्वान किया। उनकी अपील पर करीब दो लाख लोग ईंटे लेकर पहुंचे। और पुलिस यह सब होने देती रही। कबीर ने कहा कि यह बाबर के नाम पर यह भव्य मस्जिद करीब 3 सौ करोड़ रू. की लागत से बनेगी। दूसरी तरफ स्थारनीय भाजपा नेता सखारोव सरकार और उनके सहयोगियों ने मुर्शिदाबाद के पास बहरामपुर में अयोध्या की तर्ज पर नया राम मंदिर बनाने के लिए भूमिपूजन और शिला प्रतिष्ठा की। उन्होंने कहा कि यह शिला प्रतिष्ठा राम मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट बनाकर की गई है। देश में कहीं भी किसी अविवादित जमीन पर धार्मिक स्थल का निर्माण कोई भी कर सकता है। लेकिन कबीर के मामले में पेंच यह है कि मस्जिद का नाम आक्रांता बाबर के नाम पर रखा जा रहा है। इस बीच हुमायूं कबीर ने टीएमसी से निलंबित होकर अपनी नई पार्टी बनाने और 153 सीटों पर एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी के साथ मिलकर विस चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। इससे नई खलबली है। भाजपा का आरोप है कि यह सब ममता का ही खेला है। ताकि वो अपना मुस्लिम वोट बैंक अटूट रख सकें। कबीर को निलंबित करना दिखावा है। जल्द ही उनका निलंबन खत्म कर दिया जाएगा। जबकि टीमएसी का मानना है कि इसके पीछे भाजपा की चाल है, जो राज्य में सीधा हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण कराना चाहती है, जो कि असंभव है। एक थ्योरी यह भी है कि हुमायूं कबीर को आगे कर ममता बैनर्जी ने पश्चिम बंगाल में असदुद्दीन औवेसी की एंट्री को झटका दिया है। वैसे कबीर ने अगर सचमुच अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़ा तो ममता के मुस्लिम वोट बैंक में तगड़ी सेंध लग सकती है। आगे क्या होगा, यह अभी कहना मुश्किल है। लेकिन इस बार बंगाल में अन्य मुद्दों के बजाए साम्प्रदायिक मुद्दे ही ज्यादा हावी होंगे, ऐसा लग रहा है। ममता बैनर्जी ने यूं तो राज्य में बंगाली अस्मिता के साथ साथ एसआईआर और एनआरसी को भी मुद्दा बनाया हुआ है। लेकिन बाबरी मस्जिद' मुद्दे में मुसलमानों को खुश करने की जो अपील है, वह दूसरे मुद्दों में नहीं है।

# निजी कंपनियों से बिजली खरीदी के मायने

**मध्यप्रदेश सरकार भविष्य की जरूरतों के लिए निजी कंपनियों से 25 वर्षों के लिए, चार हजार मेगावाट बिजली, 5.83 रुपए प्रति यूनिट की दर से खरीदी समझौता करने की तैयारी कर रही है। इसकी अंतिम मंजूरी के लिए 'मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग' को प्रस्ताव भेजा गया है। जानकार बताते हैं कि यदि प्रस्तावित दर को मंजूरी मिली तो प्रदेश को 25 साल में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान करना होगा, जिसका भार उपभोक्ताओं पर पडेगा।**

**राज कुमार सिन्हा**



'मध्यप्रदेश विद्युत मंडल' के पूर्व अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेन्द्र अग्रवाल ने प्रस्तावित बिजली खरीदी पर 'विद्युत नियामक आयोग' के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा है कि इस वर्ष कोयले पर सरचार्ज की समाप्ति, 'जीएसटी' दर में कमी और पर्यावरण मंत्रालय द्वारा थर्मल पावर प्लांट में लगने वाले 'फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन' (एफजीडी प्रणाली में उत्सर्जन से सल्फर यौगिकों को हटाया जाता है) तकनीक की अनिवार्यता के खत्म होने को बिजली खरीदी समझौते में शामिल नहीं किया गया है। अग्रवाल ने आयोग से मांग की है कि बिजली खरीदी प्रस्ताव व संबंधित पूंजीगत लागत की गहन समीक्षा के बाद ही प्रस्ताव को मंजूरी दें।

मध्यप्रदेश में बिजली की उपलब्धता और खरीदी एक बार फिर विवादों के केंद्र में है। प्रस्तावित बिजली खरीदी और निजी कंपनियों से हुए महंगे बिजली खरीदी समझौतों को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। बिजली दरों में बढ़ोतरी और 'डिस्कॉम' (विद्युत वितरण कंपनी) पर बढ़ते वित्तीय दबाव ने राज्य में ऊर्जा प्रबंधन को नई बहस के केंद्र में ला दिया है। ऊंचे दामों पर की जा रही बिजली खरीदी से न सिर्फ घरेलू उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ा है, बल्कि उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी प्रभावित हो रही है।

राज्य में पिछले कुछ वर्षों से बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी और बिलों में अनियमितताएं आम उपभोक्ताओं, किसानों और छोटे व्यवसायी के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। बिजली खरीद नीतियों, निजी कंपनियों से महंगे समझौतों और 'डिस्कॉम' की अक्षमताओं (लाइन लॉस, बिजली चोरी, प्रबंधन की कमियां और पुराना घाटा) का बोझ सीधे जनता पर पड़ रहा है। बिजली बिल में एनर्जी चार्ज, फिक्स चार्ज, फ्यूल कॉस्ट, ड्यूटी चार्ज जुड़ते हैं। बिजली की दरों में वृद्धि के अनुपात में ही बाकी सारे चार्ज बढ़ते-घटते हैं। मध्यप्रदेश में निजी बिजली कंपनियों से महंगी दरों पर बिजली खरीदी का मुद्दा विभिन्न 'कैग' (सीएजी) रिपोर्टों, अध्ययनों और सार्वजनिक बहसों में उठता रहा है। यह पुराने 'पावर पर्चेज एग्रीमेंट,' महंगे फिक्स्ड चार्ज और पारदर्शिता की कमी से अधिक जुड़ा हुआ है। राज्य में बिजली उत्पादन और खरीदी का काम तीन मुख्य स्तरों पर होता है। 'मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी' राज्य की 'डिस्कॉम' के लिए बिजली खरीदने की नोडल एजेंसी है। 'कैग' की रिपोर्टों में 'पावर मैनेजमेंट कंपनी' की नीतियों पर सवाल उठते रहे हैं, जैसे - महंगी दरों पर निजी कंपनियों से बिजली खरीदी अनुबंध किया जाना आदि।

कुछ निजी कंपनियों से बाजार भाव से अधिक में बिजली खरीदी गई। वहां खरीदी अनुबंध के 'फिक्स्ड चार्ज' के कारण बिजली महंगी पड़ी। 'टेक ऑर पे' प्रावधान के कारण कई निजी कंपनियों के साथ ऐसे समझौते हैं कि बिजली लो या मत लो, फिर भी भुगतान करना पड़ता है। एक जानकारी के अनुसार सन् 2020 से 2022 के बीच मध्यप्रदेश सरकार ने निजी बिजली कंपनियों को 1,773 करोड़ रूपए का भुगतान किया, जबकि उनसे एक यूनिट बिजली नहीं खरीदी गई। यह लागत उपभोक्ताओं के बिलों में जुड़ती रही।

कुछ बिजली खरीदी अनुबंधों में ऐसे प्रावधान हैं, जिनसे निजी कंपनियों ने ईंधन की बढी हुई लागत भी राज्य पर डाल दी। मैनेजमेंट कंपनी ने इस महंगे कोयले या ईंधन का पैसा उपभोक्ताओं से वसूला। 'कैप्टिव प्राइवेट प्लांटों' से मध्यप्रदेश ने 4.50 से 6 रूपए प्रति यूनिट तक बिजली खरीदी, जबकि बाजार में यह दर 2 से 3 रूपए प्रति यूनिट थी।

सरकारी कंपनियों की पर्याप्त क्षमता होने के बावजूद निजी कंपनियों से बड़ी मात्रा में बिजली खरीदने पर सवाल खड़ा होना स्वाभाविक है। ऊर्जा अर्थशास्त्रियों के अनुसार यह बिजली खरीदी समझौता 2010 से 2015 के दौरान हुआ था, जब कोयले की कीमतें अधिक थीं। आज बाजार सस्ता हो गया है, लेकिन पुराने अनुबंधों ने मध्यप्रदेश को महंगी बिजली खरीदने के लिए बाध्य किया है। नियामक आयोग की निगरानी पर्याप्त मजबूत नहीं है। मूल्य निर्धारण और खरीद में अधिक पारदर्शिता होना चाहिए।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 200 यूनिट मासिक खपत पर मध्यप्रदेश में बिल करीब 1,425 रूपए है, जबकि छत्तीसगढ़ में 900 रूपए और गुजरात में 785 रूपए है। वहीं 300 यूनिट खपत पर मध्यप्रदेश में 2,342 रूपए, जबकि छत्तीसगढ़ में 1,450 और गुजरात में 1,253 रूपए बताया गया है। प्रति यूनिट दरों में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि देखी जा रही है। कई घरों में औसत घरेलू बिल 15 से 25 प्रतिशत तक बढ़े हैं। बिजली बिल घर के मासिक खर्च का बड़ा हिस्सा खा जाता है जिससे रसोई बजट में कटौती हो रही है। ईएमआई, स्कूल फीस, किराया और रसोई खर्च पहले से ही महंगा है और बिजली बिल बढ़ने से मध्यम वर्ग की मासिक बचत लगभग खत्म हो गई है। कई परिवार अवकाश, यात्रा और अन्य खर्च रोक रहे हैं।

उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान किश्तों में कर रहे हैं। राहत की बात है कि सरकार ने 'समाधान योजना' 2025-26 में शुरू की है, जिसके तहत बकाया बिलों पर छूट और भुगतान के आसान विकल्प दिए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद कई उपभोक्ताओं के बिल पहले के मुकाबले कई गुना ज़्यादा आ रहे हैं। कई जिलों में बिजली बिलों के खिलाफ जन-सुनवाईयों में तीन गुना शिकायतें दर्ज हो रही हैं। उपभोक्ता संगठनों का कहना है कि बिल में 'अतिरिक्त चार्ज' वास्तविक खपत से अधिक है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिल सुधार और मीटर रीडिंग की समस्याएं लगातार आ रही हैं।

मध्यप्रदेश सरकार को महंगे निजी समझौतों को बदलकर दरें कम करने का प्रयास करना चाहिए। कई राज्यों में घरेलू उपभोक्ताओं पर फिक्स्ड चार्ज बेहद कम हैं। मध्यप्रदेश को भी ऐसा करना चाहिए। पुरानी कोयला आधारित यूनिटों को तकनीकी सुधार के साथ चलाना अधिक सस्ता विकल्प हो सकता है। सौर और पवन ऊर्जा स्रोतों से प्रतिस्पर्धी दरों पर बिजली उपलब्ध है, जिसे प्राथमिकता देने की जरूरत है। मध्यप्रदेश में बिजली की बढ़ती कीमतें सिर्फ 'महंगी बिजली' का मुद्दा नहीं है। यह घरेलू जीवन, किसान, उद्योग, रोजगार और राज्य की अर्थव्यवस्था तक को प्रभावित कर रहा है। उपभोक्ताओं की मांग है कि बिजली की दरें आम आदमी की पहुंच में हों।

'एशियन डेवलपमेंट बैंक' की सिफारिश पर गठित 'टाटाराव कमिटी' की सलाह पर 2003 में विद्युत मंडल के घाटे को खत्म करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने बिजली कम्पनियों का गठन किया था। वर्ष 2000 में विद्युत मंडल के समय घाटा 2100 करोड़ रुपए था, परन्तु मार्च 2024 तक, मध्यप्रदेश की 'बिजली वितरण कंपनियों' का कुल घाटा बढ़कर 69,301 करोड़ रुपए हो गया है। सुधार के नाम पर 'विद्युत अधिनियम 2003' लाया गया, जिसके नतीजे में उपभोक्ताओं को महंगी बिजली और निजी कंपनियों को भारी-भरकम मुनाफा मिल रहा है, जबकि 1948 का 'इलेक्ट्रिसिटी एक्ट' बिजली को सेवा क्षेत्र में रखकर सभी को उचित दर पर बिजली उपलब्ध कराता था।

(सप्रेस)

अध्यात्म

# क्रोध मे हम, चिल्लाते क्यों हैं?

एक बार एक संत ने अपने शिष्यों से पूछाः हम गुस्से में चिल्लाते क्यो हैं? जब हम खिन्न होते हैं, तो एक दूसरे पर चिल्लाते क्यों हैं? शिष्यों ने कुछ समय विचार किया और उनमें से एक शिष्य ने कहाः हम अपनी शांति खो देते हैं इसलिए चिल्लाते हैं। संत ने पूछाः पर जब दूसरा व्यक्ति आपके पास ही खड़ा हों तो इतना चिल्लाना क्यों? क्या यह संभव नहीं कि हम उस व्यक्ति से नरम आवाज़ में बात करें? हम एक दूसरे पर क्यों चिल्लाते हैं जब हम क्रोधित होते हैं? शिष्यों ने कई जवाब दिए पर किसी भी जवाब से संत संतुष्ट ना दिखाई दिये। अंत में उसने कहा, जब दो व्यक्ति एक दूसरे पर क्रोधित हों तो उनका हृदय बहुत दूर हों जाते हैं। इस दूरी को तय करने हेतु उन्हें चिल्लाना होता है ताकि वे एक दूसरे को सुन सके। वो जितना अधिक क्रोधित होते हैं उन्हें अपने हृदय की दूरी तय करने के लिये उतना ही चिल्लाना पड़ता हैं फिर संत ने पूछा, क्या होता है जब दो लोग एक दूसरे से प्रेम करते हैं?

वे एक दूसरे पर चिल्लाते नहीं बल्कि सौम्यता से बात करते हैं, क्योकि उनका हृदय बहुत करीब होता है। उनके बीच की दूरी बहुत कम होती हैं। संत ने आगे कहाः जब वे लोग एक दुसरे से और ज्यादा प्रेम करते तब क्या होता हैं? वे कुछ बोलते नहीं बस फुसफुसाते हैं और एक दुसरे के प्रेम में और करीब आते जाते हैं। अंत में उन्हें फुसफुसाने की भी जरूरत नहीं होती, बस एक दुसरे को देखते हैं। इस तरह लोग करीब होते हैं जब वे एक दूसरे से प्रेम करते हैं। जब आप किसी से बहस करें तो इसका ध्यान रखें कि आपका हृदय उनसे दूर न हो जाए, ऐसे शब्द ना कहें जिससे दूरी और बढ़ जाए, वर्ना कभी ऐसा दिन आ जायेगा कि दूरी इतनी बढ़ जायेगी कि आपको आने का रास्ता नहीं मिलेगा।

क्रोध से, हमारे साथ साथ हमारे आस पास के लोगों के शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक स्वास्थ्य को खतरा हो जाता है। क्रोध पर विजय पाने का केवल एक रास्ता है और वो है कि हम अपनी नियंत्रण करने की प्रवृत्ति का त्याग करें और श्रीकृष्ण ही सबसे बड़े नियंत्रक हैं, ये स्वीकार करें। हम प्रार्थना करें कि हम क्रोध का ग्रास ना बनें, तथा सभी जीवों से मित्रवत सम्बन्ध रखते हुए उन्हे परमात्मा के अंश के रूप में देख सके।

# भारत का उभरता वैश्विक कद

**जोहानसबर्ग में सम्पन्न जी-20 शिखर सम्मेलन ने यह सिद्ध कर दिया कि दुनिया तेजी से बदल रही है, एकाधिकार की नहीं, साझेदारी की ओर। भारत इस परिवर्तन के केंद्र में है- विश्वसनीय, संतुलित और दूरदर्शी नेतृत्व के साथ। सम्मेलन के परिणामों ने यह स्पष्ट किया कि भारत अब केवल वैश्विक चर्चाओं में भाग नहीं लेता, बल्कि उन्हें दिशा भी प्रदान करता है। एक अधिक न्यायपूर्ण, समावेशी और संतुलित विश्व-व्यवस्था का निर्माण अब कल्पना नहीं, बल्कि एक वास्तविक प्रक्रिया है और भारत इसका अग्रदूत बनकर उभर रहा है।**

**ममता कुशवाहा**

विश्व राजनीति के समकालीन परिदृश्य में हाल ही में जोहानसबर्ग में सम्पन्न हुआ जी- 20 शिखर सम्मेलन एक ऐतिहासिक घटना के रूप में दर्ज हो गया। अफ्रीकी धरती पर पहली बार आयोजित इस वैश्विक मंच ने उस परिवर्तनकारी युग की आहट दी, जिसमें दुनिया का शक्ति-संतुलन अधिक न्यायसंगत और बहुध्रुवीय स्वरूप ग्रहण करने की ओर अग्रसर है। यह सम्मेलन केवल प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की वार्षिक बैठक भर नहीं रहा, बल्कि इसने उभरते वैश्विक दक्षिण और विकासशील देशों की आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए समानता, सहभागिता और समावेशी विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए। इन परिवर्तनों के केंद्र में भारत रहा, जो इस बार केवल एक सहभागी नहीं, बल्कि एक प्रेरक, संयोजक और दूरदर्शी नेतृत्व के रूप में उभरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय भूमिका ने सम्मेलन की चर्चाओं को विकास सहयोग, जलवायु वित्त, तकनीकी परिवर्तन, कर्ज संकट और संस्थागत सुधार जैसे मुद्दों पर केंद्रित रखा। पूरा सम्मेलन मानो इस विचार को दोहरा रहा था कि 'विकास एक साझा यात्रा है, किसी एक राष्ट्र की नहीं।'

जोहानसबर्ग सम्मेलन का सबसे अनोखा और प्रभावशाली पहलू था, विकासशील देशों की व्यापक और सशक्त भागीदारी। यह सम्मेलन अफ्रीका के राजनीतिक और आर्थिक महत्व को वैश्विक विमर्श के केंद्र में लाने वाला एक निर्णायक अवसर बना। दशकों से अफ्रीकी राष्ट्र यह मांग करते रहे हैं कि उन्हें वैश्विक संस्थाओं में उचित प्रतिनिधित्व मिले तथा निवेश, व्यापार और तकनीक के क्षेत्रों में समान अवसर प्रदान किए जाएँ। जोहानसबर्ग में इन आवाज़ों को न केवल मंच मिला, बल्कि भारत जैसा दृढ़ समर्थक भी मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने बार-बार यह स्पष्ट किया कि विश्व के उत्तर और दक्षिण का विकास एक-दूसरे पर निर्भर है, और यदि दुनिया को स्थिरता चाहिए तो अफ्रीका की आकांक्षाओं का सम्मान अनिवार्य है। भारतीय नेतृत्व ने याद दिलाया कि अफ्रीकी संघ को जी- 20 की सदस्यता दिलाने का प्रस्ताव भारत ने ही रखा था, जिसे पिछले वर्ष मंजूरी मिली। यह पहल इतिहास में दर्ज हो चुकी है और भारत- अफ्रीका संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान कर रही है। जोहानसबर्ग की चर्चाओं में जलवायु परिवर्तन सबसे प्रमुख मुद्दों में रहा। विश्व के विकासशील देशों ने जोर दिया कि वे जलवायु संकट के सबसे बड़े पीड़ित हैं, जबकि प्रदूषण में उनकी हिस्सेदारी बहुत कम है। भारत ने जलवायु न्याय का पुरजोर समर्थन किया, जिसका अर्थ है कि विकसित राष्ट्र अधिक जिम्मेदारी लें और विकासशील देशों को पर्याप्त वित्त, तकनीक और संसाधन उपलब्ध कराएँ। भारत ने सतत जीवनशैली, सौर ऊर्जा, हरित विकास और परिपत्र अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर व्यवहारिक सुझाव दिए। इसके साथ ही भारत ने विकसित देशों से यह भी कहा कि जलवायु वित्त की प्रतिबद्धताएँ ज़मीन पर उतारी जानी चाहिए, केवल काग़ज़ पर नहीं।

सम्मेलन का एक और केंद्रीय विषय था, वैश्विक डिजिटल परिवर्तन। दुनिया डिजिटल हो रही है, लेकिन डिजिटल विभाजन भी उतनी ही तेजी से बढ़ रहा है। भारत ने इस संदर्भ में अपने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल को सामने रखा- आधार, यूपीआई, डिजिलॉकर, आरोग्य सेतु, कोविन और अन्य सेवाओं के माध्यम से भारत ने दिखाया कि किस तरह तकनीक को जनकल्याण का उपकरण बनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डिजिटल भविष्य ऐसा होना चाहिए जो असमानताओं को कम करे, न कि बढ़ाए। दुनिया ने इस भारतीय दृष्टिकोण की सराहना की और कई देशों ने भारत के साथ डिजिटल सहयोग को मजबूत करने में रुचि दिखाई।

जोहानसबर्ग सम्मेलन ने व्यावहारिक चुनौतियों पर भी ध्यान केंद्रित किया, जैसे खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा आपूर्ति, स्वास्थ्य अवसंरचना और स्थायी निवेश। भारत ने खाद्य संकट के दौरान विश्व को अनाज उपलब्ध कराने की अपनी भूमिका पर प्रकाश डाला। ऊर्जा सुरक्षा पर भारत ने कहा कि ऊर्जा विकल्पों में विविधता अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी एक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता न बनी रहे। वैश्विक स्वास्थ्य के विषय में भारत ने वैक्सीन उपलब्धता और चिकित्सा अवसंरचना को मजबूत करने पर जोर दिया। कोरोना महामारी के दौरान भारत की भूमिका दुनिया ने देखी थी, वैक्सीन मैत्री और आपातकालीन सहायता के रूप में। आज की दुनिया व्यापार युद्धों, क्षेत्रीय संघर्षों, सामरिक प्रतिस्पर्धा और वैश्विक नेतृत्व के अभाव जैसे गंभीर तनावों से घिरी हुई है, जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था लगातार अस्थिर होती जा रही है। ऐसे दौर में जोहानसबर्ग शिखर सम्मेलन ने दुनिया को यह सशक्त संदेश दिया कि टकराव और शक्ति-प्रदर्शन समस्याओं का समाधान नहीं हैं; बल्कि सहयोग, संवाद और बहुध्रुवीयता ही आगे बढ़ने का वास्तविक मार्ग है। यह सम्मेलन संकेत देता है कि विश्व अब किसी एकध्रुवीय शक्ति-संरचना को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं, बल्कि एक ऐसे संतुलित वैश्विक ढांचे की ओर बढ़ रहा है जहाँ कई राष्ट्र मिलकर निर्णय लें और सामूहिक रूप से स्थिरता का निर्माण करें।

इस उभरती बहुध्रुवीय विश्व-व्यवस्था में भारत एक विश्वसनीय, संतुलनकारी और कूटनीतिक रूप से सक्षम राष्ट्र के रूप में सामने आया है। उसकी विदेश नीति परस्पर सम्मान, संवाद और रचनात्मक सहयोग पर आधारित है, जो आज के विभाजित वैश्विक परिदृश्य में अत्यंत प्रासंगिक है। भारत ने विभिन्न देशों के बीच सेतु का कार्य करते हुए मतभेदों को संतुलित किया और साझा समाधान के लिए मार्ग प्रशस्त किया। इसका सबसे उल्लेखनीय उदाहरण है संयुक्त घोषणा-पत्र का सर्वसम्मति से पारित होना, जो आज के ध्रुवीकृत माहौल में लगभग असंभव उपलब्धि थी। यह न केवल भारत की कूटनीतिक प्रभावशीलता को रेखांकित करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विश्व समुदाय भारत को एक स्थिर, विश्वसनीय और दूरदर्शी वैश्विक नेतृत्व के रूप में देख रहा है।

आज जब वैश्विक व्यापार तनाव, आपूर्ति-श्रृंखला टूटन, भू-राजनीतिक अविश्वास और आर्थिक अस्थिरता विश्व व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं, तब यह साझा यात्रा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत ने इस संदर्भ में न केवल स्थायी और विश्वसनीय आपूर्ति-श्रृंखलाओं के निर्माण पर ज़ोर दिया, बल्कि यह भी बताया कि विकास तब तक समतामूलक नहीं हो सकता जब तक वैश्विक संस्थाएँ, जैसे संयुक्त राष्ट्र, आईएमएफ और विश्व बैंक 21वीं सदी की वास्तविकताओं के अनुरूप खुद को न ढालें। 'वैश्विक प्रगति की साझा यात्रा' केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि आज की विश्व-व्यवस्था की अनिवार्य आवश्यकता है। यह वही मार्ग है जो देशों को परस्पर निर्भरता को समझने, एक-दूसरे की चुनौतियों को स्वीकारने और सामूहिक समाधान ढूँढने की प्रेरणा देता है। भारत ने इस यात्रा की दिशा दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और विश्व को याद दिलाया है कि भविष्य उन्हीं का होगा जो सबको साथ लेकर चलेंगे।

जोहानसबर्ग में सम्पन्न जी-20 शिखर सम्मेलन ने यह सिद्ध कर दिया कि दुनिया तेजी से बदल रही है, एकाधिकार की नहीं, साझेदारी की ओर। भारत इस परिवर्तन के केंद्र में है- विश्वसनीय, संतुलित और दूरदर्शी नेतृत्व के साथ। सम्मेलन के परिणामों ने यह स्पष्ट किया कि भारत अब केवल वैश्विक चर्चाओं में भाग नहीं लेता, बल्कि उन्हें दिशा भी प्रदान करता है। एक अधिक न्यायपूर्ण, समावेशी और संतुलित विश्व-व्यवस्था का निर्माण अब कल्पना नहीं, बल्कि एक वास्तविक प्रक्रिया है और भारत इसका अग्रदूत बनकर उभर रहा है।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
भूमि-सम्पत्ति को लेकर महत्वपूर्ण अनुबन्ध हो सकते हैं। प्रेमी जोड़े विवाह को लेकर योजना बना सकते हैं। नया ज्ञान अर्जित करने के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

**वृषभ**
आपकी बातों का लोग बुरा मान सकते हैं। आज धन अनावश्यक बर्बाद हो सकता है। किसी बड़े कार्य को लेकर परेशानी दूर होगी।

**मिथुन**
आज आप वही काम करेंगे जिसको लेकर आप अत्यन्त उत्साहित रहते हैं। परिवार के साथ समय बिताने के लिये आप काम से छुट्टी भी ले सकते हैं।

**कर्क**
लोग आपका मजाक भी बना सकते हैं। यदि वाहन चला रहे हैं तो अपने पेपर्स सदैव पूरे रखें। पोषण की कमी के कारण शरीर में थकावट महसूस होगी।

**सिंह**
जीवनसाथी आपका अत्यधिक ध्यान रखेगा। कार्यक्षेत्र की चुनौतियाँ दूर होंगी। दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होने के योग बन रहे हैं।

**कन्या**
मन में थोड़ी-बहुत कन्फ्यूजन की स्थिति रहेगी। अपने विचारों को सन्तुलित रखें। अपने काम से सन्तुष्ट नहीं रहेंगे। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ जायेंगे।

**तुला**
आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य छूट सकता है। कारोबार में आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। घरेलू खर्चों को कम करने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक**
आर्थिक दृष्टिकोण से समय अच्छा नहीं है। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है। आपको किसी योग्य व्यक्ति से परामर्श लेना चाहिये।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा। अपने निर्णयों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवाह योग्य लोगों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। आप अपने कार्य की गुणवत्ता पर अत्यधिक ध्यान देंगे।

**मकर**
आप नयी तकनीक का प्रयोग सीखने का प्रयास करेंगे। परिवार के लोगों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। आप अपने करियर को लेकर थोड़े चिन्तित रहने वाले हैं।

**कुंभ**
पेट में वायु विकार उत्पन्न होने की सम्भावना है। नयी परियोजनाओं की शुरुआत कर सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने की सम्भावना बन रही है।

**मीन**
अजीबोगरीब स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। आपके सम्मान को ठेस पहुँच सकती है। काम को लेकर आपको यात्रा करनी पड़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक युवक की मौत

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को दोपहर में मवेशी के लिए घास लाने एक युवक शाहपुर गंगा किनारे हनी ईंट भट्ठा के पास गया था. इसी दौरान पानी भरे गड्ढे में डूबने से युवक की मौत हो गई. बुधवार को सुबह परिजनों ने खोजबीन किया तो पानी भरे गड्ढे से युवक का शव बरामद किया गया. मृतक का पहचान शाहपुर थाने के दाउदपुर निवासी व वार्ड 3 के निवासी तुफानी साव के 30 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार के रूप में किया गया है. मौत की सूचना मिलने पर परिजनों चित्कार कर उठे. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है. थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि मंगलवार को दोपहर में मवेशी के चारा लाने के लिए शाहपुर गंगा किनारे हनी ईंट भट्ठा के पास गया था. इसी दौरान समीप पानी भरे गड्ढे में डूबने से अनुज की मौत हो गई . परिनजों ने बुधवार को सुबह पानी भरे गड्ढे से शव को बरामद किया था. मामला दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है.

### बाढ़ पहुंचे आईजी जितेंद्र राणा, की गई समीक्षा बैठक

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को आईजी जितेंद्र राणा बाढ़ पहुंचे, जहां उनके आगमन पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें सम्मानित किया गया। तत्पश्चात आईजी जितेंद्र राणा के नेतृत्व में बाढ़ के अनुमंडलीय सभागार में एक समीक्षा बैठक की गई, जिसमें पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाढ़ 1 एवं बाढ़ 2, थानाध्यक्ष, सर्कल इंस्पेक्टर एवं बाढ़ अनुमंडल के कई पदाधिकारी शामिल हुए। आईजी जितेंद्र राणा ने बताया कि इस समीक्षा बैठक में आर्म्स रिकवरी, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास, हत्याकांड एवं अन्य गंभीर मामलों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। इसके साथ ही पुलिस वाहनों की उपलब्धता, संचालन एवं रख रखाव की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही क्षेत्र में विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अपराध पर अंकुश तथा जन सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### कृषि कार्यालय में बीज वितरण के दौरान हंगामा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय स्थित कृषि कार्यालय में बुधवार की दोपहर बीज वितरण के दौरान एक दबंग जनप्रतिनिधि के द्वारा बीज वितरण कर रहे एजेंसी वाले से जमकर कहा सुनी हो गई इतना ही नहीं बीज वितरण दुकानदार के ऊपर जनप्रतिनिधि ने बिना अंगूठा लगाए हुए बीज ले जाने का दबाव बनाया जिस पर हंगामा खड़ा हो गया हालांकि दबाव में बीज वितरण दुकानदार ने मार की पीठ की घटना से इनकार किया है लेकिन प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक दबंग के द्वारा तमाचा रसीद किए गए हालांकि बाढ़ प्रखंड के कृषि पदाधिकारी अवकाश कुमार ने घटना की बात कही है लेकिन मारपीट की घटना से इनकार किया है।

### होटल मालिक ने थानाध्यक्ष व दो दारोगा पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में परिवाद पत्र दायर किया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर थाना क्षेत्र के रूकनपुरा वीरबसावन सिंह नगर निवासी व होटल शाही पैलेस के मालिक देवेंद्र प्रसाद सिंह ने रूपसपुर थानाध्यक्ष शशि भूषण व दो दारोगा पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए व्यवहार न्यायालय में परिवाद पत्र दायर किया है. व्यवहार न्यायालय में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम के कोर्ट में वकील के माध्यम से परिवाद पत्र संख्या 1238/सी/ 25 दर्ज कराया गया है.दायर परिवाद पत्र में देवेंद्र ने बताया कि पाटलिपुत्र जंक्शन स्थित होटल शाही पैलेस पर 26 नवंबर को रात 9 बजे रूपसपुर पुलिस पहुंचा और मेरे स्टाफ चंद्रमा सिंह ने फोन कर सूचना दिया तो पहुंचे तो पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि होटल के कमरे संख्या 108 में ठहरे एक व्यक्ति के साथ छिनतई करने के आरोप लगाकर थाना बुलाकर मुझे और दो स्टाफ के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है. दायर पत्र में बताया गया है थानाध्यक्ष ने 2 लाख तीस हजार रुपए लेने के बाद थाना से ही मुझे और दोनों स्टाफ को छोड़ दिया गया था.थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि झूठे आरोप लगाया जा रहा है.

### जाम में फंसे स्कूली बस के बच्चों

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर थाना क्षेत्र के अभियंता नगर रोड में मैरेज हॉल में कार्यक्रम के दौरान बुधवार को दोपहर में सडक जाम होने से स्कूली बस फंसे गये. जिससे स्कूल बस पर सवार बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा. बताया जाता है कि नगर के अधिकांश मैरेज हॉल के पास वाहन पॉकिंग के लिए स्थल नही है. जिससे कारण सडक किनारे चार पहिया से लेकर दो पहिया वाहनों को खडा किये जाने के कारण आवागमन बाधित हो गया. जिसके कारण स्कूल बस सवार बच्चों जाम में फंसे गये. काफी देर तक जाम में स्कूल बस फंसे रहे . जाम हटाने के लिए स्थानीय पुलिस भी कही नजर नही आया है.

### बाल श्रमिक अधिनियम की खुलेआम उड़ रही धज्जियां

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल श्रमिक अधिनियम की खुलेआम धज्जियां उड रही है. नगर के मैरेज हॉल में बाल श्रमिक मजदूरी करते देखे जा रहे है. उनका बचपन छीन रहा है. शिक्षा का प्रकाश उन तक नही पहुंच रहा है. नगर के अधिकांश मैरेज हॉल में बाल श्रमिक से प्लेट धोने का काम लिया जा रहा है. इसके बाद भी बाल श्रमिक विभाग और स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे हुए है.

### मौलाना सज्जाद मेमोरियल अस्पताल में रक्तदान शिविर

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इमारत-ए-शरिया द्वारा संचालित मौलाना सज्जाद मेमोरियल अस्पताल में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अमीर-ए-शरीयत हजरत मौलाना सैयद अहमद वली फैसल रहमानी (रह.) सहित कई गणमान्य व्यक्तियों, अस्पताल कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने रक्तदान किया. शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता बढ़ाना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था.शिविर में अमीर-ए-शरीयत के अलावा हाफिज मुहम्मद एहतेशाम रहमानी, मौलाना मुहम्मद तारिक रहमानी, अस्पताल के कई कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने रक्तदान किया. अमीर-ए-शरीयत ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का सबसे बड़ा कार्य है और किसी की ज़िंदगी बचाना अत्यंत पुण्य का काम है. उन्होंने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया. अस्पताल के कार्यकारी सचिव डॉ. सैयद यासिर हबीब ने शिविर के संचालन की निगरानी की. रेड क्रॉस टीम ने शिविर में रक्त संग्रह किया, जिसमें डॉ. देवेंद्र प्रसाद, अंशाल रंज, जगत नारायण शर्मा, मोहम्मद नसीम और संतोष उपाध्याय की टीम शामिल रही. रेड क्रॉस के प्रमुख डॉ. देवेंद्र प्रसाद का स्वागत गुलदस्ता देकर किया गया. शिविर में इमारत-ए-शरिया के उप-नाज़िम मौलाना मुफ्ती मुहम्मद सना-उल-हुदा कस्मी, मौलाना मोइन-उर-रशीद नदवी, मौलाना मुफ्ती वसी अहमद कस्मी, डॉ. कमाल वारिस, डॉ. निसार अहमद, मौलाना रिजवान अहमद नदवी, मौलाना इकरामुद्दीन रहमानी, डॉ. मोहिउद्दीन अशरफी, मौलाना गोहर इमाम सहित कई लोग उपस्थित रहे.



# चौथे दिन अनुमंडल प्रशासन का अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, वसूला जुर्माना





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चौथे दिन बुधवार को को अनुमंडल व छावनी व नगर परिषद प्रशासन ने नगर में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया. छावनी परिषद प्रशासन ने बस पडाव से गोलापर रामजनकी मंदिर मोड तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया. जबकि नगर परिषद प्रशासन ने सगुना मोड से हाथीखाना मोड तक अभियान चलाया गया है. अभियान से नगर में अतिक्रमणकारियों के बीच हडकंप मचा रहा .अतिक्रमण अभियान के बाद संर्कीण सडकों चौडी नजर आने लगी. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद छावनी परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग बस पडाव, गोलापर रामजनकी मंदिर तक और सगुना मोड से हाथीखाना मोड तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. . घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों , गुमटी व पक्का ओटा को ध्वस्त किया गया है प्रशासन ने कई जगहों पर अवैध रूप से लगाये गये ठेले, टेबल, दुकानों के आगे फैले सामान व पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई. छावनी परिषद प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों से 22 हजार 750 रुपए और नगर परिषद प्रशासन ने 6 हजार 500 रुपए जुमार्ना वसूला गया है. दंडाधिकारी सह सीओ चंदन कुमार व नप के प्रबंधक अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में छावनी क्षेत्र में अभियान चलाया गया. जबकि नप क्षेत्र में ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था ) रवि कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया है. अभियान में परिषद के प्रधान लिपिक मो फिरोज, कन्हैया लाल, सुदामा कुमार व पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ सडक के किनारे से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया. सीओ बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर अस्थायी रूप से झोपडी , गुमटी अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए छावनी प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे छावनी परिषद व नप क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

## दिग्गज नेता विजय कृष्ण ने छोड़ा राजद, लालू यादव को दिया इस्तीफा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के पूर्व केंद्रीय मंत्री व राजद के दिग्गज नेता तथा पूर्व सांसद विजय कृष्ण ने राजद को छोड़ दिया है। उन्होंने अपनी प्राथमिक सदस्यता सहित राजद के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। आपको बता दें कि बाढ़ लोकसभा क्षेत्र से उन्होंने 2004 के लोकसभा चुनाव में वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पराजित किया था। आपको बता दें कि 74 साल के विजय कृष्ण ने लालू यादव को इस्तीफा भेजकर राजद और राजनीति से अलग होने की अपने फैसले की जानकारी दी है। राजपूत समाज से आने वाले विजय कृष्ण 2009 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर जेडीयू का भी दामन थामा था। परन्तु एक साल बाद ही वे वापस लालू के राजद में लौट आए थे। 1977 में पहली बार जनता पार्टी से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत करने वाले विजय कृष्ण जनता दल के टिकट पर बाढ़ विधानसभा सीट से 1990 तथा 1995 में 2 बार विधायक चुने गए। 2009 में जेडीयू में जाने के उपरांत वे एक हत्या के केस में अपने बेटे के साथ फंस गए, जिसमें 2013 में कोर्ट ने विजय कृष्ण समेत 4 लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। हाई कोर्ट ने 2022 में उन्हें रिहा कर दिया था। इस बार बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में पार्टी ने बाढ़ सीट से उन्हें टिकट नहीं दिया और उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। बाढ़ विधानसभा एवं लोकसभा क्षेत्र से राजनीति के दमदार खिलाड़ी रहे। इस बाबत उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को पत्र लिखकर इस्तीफा दिया है।

## दानापुर में एनडीए कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा पटना जिला ग्रामीण की ओर से बुधवार को अभियंता नगर स्थित मैरेज हाल में भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया गया समारोह का उदघाटन कृषि मंत्री रामकृपाल यादव , जदयू विधायक अरूण मांझी , पूर्व विधायक आशा सिन्हा व प्रदेश महामंत्री लालजवंती झा ने संयुक्त रूप से किया. इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने कार्यकताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में एनडीए के कार्यर्कताओं ने रात दिन एक कर चुनौती के साथ भारी मतों से विजयी दिलाया गया था. उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के मेहनत के बदौलत ही दानापुर विधानसभा सीट पर भाजपा ने जीत हासिल किया है. श्री यादव ने एनडीए के कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. समारोह में भोजपुरी के सुपर स्टार पवन सिंह का लोकप्रिय गीत ह्लजोड़ी मोदी-आज नीतीश के हिट हो गईह्व जैसे ही बजा, मंत्री रामकृपाल यादव समेत भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैली में गमछा लहराते हुए झुमते हुए नजर आया. पूरा माहौल जोश और उत्साह से गूंज उठा.मौके पर भाजपा के पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा, अतुल कुमार , भाई सनोज यादव , रजनीश कुमार , रंधीर यादव, अखिलेश कुमार , रवि भूषण उर्फ बेला यादव , शंकर सिंह , अजीत यादव , रंजीत कुमार व अमरनाथ सिंह यादव , जदयू के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह , पटना महानगर के जिलाध्यक्ष आशिफ कमाल , पटना महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह , जय प्रकाश सिंह , अरविंद कुमार , मनोज कुमार , किशोर कुमार सिन्हा, केवलपति देवी , नागेंद्र कुमार , लोजपा के पालीगंज प्रत्याशी सुनील यादव व मनेर प्रत्याशी जितेंद्र कुमार , पटना जिलाध्यक्ष चंदन यादव ने विचार व्यक्त किया. इससे पूर्व मंत्री को गुलदस्ता व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. मौके पर एनडीए के कार्यकर्ता मौजूद थे.

## ए. एन. कॉलेज पटना में मानवाधिकार दिवस मना




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एएन कॉलेज, पटना में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया, जिसमें मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए सशक्त बनाने की बात की गई। प्रथम दिवस (9 दिसंबर) को भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय 'डिजिटल स्पेस और मानवाधिकार' रहा। प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर दोनों वर्गो के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया! द्वितीय दिवस (10 दिसंबर) को आयोजित मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आकर्षण केंद्र रहा। इसके साथ ही पोस्टर एवं नारालेखन प्रतियोगिता से यह संदेश दिया गया कि मानवाधिकार की रक्षा सामूहिक चेतना से ही संभव है। प्राचार्या प्रो. रेखा रानी ने अपने संबोधन में कहा कि मानवाधिकार किसी व्यवस्था से नहीं, बल्कि एक जागरूक समाज की चेतना से जीवित रहती हैं। कार्यक्रम में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. बिमल प्रसाद, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. कलानाथ मिश्रा, आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. तृप्ति गंगवार तथा राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. बिनोद झा के साथ ही विभाग के शिक्षक डॉ. संजय कुमार,. डॉ. कौसर तसनीम , डॉ. ऋचा गौतम एवं डॉ. मुकेश झा कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने संपतचक अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम., एडीएम मुकेश कुमार और डीसीएलआर ने आज संपतचक अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी अमित कुमार सहित कई अधिकारियों और कर्मचारियों की गैरहाजिरी पाई गई, जिससे वर्षों से लंबित पड़े मामलों और जनता की शिकायतें पुष्टि हुई. जिलाधिकारी ने दोषियों के खिलाफ सख्त और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया. जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन ने बताया कि अंचल कार्यालय में लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर यह अचानक निरीक्षण किया गया. जनता का आरोप था कि कर्मचारी समय पर कार्यालय में नहीं आते, काम लंबित रहता है और कई बार काम कराने के लिए लोगों को अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है.

## दहेज के कारण महिला को जला देने का मायके वालों ने लगाया आरोप

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बिंदटोली में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है, जहां एक साल पहले हुई शादी के बाद दहेज के लिए लड़की के साथ प्रताड़ना की जा रही थी। लड़की की मां ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया है कि ससुराल के लोगों ने उनकी लड़की को जबरन जलाकर, फोन करके बताया कि खुद से लड़की ने आग लगा ली है और इलाज के लिए पैसे की मांग की। उस समय लड़की बोल नहीं पा रही थी, इसलिए 1 लाख 20 हजार रुपए कर्ज लेकर इलाज के लिए दिया। जब मां को हकीकत पता चली तो डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को बुलाई और गंभीर हालत में लड़की को पीएमसीएच पटना रेफर किया गया।ए एस आई उपेंद्र यादव ने बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार को लगभग 1 बजे बताया कि यह घटना दो महीने पहले दीवाली के पहले की है। वहीं लड़की की मां ने बताया कि लड़का पक्ष के लोगों ने उनकी बेटी को जला दिया और फोन से उसके बेटे को सूचना दी कि वह खुद से आग लगा ली है। जब मायके पक्ष के लोग यहां पहुंचे तो उसे इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां पिछले 2 महीने से इलाज चल रहा था। लड़की की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। बुधवार को लड़की पक्ष के लोगों ने डायल 112 की पुलिस को कॉल करके सूचना दी और बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल से लड़की को बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

## इस्लामिया कॉलेज में मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस्लामिया कॉलेज में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर ज्ञानवर्धक और उत्साहपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस्लामिया कॉलेज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ. कार्यक्रम की शुरूआत मानवाधिकारों के मूल उद्देश्यों और उनके सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई. चेयरमैन डॉ. खुर्शीद हसन ने कहा कि ह्लमानवाधिकार मानव समाज की नैतिक और सामाजिक संरचना की आधारशिला हैं. इनका सम्मान और पालन प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है. प्राचार्य आर. के. अरुण ने अपने संबोधन में कहा कि मानवाधिकार दिवस छात्रों में मानवीय मूल्यों के विकास और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है. वहीं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अली इमाम ने मानवाधिकारों को न्याय और समानता का आधार बताते हुए विद्यार्थियों को इनके संरक्षण की दिशा में सक्रिय रहने की प्रेरणा दी. आईक्यूएसी सदस्य डॉ. मंजुला ने मानवाधिकारों के इतिहास और आधुनिक संदर्भों पर विस्तृत विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु शिक्षकों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर शोध-पत्र प्रस्तुत किए, जिनमें मानवाधिकारों का विकास, सामाजिक चुनौतियाँ, महिला एवं बाल अधिकार जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई. इस प्रस्तुति में सादिया रूबी नाज, राहुल कुमार, रितिका रानी, गुरु दयाल, रवि कुमार, पूनम कुमार, मोहम्मद आसिफ, आस्था कश्यप, वर्षा कुमारी और निवेदिता ने अपनी सक्रिय भागीदारी दी, जिससे कार्यक्रम की शैक्षणिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नागेन्द्र कुमार और शीला सुमन के नेतृत्व में सुव्यवस्थित ढंग से किया गया. उनके मार्गदर्शन में सभी गतिविधियाँ प्रभावी और अनुशासित तरीके से आयोजित की गई.



## कोर्ट आदेश पर फरार आरोपी लव कुश शर्मा के घर इश्तिहार चिपकाया

डोल-नगाड़े के साथ सार्वजनिक घोषणा



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारीशरीफ थानाक्षेत्र के मौर्य विहार में बुधवार को पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी लव खुश शर्मा के घर पर उच्च न्यायालय के आदेश के तहत इश्तिहार चिपकाया. कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने परंपरागत तरीके से डोल-नगाड़ा बजाकर सार्वजनिक घोषणा भी की. मामले की जानकारी के अनुसार, कुछ महीने पहले आरोपी लव खुश शर्मा ने बिल्डर श्रीकांत शर्मा पर करीब से गोली चलाई थी, लेकिन वह बाल-बाल बच गए थे. वारदात के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस की पकड़ से दूर था. उच्च न्यायालय ने मामले में सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी को फरार घोषित करने की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया था. उसी क्रम में बुधवार को फुलवारीशरीफ थाना की टीम ने आरोपी के घर पर इश्तिहार चस्पा किया. इस कार्रवाई का नेतृत्व फुलवारीशरीफ थाना के थानाध्यक्ष गुलाम मोहम्मद शहबाज आलम ने किया. पुलिस ने बताया कि अगर तय समय सीमा में आरोपी कोर्ट या थाना में समर्पण नहीं करता है, तो आगे कठोर कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी. इश्तिहार चिपकाए जाने की कार्रवाई के बाद इलाके में चर्चा तेज हो गई है और लोग आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की अगली कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं.

## क्षत्रिय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एनसीसी सम्मान समारोह एवं खेलकूद पुरस्कार वितरण सम्पन्न





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतेहपुर स्थित क्षत्रिय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को 307/29 बिहार बटालियन एनसीसी पटना के सम्मान समारोह तथा विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नंद राम एवं जल्ला हाई स्कूल के मृत्युंजय कुमार रहे. प्रधानाध्यापक डीजे मिश्रा ने विशेष अतिथि और विजेता छात्रों को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने के साथ हुई. विद्यालय परिसर में एनसीसी कैडेटों के अनुशासन, जिम्मेदारी और सेवा भावना की सराहना की गई. प्रधानाध्यापक डीजे मिश्रा ने कहा कि एनसीसी छात्रों में देशभक्ति, नेतृत्व और अनुषासन का निर्माण करती है, जो भावी नागरिकों के लिए अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने छात्रों को समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया. कार्यक्रम में खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. पुरस्कृत छात्रों में रिमझिम कुमारी, चांदनी कुमारी, खुशी कुमारी, कबीर कुमार, आशुतोष राज, सूरज कुमार, कुमकुम कुमारी, रजनी कुमारी, शीतल राज, गुड़िया कुमारी, मन्नू कुमार, अनु कुमारी, पंकज कुमार, आस्था नंदिनी, सोरा चंद्र प्रताप, सोनम कुमारी, अमृत कुमार, विक्की कुमार, अजीत कुमार सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल रहे. एनसीसी के धर्मेंद्र कुमार और विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाते हैं. कार्यक्रम में शिक्षकों में सरिता कुमारी, सुमन बाला, आकांक्षा कुमारी, शालिनी कुमारी, नीरू कुमारी, रश्मि कुमारी, कल्याणी रानी, निरा झा, नीलम कुमारी, शिवानी कुमारी, सोनी कुमारी, सोनिया कुमारी, सोहेलुद्दीन अंसारी, राकेश कुमार, शिव कुमार, धीरज कुमार, अमित विक्रम, जोगिंदर कुमार, कन्हैया कुमार, प्रकाश कुमार, मनीष कुमार सिंह रात्रि प्रहरी अरविंद कुमार समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे.

## फुवारीशरीफ में जातिसूचक अपमान और मारपीट का मामला, पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार लगाई



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ के खलीलपुरा मोहल्ले में एक दलित परिवार के साथ जातिसूचक गाली-गलौज और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है. पीड़ित परिवार के अनुसार, मात्र प्रणाम करने पर एक नशेड़ी व्यक्ति ने बेवजह हमला कर दिया और पूरे परिवार को प्रताड़ित किया. हमले में पीड़िता के बेटे का सिर फट गया, जिसे इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. फुलवारी शरीफ थाना में दी गई शिकायत में मीना देवी पत्नी छोटेलाल दास ने बताया कि बंटी किराना स्टोर के बगल में हनुमान मंदिर के पास नंदकिशोर यादव उर्फ.सोहराई पिता लखनी राय को प्रणाम किया, तो वह जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गंदी-गंदी गालियां देने लगा. आरोप है कि बिना किसी कारण के पति-पत्नी दोनों पर हमला कर दिया. इसी दौरान जब उनका बेटा सनी बीच-बचाव करने आया, तो उसे भी बेरहमी से पीटा गया, जिससे उसका सिर फट गया जबकि पीड़ित परिवार का उससे कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं है. घटना के बाद पीड़ित परिवार ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें मेडिकल करवाने की सलाह दी. परिवार ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है. पीड़ित परिवार ने फुलवारी शरीफ थाना में आवेदन देकर न्याय की मांग की है.

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### झपट्टामार बदमाशों ने शिक्षिका से रुपये छीने

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के के आर स्कूल के समीप बुधवार की दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टामार निजी स्कूल की शिक्षिका पुष्पा श्रीवास्तव से दस हजार रुपये छीन लिया। बदमाश दो की संख्या में थे। रुपये छीनकर दोनों पूर्व दिशा की ओर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार नगर के आईटीआई निवासी पुष्पा श्रीवास्तव बेलबाग बंगाली कॉलोनी में संचालित एक स्कूल में शिक्षिका है। बुधवार को वे के आर स्कूल के समीप स्थित एटीएम से रुपये निकालने गई थी। रुपये निकाल वापस लौट रही थी। इसी बीच पश्चिम दिशा से एक बाइक पर सवार दो बदमाश आए। बाइक के पीछे बैठे बदमाश ने झपट्टामार कर रुपये छीन लिया और दोनों पूर्व दिशा की ओर फरार हो गए।

### माले ने अपनी मांगों को लेकर प्रखंड में दिया धरना



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य व्यापी कार्यक्रम के तहत बुधवार को भाकपा माले द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बीडीओ को अपनी मांगपत्र से संबंधित एक ज्ञापन भी सौपा। धरना में शामिल माले नेता केदार राम, नजरे आलम, दिनेश राम, किशोरी राम, अजहर मियां, महंथ दास, संगीता देवी, गायत्री देवी आदि ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कहा कि सरकार द्वारा राज्य में भूमिहीन गरीबों पर बुलडोजर एक्शन से अन्याय हो रहा है। माले कार्यकर्ताओ ने सर्वोच्च न्यायालय के गाइडलाइन का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क किनारे घर बनाकर रह रहे भूमिहीनों को हटाने से पहले सरकार उन्हें भूमि उपलब्ध करवाए। इसके अलावा पीपरा दिउलिया में रह रहे दर्जनों परिवारों के पास भूमि के कागजात नही है, ऐसे में उन्हें पर्चा देने की मांग की। इसके साथ ही सोमगढ़ गांव के 70 से 80 भूमिहीन परिवारों को पर्चा व आवास योजना में शामिल करने की मांग किया है।

### आरओबी पर रोशनी की होगी विशेष व्यवस्था

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के बगहा दो रेलवे ढ़ाला पर निर्मित नवनिर्मित आरोबी पुल पर अब रौशनी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नगर प्रशासन की ओर से पुल पर अत्याधुनिक लाइटिंग व्यवस्था लगाने के लिए करीब 85 लाख रुपये से अधिक का विभागीय एस्टीमेट तैयार कर संबंधित विभाग को भेज दिया गया है। यह जानकारी नगर परिषद बगहा के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा ने दी।उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर पर प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही लाइटिंग व्यवस्था हेतु निविदा (टेंडर) प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। लाइटिंग व्यवस्था न होने के कारण बीते कई महीनों से रात्रि के समय पुल पर वाहनों और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।बगहा शहर सीमावर्ती उत्तर प्रदेश, नेपाल और जिला मुख्यालय बेतिया सहित अन्य शहरों से जुड़ा हुआ है। इस मार्ग पर रोजाना छोटे-बड़े सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है। रात्रि के समय अंधेरा रहने के कारण वाहन चालकों के साथ-साथ राहगीरों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है।लाइटिंग व्यवस्था हो जाने के बाद न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी काफी हद तक कम हो जाएंगी। नगर प्रशासन का दावा है कि इस परियोजना के पूरा होने से शहरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### बिजली चोरी में 12 उपभोक्ताओ पर प्राथमिकी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहरी क्षेत्र में विद्युत विभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान विभाग ने 12 उपभोक्ताओं के यहां बिजली चोरी का मामला पकड़ा है। शहरी जेई गौतम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि छापामारी अभियान में शहर के हरदिया वार्ड 21 निवासी प्रमोद शर्मा, निप्पू कुमार, वार्ड 23 के दीपू कुमार कुशवाहा, ब्लॉक रोड के लालबाबू प्रसाद, वार्ड तीन के विकास कुमार, अमित कुमार, वार्ड 2 के दीनानाथ साह, वार्ड 11 के अजय प्रसाद, अरविंद प्रसाद और रानी सिंह तथा वार्ड 13 के विशाल कुमार गुप्ता व वार्ड 15 के विक्की कुमार के यहां बिजली चोरी पकड़ा गया है। धराए सभी 12 लोगों पर शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। जेई ने बताया कि उक्त सभी लोगों के यहां बकाया के साथ साथ करीब 8,41,572 रुपए जुमार्ना भी किया गया है।

### प्रो गिरीन्द्र किशोर सिंह के निधन पर शोक सभा आयोजित

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के बुद्धिजीवी प्रो गिरीन्द्र किशोर सिंह के निधन पर नगर के जननायक कपूर्री आश्रम में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के प्रबुद्धजनों ने दो मिनट का मौन रखकर सच्ची श्रद्धांजली अर्पित किए। अध्यक्षता समाजसेवी प्रभुनाथ कुशवाहा ने की। इस अवसर अधिवक्ता श्याम नारायण पांडेय, आचार्य दिनेश शुक्ल , शत्रुघ्न झा, शत्रुघ्न बैठा, एकबाल हुसैन, लक्ष्मीनारायण शुक्ल, आदर्श संचान, विकास श्रीवास्तव, बाबा आठुासी, विंदा सिंह समेत अन्य स्थानीय प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कदम

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की ओर से सख्त कदम उठाए जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को अंचल बगहा दो के सीओ मोहम्मद वसीम अकरम के नेतृत्व में अंचल बगहा दो व अनुमंडल मुख्यालय के आसपास के फुटपाथ पर व्याप्त अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान सीईओ मोहम्मद वसीम अकरम के द्वारा अंचल परिसर हुआ अनुमंडल मुख्यालय के आसपास फुटपाथ पर लगे दुकानो को हटाया गया स। साथ ही साथ उनके चेतावनी दी गई थी किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अंचल एवं अनुमंडल कार्यालय के आसपास नहीं करें। अन्यथा उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इधर नगर प्रशासन के द्वारा बगहा बाजार,नवकी बाजार, डीएम एकेडमी चौक, चित्रांगदा सिनेमा चौक और बांबे बाजार रोडकृमें फुटपाथी एवं अन्य दुकानदारों द्वारा सर्विस रोड और सरकारी भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था बराबर प्रभावित हो रही है। यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क को अतिक्रमणमुक्त करने के उद्देश्य से नगर परिषद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की पहल शुरू कर दी है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरोज कुमार बैठा ने जानकारी दी कि बगहा बाजार, नवकी बाजार और अन्य प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले 150 से अधिक फुटपाथी एवं दुकानदारों की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में स्पष्ट लिखा गया है कि दुकानदार एक सप्ताह के भीतर स्वयं सड़क और सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाए। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रशासन बलपूर्वक कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

### चार प्रखंडों के प्रश्न पत्रों का वितरण 11 से 13 दिसम्बर के बीच

**चिरैया, पताही, मधुबन व पकड़ीदयाल प्रखंड के 76 विद्यालयों को किया गया है टैग**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभी 23 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों सहित तीन अन्य प्रखंडों में होनेवाली कक्षा नौवीं एवं ग्यारहवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्रों का वितरण केंद्र स्थानीय महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी को बनाया गया है। उक्त वितरण केंद्र पर सोमवार को प्रश्न पत्रों का पैकेट लदा ट्रक पहुंचा। प्रश्नों के पैकेट को प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह एवं लिपिक विनोद कुमार की निगरानी में ट्रक से उतार कर सुरक्षित स्थान पर रखा गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक श्री सिंह ने बताया कि इस वितरण केन्द्र से चिरैया, पताही, मधुबन व पकड़ीदयाल प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को टैग किया गया है। इसके अलावा फेनहारा प्रखंड के एक विद्यालय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनकरवा को भी जोड़ा गया है। आगामी 15 से 22 दिसम्बर के बीच ग्यारहवीं की अर्द्धवार्षिक एवं 18 से 20 दिसम्बर तक होनेवाली नौवीं की त्रैमासिक परीक्षा के 76 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक अथवा अधिकृत कर्मी यहां से प्रश्न पत्र का उठाव करेंगे। जिसका वितरण कार्य 11 से 13 दिसम्बर के बीच सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। जिसकी जिम्मेवारी विभाग द्वारा बीईओ सरोज कुमार सिंह एवं उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सिंह को दी गई है। बता दें कि प्रश्न पत्र बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना की ओर से उपलब्ध कराए गए है। प्रश्न पत्र वितरण में आसानी हो इसको लेकर पूर्वी चंपारण जिले में कुल आठ वितरण केंद्र बनाए गए है।



# मांझी में बीडीसी की बैठक संपन्न

## मांझी व एकमा विधायकों ने विकास कार्यों में तेजी व जवाबदेही पर दिया जोर

**मांझी/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को बीडीसी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मांझी व एकमा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रणधीर सिंह व मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में प्रखंड की योजनाओं, जनसमस्याओं तथा विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने की।

**चुने हुए जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता देने का निर्देशः**

मांझी के विधायक रणधीर सिंह ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों और उनके सुझावों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि आपसी तालमेल के साथ काम करें। ताकि सरकार की विकास योजनाओं को और बेहतर गति मिल सके। विधायक ने सभी विभागों को चेताया कि जनता से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित होना चाहिए।




**एकमा विधायक ने विकास को अविराम रखने की बात कहीः**

एकमा के विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने आश्वस्त किया कि विकास कार्यों को आगे बढ़ाने तथा स्थानीय समस्याओं के निराकरण में उनका पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास की गति को किसी भी परिस्थिति में धीमा नहीं होने दिया जाएगा।

**इन अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगीः**

बैठक में सीओ सौरभ अभिषेक, बीडीओ उपेंद्र दास, थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी देव आशीष हंस, सीएचसी प्रभारी डॉ. रोहित कुमार, पंचायत प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक के दौरान विभागवार समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी।

**मांझी विधायक ने की पूजा-अर्चनाः**

बैठक से पूर्व पहली बार मांझी प्रखंड मुख्यालय पहुंचने पर विधायक रणधीर सिंह ने हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। मौके पर उपस्थित मुखिया दीपक कुमार मिश्रा व सुमन प्रसाद समेत अन्य लोगों ने दोनों विधायकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

# बालक एवं बालिकाओं को दी गई लिंग आधारित हिंसा की जानकारी





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी जिला अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध 16 दिवसीय सक्रियता अभियान के अंतिम दिन मेहसी प्रखंड के तिरहुत उच्च विद्यालय, मेहसी में किया गया, कार्यक्रम में बालिकाओं एवं बालकों को लिंग आधारित हिंसा के बारे जानकारी दी गई साथ ही बाल विवाह निषेध अधिनियम ,2006 के कानूनी प्रावधानों के बारे मे विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं एवं बालकों से संबंधित 'बाल विवाह मुक्त भारत', 'लैंगिक हिंसा' 'सुरक्षा, अधिकार एवं संरक्षण से जुड़े विभिन्न कानूनों, योजनाओं एवं हेल्पलाइन सेवाओं' के बारे में जागरूकता प्रदान करना था। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत रूप से जागरूक किया गया। बच्चों के लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम 'दहेज प्रतिषेध अधिनियम' 'घरेलू हिंसा अधिनियम' 'महिला एवं बच्चियों से संबंधित सुरक्षा प्रावधान' 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' महिला हेल्पलाइन-181 'चाइल्ड हेल्पलाइन-1098' इमरजेंसी हेल्पलाइन नम्बर-112' प्रतिभागियों को विभिन्न कानूनी उपायों, उपलब्ध सहायता सेवाओं तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में भी व्यवहारिक जानकारी दी गई। साथ बालिकाओं के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम कुमारी गुप्ता महिला एवं बाल विकास निगम की जिला परियोजना प्रबंधक वीरेंद्र राम, जिला मिशन समन्वयक निधि कुमारी, जेंडर विशेषज्ञ निर्भय कुमार एवं स्कूल के शिक्षक प्रभात रंजन कुमार, अखिलेश कुमार, राजीव रंजन कुमार,नवनीत कुमार मिश्रा एवं साजिया विनीश मौजूद रहे साथ ही लगभग 250 बच्चें सम्मिलित हुए। सभी बच्चे एवं बच्चियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का लोगोयुक्त टीशर्ट एवं कैप देकर बच्चों को सम्मानित किया गया।

# 17 को परसा व 18 दिसंबर को रसूलपुर बाजार में अतिक्रमण हटाने का चलेगा विशेष अभियान

**एकमा/रसूलपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के मौजा-परसा बाजार व मौजा-रसूलपुर बाजार में सड़क, दुकानों के सामने व सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए अंतिम चेतावनी जारी कर दी है। एकमा अंचलाधिकारी अमलेश कुमार द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि अब निर्धारित तिथियों पर सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की जाएगी।

**17 दिसंबर को परसा बाजार में विशेष अभियानः**

सीओ अमलेश कुमार द्वारा जारी नोटिस के अनुसार परसा बाजार के सभी अतिक्रमणकर्ताओं को निर्देश दिया गया है कि वे 17 दिसंबर से पहले स्वयं अपना अतिक्रमण पूरी तरह हटा लें। समयसीमा समाप्त होते ही 17 दिसंबर को प्रशासनिक टीम विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी।

**18 दिसंबर को रसूलपुर बाजार में हटेगा अतिक्रमणः**

इसी तरह रसूलपुर बाजार के लिए 18 दिसंबर के पहले की अंतिम तिथि तय की गई है। अतिक्रमण नहीं हटाने पर 18 दिसंबर को बलपूर्वक अभियान चलाया जाएगा। अंचलाधिकारी श्री कुमार ने साफ कहा है कि किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी।

**खर्च की वसूली होगी अतिक्रमण कर्ताओं सेः**

चेतावनी में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि कार्रवाई के दौरान प्रशासन को मशीनरी, श्रमिक या अन्य संसाधन लगाने पड़े, तो पूरा खर्च अतिक्रमण कताओं से वसूला जाएगा। बहरहाल, प्रशासन के इस अंतिम अल्टीमेटम के बाद दोनों बाजारों के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में हलचल तेज हो गई है। बताया गया है कि परसागढ़ बाजार व रसूलपुर बाजार काफी समय से अतिक्रमण की चपेट में हैं। अतिक्रमण हटाए जाने के इस फैसले को आम नागरिकों ने स्वागत योग्य बताया है।

## प्रखंडस्तरीय टीएलएम प्रर्दशनी का आयोजन

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को आदर्श मध्य विद्यालय पटखौली में प्रखंड स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें प्रखंड के 27 संकुल के शिक्षकों ने अपने-अपने टीएलएम का प्रदर्शनी की। शिक्षकों के द्वारा तैयार किया गया प्रदर्शनी अत्यंत प्रभावी एवं शैक्षणिक अधिगम के अनुकूल थे । 27 संकुल के विभिन्न स्कूलों के द्वारा तैयार किये गये टीएलएम प्रदर्शनी में निर्णय की भूमिका में नंदकिशोर प्रसाद प्रदीप कुमार मिश्रा, पूर्णदु सत्यार्थी,अभय कुमार सिंह, हरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र कुमार ,पिंटू कुमार का शिष्टमंडल शामिल था। प्रदर्शनी की अवलोकन के बाद निर्णायक मंडल की ओर से भाषा में रामपुर सीआरसी को प्रथम एवं बोरवल सीआरसी को द्वितीय स्थान मिला।

## प्रेम प्रसंग में फरार युवती बरामद

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीतना थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव से अपने प्रेमी के साथ दो साल से फरार हुई 20 वर्षीय युवती को दो बच्चे के साथ पुलिस ने पश्चिमी चंपारण जिले के बलथर थाना क्षेत्र के भंवरा गांव थाना से बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी प्रेमी रौशन कुमार उर्फ गुलशन कुमार को भी पकड़ कर थाना लाया गया।आरोपी भंवरा गांव निवासी मोहन राउत का पुत्र बताया गया है। दोनों को बलथर से जीतना थाना लाया गया, जिसके बाद युवक को मोतिहारी न्यायालय में भेज दिया गया।

## आगलगी में चारघर जले, लाखों का नुकसान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के राजपुर तुमकड़िया अंतर्गत मठीया गांव में मंगलवार की देर रात्रि अलग-अलग हुई आगलगी की घटना में चार फुसनुमा घर जल गया है। इस घटना में हारून मियां, शमशाद मियां, इमरान आलम और बाबर मियां का फुसनुमा घर जल गया है। इस घटना में पीड़ितों के घर मे रखे कपड़ा, वर्तन, अनाज, फर्नीचर, नगदी, आभूषण समेत लाखो की क्षति हुई है। हालांकि आग कैसे लगी इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना पर पहुचीं अग्निशमन व स्थानीय लोगो की मदद से आग पर काबू पाया गया। पीड़ितों ने बताया कि सभी लोग रात में सभी लोग खाना खाकर सोए थे। तभी अचानक आग लग गई। वही हारून मियां की लड़की की शादी फरवरी महीने में होनी है। शादी को लेकर गहने व आभूषण की खरीदारी हो गयी थी। सबकुछ इस आगलगी में जल गया है। स्थानीय वार्ड सदस्य शानू मिश्रा, मुखिया संतोष कुमार साह, समाजसेवी राधेश्याम मिश्र, नन्हे चौबे, मनीष चौबे आदि लोगो ने पहुचकर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोषा दिलाया है। मुखिया संतोष साह ने बताया कि पीड़ित को काफी क्षति हुई है। घटना की सूचना अंचल प्रशासन और शिकारपूर थाना को दी गई है। इधर अंचलाधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। राजस्व कर्मचारी को जांच के लिए भेजा गया है। ठंड का मौसम को देखते हुए पीड़ित परिवार को तत्काल पॉलीथिन शीट उपलब्ध कराई गई है।

## डाक सहायक पर वित्तीय गबन का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधान डाकघर बेतिया के डाक सहायक उमंग वित्तीय गबन के आरोपों में फंस गए हैं। पश्चिमी अनुमंडल के सहायक डाक अधीक्षक अवधेश कुमार ने उनके खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस मामले में उमंग पर सरकारी और सार्वजनिक धन की धोखाधड़ी एवं गबन का आरोप लगाया गया है। उमंग जो मूल रूप से चौतरवा थाना क्षेत्र के पतिलार गांव के निवासी हैं, फिलहाल बेतिया के बानुछापर इलाके में किराए के मकान में रहते हैं। सहायक डाक अधीक्षक अवधेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने उमंग के खिलाफ वित्तीय गबन की प्राथमिकी दर्ज की है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि उमंग ने विभिन्न डाकघरों के खातों से कुल 48 लाख रुपये से अधिक की राशि का गबन किया।

# नवनिर्वाचित विधायक रणधीर सिंह ने किया मांझी सीएचसी का निरीक्षण

## स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर हुई चर्चा, अल्ट्रासाउंड मशीन व अतिरिक्त एएनएम की मांग

**मांझी/एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवनिर्वाचित विधायक रणधीर सिंह ने मंगलवार को मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया और नव-अभिनंदन किया। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री सिंह ने अस्पताल में मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने चहारदीवारी, पैथोलॉजी, एक्स-रे व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता, डॉक्टरों व एएनएम की सक्रियता सहित कई बिंदुओं का जायजा लिया। इसी क्रम में मांझी सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार ने विधायक से महत्वपूर्ण मांगें रखते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि प्रसूति एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सके। साथ ही मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिससे जांच के लिए मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़े। विधायक श्री सिंह ने पूरे मामले पर गंभीरता से विचार करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में आवश्यक सुधार के लिए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।



# किसानों की तरक्की के लिए सरकार कृतसंकल्पित : मंत्री नारायण प्रसाद

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सूबे के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री नारायण प्रसाद ने कहा कि सरकार किसानों के तरक्की के लिए कृतसंकल्पित है। कृषि मेला किसानों के लिए प्रगति का आसान रास्ता है। उन्होंने कहा कि खेतों में मेहनत करने वाले किसान यदि सही जानकारी, नई तकनीक और उचित मार्गदर्शन प्राप्त करें, तो उनकी मेहनत दोगुना फायदा देती है। यह एक बड़ा कारण है कि राज्यभर के किसान कृषि मेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। मंत्री श्री प्रसाद बुधवार को नगर के बरवत सेना कृषि फार्म परिसर में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला के उद्घाटन अवसर पर किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कृषि मेला किसानों को नई तकनीकों के बारे में जानने का मौका देता है। साथ ही सरकारी योजनाओं और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी को एक ही स्थान पर प्रदर्शित किया जाता है, जिससे किसानों को काफी लाभ मिलता है। इस अवसर पर केवीके के वैज्ञानिकों ने किसानों को रबी मौसम की खेती से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। वहीं, जिला कृषि पदाधिकारी सरफराज असगर ने किसानों के लिए विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एसएमएस घनश्याम शुक्ल ने किया। इस मौके पर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और कई प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे। मंत्री ने किसानों से आग्रह किया कि वे इस कृषि मेले का पूरा लाभ उठाएं और अपनी खेती में नवीनतम तकनीकों को अपनाकर अपनी उत्पादन क्षमता में वृद्धि करें।




# राज्य स्तरीय मशाल फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 अंडर 16 में सारण व अंडर 14 में कटिहार बना विजेता

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गाँधी मैदान में 8 से 10 दिसंबर 2025 तक आयोजित राज्य स्तरीय मशाल फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का सफलतापूर्वक समापन आज किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन 8 दिसंबर को जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला खेल पदाधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के सभी जिलों से खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर खेला गया। तीन दिनों तक चले मुकाबलों में अंडर 14 में कटिहार और जमुई वहीं अंडर 16 में सारण और पश्चिम चंपारण की टीमें फाइनल में प्रवेश किया। दोनों फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। अंडर 14 में कटिहार ने जमुई को 40 से पराजित कर फाइनल मैच जीता वहीं अंडर 16 में सारण ने पश्चिम चंपारण को 21 से पराजित कर चैंपियन बना। प्रतिभागी विद्यार्थियों के लिए आवास एवं भोजन की संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी। आज खेले गए अंतिम दौर में मशाल प्रतियोगिता 2025 का उद्देश्य मसाल खेल प्रतियोगिता बिहार सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को खेल के क्षेत्र में पहचान दिलाना तथा उन्हें बड़े स्तर पर खेलने हेतु तैयार करना है। यह प्रतियोगिता पांच चरणों में आयोजित की जाती है— विद्यालय स्तर, संकुल स्तर, प्रखंड स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर। इन्हीं चरणों के अन्तर्गत राज्य स्तरीय मसाल फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन पूर्वी चंपारण जिले को सौंपा गया था।



# कायस्थ परिवार की समीक्षा बैठक संपन्न

## रचनात्मक कार्यक्रमों पर बनी सहमति, जल्द बनेगी महिला टीम

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्था कायस्थ परिवार की समीक्षा बैठक मंगलवार को स्थानीय आशीर्वाद मार्केट कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संस्था के आगामी रचनात्मक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

**जरूरतमंदों के बीच वितरित होंगे कंबल, होगा स्वास्थ्य शिविरः**

ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सर्वसम्मति से तय किया गया कि सबसे पहले गरीब, असहाय एवं वंचित लोगों के बीच कंबल वितरण किया जाएगा। इसके बाद संस्था द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने पर भी सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा उर्फ मिंटू ने की, जबकि संचालन मुख्य संयोजक अभिजीत श्रीवास्तव ने किया।

**नव वर्ष पर पिकनिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्ताव मंजूरः**



प्रवक्ता आनंद विवेक ने सुझाव दिया कि नव वर्ष के स्वागत और विदाई को लेकर चित्रांश समाज के लोगों के लिए पिकनिक सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाए। प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित करते हुए इस आयोजन की जिम्मेदारी आनंद विवेक को सौंपी गई।

**चित्रांश सम्मान समारोह की हुई समीक्षाः**

बैठक में बीते 03 दिसंबर को आयोजित देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 141वीं जयंती सह चित्रांश सम्मान समारोह की सफलता की समीक्षा की गई। कार्यक्रम अध्यक्ष कमल किशोर सहाय ने कहा कि सारण सर्वदलीय चित्रांश एकता परिषद के सभी संगठनों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया, जिसके कारण यह आयोजन ऐतिहासिक साबित हुआ। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश कुमार सिन्हा, अभिजीत श्रीवास्तव, अजित कुमार, अजय सहाय, राजेश वर्मा, आनंद विवेक, पंकज कुमार वर्मा, डॉ. परेश कुमार, धनंजय श्रीवास्तव, डॉ. कुमार गौरव, अमृत प्रियदर्शी, सागर श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव तथा महिला टीम की सहभागिता उल्लेखनीय रही।

**विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने बढ़ाया कार्यक्रम का गौरवः**

मुख्य संयोजक अभिजीत श्रीवास्तव ने बताया कि समारोह में श्री चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा जी महाराज, हास्य-व्यंग्य कलाकार दीपू श्रीवास्तव, समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के सत्य नारायण प्रसाद, अजीत सिन्हा, कवयित्री रीना सिन्हा, हरेंद्र प्रसाद, भाजपा एनआरआई प्रांतीय संयोजक मनीष सिन्हा, कायस्थ समाज के नेता सितेश रमन आदि की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष ऊंचाई प्रदान की।

## आईसीपी बाईपास रोड पर एलपीजी टैंकर से गैस रिसाव

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आईसीपी बाईपास रोड पर नेपाल की ओर जा रहे एक छढ्ढ लोडेड टैंकर से अचानक गैस का तेज रिसाव शुरू होने पर इलाके में हड़कंप मच गया। रिसाव होते ही टैंकर चालक और खलासी तुरंत नीचे उतरे और लीकेज को बंद करने का प्रयास किया, लेकिन उनका प्रयास सफल होता नही होता देख कर वहां पहुंचे लोगों ने घटना की जानकारी 112 की टीम को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। इसी दौरान एसडीपीओ मनीष आनंद तथा हरैया थानाध्यक्ष किशन पासवान दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया। संभावित खतरे को देखते हुए सड़क के दोनों ओर वाहनों की आवाजाही कुछ समय के लिए रोक दी गई।

# समाज की सजगता से होगा देश का विकास





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों को आयोजित किया गया है जिसके अंतर्गत बच्चों से संबधित सुरक्षित स्थान, डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय कुशी, बुनियाद केन्द्र बारूण, सामुदायिक केन्द्र शमशेरनगर, मण्डल कारा औरंगाबाद एवं अनुमण्डलीय कारा दाउदनगर में वृहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडल कारा औरंगाबाद में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक मनीषा बेबी उपस्थित रही तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा उपस्थित सभी बंदियों को मानवाधिकार के तहत प्रदत्त अधिकार से अवगत कराया गया तथा कहा कि मानवाधिकार का उद्देश्य दुनियां भर के लोगों को उनके अधिकारों के बारे जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित करने के लिए प्रयासों को बढ़ावा देना है। यह दिन मनुष्यों के लिए समानता न्याय और सम्मान के सिद्धान्तों को सुनिश्चित करने के लिए याद दिलाता है। मानवाधिकार हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है और हम सबको इन अधिकारो की रक्षा और प्रचार के लिए मिलकर काम करना चाहिए। मण्डल कारा में आयोजित मानवाधिकार से संबधित कार्यक्रम में जेल अधीक्षक डॉ दीपक कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया एवं जेलर सरोज कुमार के द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रमों को सफल बनानें में पूरा सहयोग किया गया। इस कार्यक्रम में कानूनी बचाव रक्षा प्रणाली के अधिवक्ता अभिनंदन कुमार तथा सहायक बचाव अधिवक्ता चंदन कुमार भी उपस्थित रहे। दाउदनगर उपकारा में मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी विकास कुमार द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में काराधीक्षक, अमित कुमार राय द्वारा इस अवसर पर सभी आवश्यक व्यवस्था किया गया था। इस कार्यक्रम में कानूनी बचाव रक्षा प्रणाली के अधिवक्ता मुकेश कुमार तथा सहायक बचाव अधिवक्ता रंधीर कुमार तथा कारा भ्रमण अधिवक्ता मृत्युन्जय कुमार भी उपस्थित रहे। मण्डल कारा औरंगाबाद में जाने के पूर्व सचिव द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में मानवाधिकार दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए और इस कार्यक्रम को सफल बनानें में पैनल अधिवक्ता स्नेहलता द्वारा सहयोग किया गया। सचिव द्वारा उपस्थित बच्चों के बीच आपस में मानवाधिकार को सशक्त करने पर बल दिया और कहा कि मानवाधिकार के प्रति सभी को सजग रहने की जरूरत है जिससे समाज में भाईचारे की भावना प्रबल हो। समाज में जितना सजग होता है उतना ही देश विकास करता है और भावना भी प्रबल होता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चे द्वारा अपनी उपस्थिति और प्रस्तुत कार्यक्रम से सबका मन मोहा। सचिव के निर्देश पर बुनियाद केन्द्र बारूण में पारा विधिक स्वयं सेवकों को प्रतिनियुक्त करते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराया गया जिसमें विकलांग व्यक्तियों के बीच ट्राई साईकिल का वितरण किया गया। इसी कड़ी में बच्चों के सुरक्षित स्थान बभंडी औरंगाबाद में इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे अधीक्षक राजीव कुमार और प्राधिकार से सतीश कुमार स्नेही ने भाग लिया और बच्चो को मानवाधिकार एवं कर्तव्य पर विस्तृत जानकारी दिया गया। प्राधिकार सचिव के निर्देश के आलोक में मानवाधिकार दिवस पर विधिक साक्षारता स्थापित विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नगर थाना, महिला थाना तथा साईबर थाना का भ्रमण कराया गया जहां छात्र-छात्राओं द्वारा थाना स्तर से किये जाने वाले कार्यो को देखा गया। इस भ्रमण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बीच पढ़ाई के साथ-साथ अपनी सुरक्षा एवं समाज की सुरक्षाओं एवं सभ्य नागरिक बनने एवं अन्य विषयों पर बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना तथा जानकारी उपलब्ध कराना था। छात्र-छात्राओं को थाना भ्रमण के समय पुलिस उपाधीक्षक मनीषा बेबी के निर्देष पर सभी थाना द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

## एक नजर

### दादर गांव में माता कौलेश्वरी के दर्शन को दूर-दूर से पहुंचते हैं श्रद्धालु

**औरंगाबाद।** जिले के गोह प्रखंड के करीब नौ किमी दूर चापुक पंचायत के दादर गांव में माता कौलेश्वरी एवं मां दुर्गा की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है। देवी की प्राचीन प्रतिमा काले पत्थर के रूप में गर्भगृह में विराजमान है। मंदिर के पुजारी उमेशकांत मिश्रा कहते हैं कि माता रानी की प्राचीन प्रतिमा को दर्शन करने के लिए दूर से हजारों भक्त पहुंचते हैं। मन्नत मांग कर चले जाते हैं। जब भक्तों की मन्नत पूरी होती है तो लोग दूर से अपनी मनोकामना उतारने आते हैं। खासकर मंदिर में संतान प्रा`ि के लिए महिला श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है। बताया कि अब तक सैंकड़ों महिलाएं मन्नत पूरा होने के बाद यहां पहुंची है। भक्तों को प्रतिमा के बारे में जानने की उत्सुकता रहती है जिससे यहां के पुजारी के पुर्वजों के द्वारा ही गर्भगृह में माता कौलेश्वरी एवं मां दुर्गा की भव्य प्राचीन कालीन काले पत्थर की प्रतिमा बालिका रूप में मंदिर में स्थापित की गई है। प्राचीनतम माता विराजमान हैं। मंदिर में दान पेटी नहीं है और न ही यहां कोई चढ़ावा होता है। यहां घी का दीया जलता है।

### सलेमपुर गांव का नहर पुल बन गया जानलेवा

**औरंगाबाद।** हसपुरा प्रखंड के सलेमपुर गांव के समीप मुख्य पथ पर स्थित नहर पुल एक जानलेवा स्थान बन गया है। पुल के दोनों ओर घ्ोराबंदी और लाइट लगाने की मांग तेजी से उठ रही है। इस तीखे मोड़ से दिन रात वाहनों का आवागमन होता है जिससे यह कहना मुश्किल है कि कब कौन सा वाहन नहर में गिर जाएगा। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं और जब भी ऐसा होता है ग्रामीण उग्र हो जाते हैं और कई बार सड़क जाम कर देते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए केवल आश्वासन ही मिलता है। बता दें कि सड़क से गुजरने वाले विशेषकर लोग हमेशा खतरे में रहते हैं कि कब वे नहर में गिर जाए। रात के वक्त दुर्घटनाओं की संभावना अधिक होती है। स्थानीय राजेंद्र पासवान, चितरंजन सिंह ने कहा कि पुल का चौड़ीकरण और दोनों तरफ से घेराबंदी किए बिना समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। सलेमपुर नहर पर कई बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर नहर में गिर चुके हैं। भगवान का शुक्र है कि ग्रामीणों के सहयोग से अबतक किसी की जान नहीं गई है। फिलहाल खतरा हमेशा बनी रहती है।

### तीर्थनारायण वैश्य के असामयिक निधन से शोक

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जन संघ काल से ही जुड़े रोहतास जिला निवासी औरंगाबाद जिला के पूर्व मंत्री आजीवन भाजपा समर्पित कार्यकर्ता तीर्थनारायण वैश्य का आकस्मिक निधन से पुरा जिला भाजपा परिवार शोक संतप्त है तथा हसपुरा भाजपा परिवार भी शोक संवेदना प्रकट किया है।शोक संवेदना प्रकट करते हुए अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल आर्य तथा वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि तिर्थनारायण वैश्य ने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने के पूर्व नंगे पांव चलने का संकल्प के साथ व्रत रखा था। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। उन्हें असामयिक जाने से संगठन को अपूर्णिय क्षति हुआ है। पूर्व जिला महामंत्री रविशंकर शर्मा, जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, चन्द्र कान्त मुन्ना, उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह, सुरेश आर्य, मनोज शर्मा, महामंत्री ज्योति नारायण सिंह, दिलीप शर्मा, गया लाल पंडित, नन्दन यादव, विरेन्द्र कुमार विधायक,गनौरी राम,मिन्टु शर्मा, श्रीकांत शर्मा मोहन शर्मा, सुनील सिंह सहीत सैंकड़ों कार्यकर्ता शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### कोरम पूरा नही होने पर पं स की बैठक स्थगित

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड सभागार मे बुधवार को नवनिर्वाचित प्रमुख गीता सिंह की अध्यक्षता मे पं स की बैठक आयोजित की गयी लेकिन सदस्यो की संख्या कम रहने पर बैठक को स्थगित किया गया। बीडीओ कुमार अश्विनी ने कहा कि पूर्व से पं स की बैठक निर्धारित की गयी थी लेकिन 27 लोग ही पहुंचे। कोरम पुरा नही होने पर बैठक स्थगित कर दिया गया। बैठक पुन 16 दिसंबर को निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी एवं अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह, एमओ राजीव रंजन, कार्यक्रम पदाधिकारी जितेंस चन्द्र, कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी, उप प्रमुख रजंति देवी, प्रखंड समन्वयक अमरेन्द्र कुमार, लेखापाल पवन मिश्र, मुखिया गुड़िया देवी, नरेंद्र मिश्रा, युसुफ अली खान पंचायत समिति सदस्य बसंती देवी, रुबी परवीन, नूर फातमा, प्रभा देवी, धीरज सिंह, कमला देवी, उपेंद्र यादव, अरविंद चौधरी, इश्वर चौधरी, मुकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

### एसएस कॉलेज में विश्व मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी आयोजित




**जहानाबाद।** स्थानीय स्वामी सहजानंद सरस्वती कॉलेज, में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में "मानवाधिकार जागरूकता" विषय पर एक संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, एनएसएस स्वयंसेवक तथा महाविद्यालय परिवार के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। डॉ. सुजोय मुखोपाध्याय, डॉ. प्रीति रानी एवं रामजीवन पासवान सहित कई प्रतिष्ठित शिक्षकगण भी इस अवसर पर उपस्थित थे।
संगोष्ठी के मुख्य वक्ता एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अंशु कुमार मल्लिक ने मानवाधिकारों की मूलभूत अवधारणाओं, उनके ऐतिहासिक विकास तथा वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में उनकी प्रासंगिकता पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया।उन्होंने मानवाधिकारों को "मानव अस्तित्व की न्यूनतम गरिमा का आधार" बताते हुए कहा कि समानता, स्वतंत्रता और न्याय जैसी अवधारणाएं तभी साकार होती हैं जब हर व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो। डॉ. मल्लिक ने भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों, संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा तथा युवाओं की भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए मानवाधिकार संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# बच्चे राष्ट्र के भविष्य : प्रखंड विकास पदाधिकारी

## मखदुमपुर प्रखंड में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर(जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड कार्यालय में बुधवार को प्रखंड स्तरीय त्रैमासिक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख किरांती देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और उनके संरक्षण के लिए सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं को मिलकर प्रभावी कदम उठाने होंगे। उन्होंने जोर दिया कि बाल अधिकारों का संरक्षण सामूहिक दायित्व है और जागरूकता के माध्यम से ही समाज को बाल हितैषी बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की, कि कोई भी बच्चा बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल तस्करी या यौन शोषण का शिकार न हो, इसके लिए व्यापक जनजागरूकता जरूरी है। मौके पर डॉ. दिनेश कुमार रॉय ने बताया कि कवच परियोजना के तहत मखदुमपुर की 22 पंचायतों में बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों का गठन कर उन्हें सक्रिय बनाने में संस्था सहयोग कर रही है। वहीं जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि ने उपस्थित सदस्यों से अपने क्षेत्र के वंचित और अनाथ बच्चों की पहचान कर उन्हें परवरिश एवं स्पॉन्सरशिप योजनाओं से जोड़ने हेतु जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने बाल विवाह और बाल श्रम उन्मूलन की शपथ ली। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और कई लोग शामिल रहे।

# बाल विकास विद्यालय में खेल प्रतियोगिता का समापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बाल विकास विद्यालय अंबा में आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता बुधवार को सम्पन्न हो गई। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, हाई जंप, शॉट पुट, लंबी कूद समेत कई खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 132 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग के 400 मीटर दौड़ में प्रिंस कुमार ने प्रथम तथा टीशू कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग के 400 मीटर दौड़ में अनुराधा कुमारी ने प्रथम एवं स्वाति कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शिव शंकर पांडेय, गंगाधर महतो, उपेंद्र उपाध्याय, चंद्रदीप शर्मा, ओमप्रकाश पांडेय एवं विद्यालय के निदेशक अजय पांडेय ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पदक, ट्रॉफी और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक अजय पांडेय ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन बच्चों के समग्र विकास के लिए तकनीकी और समावेशी शिक्षा के साथ पाठ्येतर गतिविधियां आयोजित करता रहता है ताकि विद्यालय के बच्चे आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। निदेशक ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य अरुण कुमार, चंद्रदीप शर्मा, सतीश कुमार, सुनील कुमार, विजय कुमार, रिंकू कुमार, मीडिया प्रभारी रमाकांत कुमार, हेमंत दुबे, राकेश पांडेय, अक्षय कुमार, कौशल पांडेय, आकाश कुमार, शिक्षिका प्रेमशिला कुमारी, कंचन कुमारी, गोल्डी कुमारी, पम्मी कुमारी, नयनतारा कुमारी का आभार जताया है।

# हीरा दास महाराज की मनी पुण्यतिथि

**भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण**

**दुगोला कार्यक्रम आयोजित**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के भीमपुरा गांव में श्री श्री 108 श्री हीरा दास जी महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पूरे गांव का माहौल भक्तिमय रहा। सुबह से ही भक्तों और ग्रामीणों का आगमन शुरू हो गया था। पुण्यतिथि के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसके मधुर भजनों से पूरा वातावरण गूंजता रहा। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक संध्या रही, जिसमें विशेष रूप से कलाकार सुदर्शन व्यास एवं ददन व्यास ने शानदार दुगोला कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दोनों गायकों के बीच हुई इस मनमोहक संगीत प्रतियोगिता ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। पूरी रात ग्रामीण भक्ति और लोकगीतों की धुनों पर झूमते रहे। ग्रामीणों ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि ललन यादव, पूर्व मुखिया सियाराम यादव, मुन्ना यादव, विनोद यादव, विक्की कुमार, रमेश शर्मा, आशुतोष शर्मा, महेंद्र शर्मा, कमलेश यादव, रमेश यादव, बैजनाथ यादव सहित बड़ी संख्या में आसपास के दर्जनों गांवों के लोग उपस्थित रहे।

# जन वितरण प्रणाली दुकानों का डीएम ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के द्वारा जिला अंतर्गत प्रखंड/अंचल/नगर निकाय/ पंचायत स्तर पर सरकार द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं को त्वरित एवं प्रभावी ढंग से लागु करने एवं पारदर्शी कार्यान्वयन हेतु औचक निरीक्षण के आदेश जारी किए गए हैं।इसी के तहत बुधवार को जहानाबाद जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों एवं नगर निकायों में कुल 498 जन वितरण प्रणाली के तहत संचालित दूकानों की जांच जिला स्तरीय /प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा की गई। इस दौरान जांच पदाधिकारी अपने-अपने आवंटित पंचायत/ नगर निकायों के वार्डों में सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों की जांच कर स्पष्ट मंतव्य एवं कार्रवाई की स्पष्ट अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन उसी दिन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किए गए थे। बताया गया कि जन वितरण प्रणाली दुकान की अनुज्ञप्ति एवं अनुज्ञप्ति नवीकरण की स्थिति की भी जांच की गई। दुकान समय पर खुल रहे हैं अथवा नहीं? सूचना पट का प्रदर्शन? मूल्य भंडारण प्रदर्शन पट का प्रदर्शन ? एवं दुकान/खाद्यान्न से संबंधित सूचनाए सही अंकित है या नही ? ई पोश मशीन के अनुसार खाद्यान्न वितरण अवशेष की मात्रा, संबद्ध उपभोक्ताओं की संख्या एवं उठाव की विवरणी भी मांगी एवं जांची गई। प्राप्त एवं संकलित प्रतिवेदनो के आधार कुल 98 जन वितरण प्रणाली दुकानों का जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें कुल 32 जन वितरण प्रणाली दुकानों में अनियमितता पायी गई।जिला पदाधिकारी के द्वारा अनियमित्तता के निराकरण के लिए त्वरित विधिसम्मत एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। बताते चले कि विगत बुधवार अर्थात 3 दिसंबर 2025 को भी इसी पहल के तहत जिला पदाधिकारी के द्वारा जिले के सभी पंचायतो में कार्यरत पंचायत सरकार भवनो एवं वहां संचालित कार्यालय /सेवाओं की जांच के आदेश दिए गए थे। जांच के क्रम में विभिन्न तरह की समस्याएं दृष्टिगोचर हुई, कई स्थानों पर, विभिन्न पंचायतों में पंचायत सरकार भवनो में निर्माण कार्य में शिथिलता पाई गई। साथ ही कई पंचायत पंचायतो में निर्मित पंचायत सरकार भवन पंचायत कार्यालयो में मरम्मति की आवश्यकता है। साथ ही कई पंचायतों में ग्राम कचहरी कार्यालय बंद पाया गया । यह भी प्रतिवेदन किया गया कि कई पंचायतों में ग्राम कचहरी का संचालन सुचारू ढ़ग से नहीं किया जा रहा है एवं कई स्थानों पर निर्धारित स्थल पर ग्राम कचहरी का नियमित आयोजन नहीं किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि संबंधित पदाधिकारी सभी बिन्दुओं पर अनुपालन करना एवं सभी समस्याओं का निराकरण कराते हुये अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

## जानलेवा हमले के मामले में दोषी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार सिन्हा की अदालत ने जानलेवा हमले के मामले में अभय कुमार को दोषी करार देते हुए आईपीसी की धारा 308 के तहत तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामले के एपीपी बिंदु भूषण प्रसाद ने बताया कि जपला (पलामू) निवासी वीरेंद्र कुमार चौधरी ने 2017 में जहानाबाद थाना कांड संख्या 471/17 दर्ज कराया था। आरोप था कि कोर्ट से लौटते समय अभय कुमार ने लोहे की रॉड से उन पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पांच साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने अभय को दोषी ठहराया, जबकि अन्य आरोपित प्रमाण के अभाव में बरी कर दिए।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट व गोलीबारी में राजद नेता घायल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के चरकावा उपरडीह के बधार में भूमि विवाद को ले हुई मारपीट एव गोलीबारी के मामले में राजद नेता सह वार्ड नं 15 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं प्रशासन की मदद से उन्हें तत्काल रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जमीन विवाद को लेकर महिद खान बीच बचाव करने गए थे। इसी दौरान विपक्षी चरकावा निवासी अनिल शर्मा एव उनके साथ रहे लोगों ने लाठी डंडे से प्रहार किया गया। घायल माहिद खान ने बताया कि गोली चलाया गया जो पैर में गोली लगी है तथा सर पर लाठी-डंडे एवं लोहे के रॉड़ से प्रहार किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम संतन कुमार, एसडीपीओ 1 संजय कुमार पाण्डेय, सदर एसडीपीओ 2 चंदन कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार,रफीगंज थानाध्यक्ष शम्भू कुमार, कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह, फेसर थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी , पौथू थानाध्यक्ष सोमेश्वर नाथ, बन्दया थानाध्यक्ष सूरज कुमार, मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सहित जिले के कई थानों से पहुंची पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी में लगी हुई है। एसडीपीओ (1) ने बताया कि भूमि विवाद में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है तथा गोलीबारी की पुष्टि हुई है। हथियार बरामदगी के संबंध में उन्होंने कहा कि मामला अनुसंधानाधीन है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। खबर भेजे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी थी।

# एक पुल के लिए तरस रहे हैं बैरवां लोकनाथ गांव के ग्रामीण

## चचरी पुल के सहारे नदी पार कर गांव जाते हैं ग्रामीण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के नबीनगर प्रखंड मुख्यालय से 15 किमी दूर बैरियां पंचायत के बैरवां लोकनाथ गांव के ग्रामीण आजादी के 78 वर्षो के बाद भी एक पुल के लिए तरस रहे हैं। रामरेखा नदी के किनारे पर बसे बैरवां लोकनाथ गांव में आने-जाने का कोई साधन नहीं है। नबीनगर-सीरिस मुख्य पथ से गांव की दूरी करीब एक किमी है। ग्रामीण रंजीत पांडेय, राजा पांडेय, अंकित कुमार ने बताया कि मुख्य पथ से गांव तक जाने के लिए एक किमी कच्ची सड़क का निर्माण भी गांव के ग्रामीणों के द्वारा अपने निजी पैसे से कराया गया है। बता दें कि जब नदी सूखी होती है तो ग्रामीण नदी से पार होकर इस पार से उस पार जाते हैं। सबसे अधिक समस्या ग्रामीणों को बारिश के दिनों में होती है। रात्रि में कोई बीमार पड़ जाता है तो चचरी पुल के सहारे खाट पर टांगकर मुख्य सड़क पर लाया जाता है जिसके बाद गाड़ी से उसे नबीनगर या फिर औरंगाबाद भेजा जाता है। वहीं सबसे अधिक समस्या स्कूली बच्चों को होती है जो कोचिंग पढ़ने के लिए साइकिल से लगभग दो किमी की दूरी तय कर बैरिया जाते हैं। बाइक चालक व साइकिल सवार चचरी पुल पार करते समय नदी में गिरकर घायल भी हो चुके हैं। बता दें कि हर वर्ष आपसी सहयोग से चचरी पुल का निर्माण किया जाता है। ग्रामीण जान हथेली पर लेकर चचरी पुल आना जाना करते हैं। गांव आने जाने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं होने के कारण गांव का विकास भी ठप पड़ा है। स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से पुल निर्माण की मांग की परंतु अबतक कोई सार्थक पहल नहीं की गई है।

# न्याय, समानता, स्वतंत्रता और गरिमा को जीवन में अपनाने की अपील



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कायनात इंटरनेशनल स्कूल, जहानाबाद में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त (डीडीसी) प्रीति कुमारी ने किया। उन्होंने छात्रों को मानवाधिकारों के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए न्याय, समानता, स्वतंत्रता और गरिमा जैसे मूल अधिकारों को जीवन में अपनाने की अपील की।
कार्यक्रम में छात्रों ने मानवाधिकार विषय पर प्रोजेक्ट और मॉडल प्रदर्शित किए, जिनके माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह से विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। विद्यालय के निदेशक शकील अहमद काकवी ने कहा कि मानवाधिकार दिवस का उद्देश्य बच्चों को अधिकारों, कर्तव्यों और सामाजिक मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाना है। उन्होंने बताया कि स्कूल हर साल इस दिवस को शिक्षात्मक गतिविधियों के साथ मनाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन मो. ईरशादुल्लाह भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि वे कई वर्षों से इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं और स्कूल की निरंतर प्रगति देखकर प्रसन्न हैं। उन्होंने बताया कि कभी यह क्षेत्र घने जंगलों और कठिन रास्तों वाला इलाका था, लेकिन आज यह शिक्षा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मानवाधिकार दिवस जैसे अवसर का मुख्य अतिथि बनना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शिक्षा नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 20 वर्षों में बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं। गांव-गांव में स्कूलों के निर्माण और प्राथमिक शिक्षा को मजबूती देना सरकार की बड़ी उपलब्धि है।वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में चेयरमैन ने बताया कि बोर्ड की सभी जमीनों को पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि वक्फ से संबंधित रजिस्ट्रेशन, कब्रिस्तानों की बाउंड्री वॉल और अन्य विकास कार्य सरकार की पहल पर तेजी से किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार धर्म या समुदाय के आधार पर भेदभाव नहीं करती, बल्कि सबके हित में समान रूप से कार्य कर रही है।

## डुमरा में बुजुर्ग की मौत के बाद सरपंच ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के डुमरा गांव निवासी (70) वर्षीय बेशलाल चौधरी का अचानक हो गया। उनका परिवारिक स्थिति काफी कमजोर, आर्थिक तंगी होने के कारण हालात दयनीय है। उनकी माली हालत को देखते हुए ग्राम कचहरी डुमरा के सरपंच रिंकी देवी एवं प्रतिनिधि श्यामकिशोर यादव ने मदद करने का फैसला लिया। उन्होंने बताया कि वे अत्यंत गरीब एवं लाचार परिवार से संबंध रखते थे। मृतक का बेटा मानसिक रूप से कमजोर होने के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी बेहद कमजोर है, जिसके कारण परिवार के सामने श्राद्ध-कार्य संपन्न कराने का संकट खड़ा हो गया था। गरीबी और विवशता की इस स्थिति को देखते हुए ग्राम कचहरी डुमरा की सरपंच रिंकी देवी एवं प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव आगे आए और उन्होंने स्वर्गीय बेशलाल चौधरी की पत्नी सोनापति देवी, पुत्र रविंद्र चौधरी तथा पुतोह समुद्री देवी को अंग-वस्त्र सहित संपूर्ण श्राद्ध सामग्री प्रदान की।

# रफीगंज में विधायक का जोरदार स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रमुख कार्यालय में बुधवार को दोपहर नवनिर्वाचित प्रमुख एवं पंचायत समिति सदस्यों ने विधायक प्रमोद कुमार सिंह का भव्य स्वागत किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने विधायक को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।
विधायक ने बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार अश्विनी एवं अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह के साथ ब्लॉक परिसर की विभिन्न समस्याओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने वाले पदाधिकारी व कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। कार्यक्रम के दौरान नई टीम के उत्साह और विकास को लेकर सकारात्मक माहौल देखा गया।स्वागत समारोह में प्रमुख गीता देवी, उप प्रमुख रजंति देवी, मुखिया गुड़िया देवी, नरेंद्र मिश्रा, बिदाई देवी, पंचायत समिति सदस्य बसंती देवी, रुबी परवीन, नूर फातमा, प्रभा देवी, धीरज सिंह, कमला देवी, रिंकी देवी, प्रमुख प्रतिनिधि बुलबुल सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, हम प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि अनुज कुमार सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि जुबैर अंसारी, अरमान खान, वीरेंद्र यादव, उपेंद्र यादव, राजीव सिंह, विपीन सिंह सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# कृषि जन कल्याण चौपाल और रबी महाभियान का आयोजन

## किसानों को खेती से संबंधित दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र संजात पंचायत में बिहार सरकार कृषि विभाग के अंतर्गत आत्मा द्वारा कृषि जन कल्याण चौपाल बसंतिक रबी महाभियान का आयोजन किया गया। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, भगवानपुर, शाश्वत कुमार द्वारा आत्मा योजना अन्तर्गत किसानों को षि के विभिन्न प्रक्षेत्रों में प्रशिक्षण, परिभ्रमण के बारे में बताया एवं तकनीकी प्रबंधक ने बताया कि खेतीबाड़ी में सिंचाई प्रणाली का बहुत महत्व होता है. अगर फसलों की सिंचाई पर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो इसका सीधा प्रभाव फसल की पैदावार पर पड़ता है। कई बार खेती में सिंचाई कम या ज्यादा होने के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचता है. ऐसे में किसानों को फसलों की सिंचाई तकनीक की जानकारी अवश्य रखनी चाहिए। पीएमके एसवाई योजना के तहत 90 प्रतिशत अनुदान पर सूक्ष्म सिंचाई की आधुनिक प्रणालियां उपलब्ध है। अभी बेहतर तरीका स्प्रिंकलर और रेनगन से पूरे खेत में एक समान पानी से सिंचाई हो सकती है। इसमें वर्षा की तरह सिंचाई होती है, जबकि ड्रिप एरिगेशन में सीधे पौधे की जड़ में पानी पहुंचता है। जिले में सिंचाई सुविधाओं में शामिल नहर, नलकूप की पहुंच अधिकांश हिस्सों में नहीं है। जिससे किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए निजी संसाधनों का ही सहारा रहता है। इससे किसानों के खेती की लागत बढ़ रही। ड्रिप प्रणाली से गन्ने, सब्जी, केला और बागवानी की फसलों में उत्पादकता बढ़ रही है। जैसे-जैसे किसानों को योजना की जानकारी हो रही है, वैसे ही इसके उपयोग करने में रूचि ले रहे हैं। स्प्रिंकलर और रेनगन से धान, गेहूं, सब्जी की सिंचाई में बचत हो रही है। महंगे डीजल के कारण भी यह विधि लाभप्रद साबित हो रही है। कृषि समन्वयक पवन कुमार ने षि विभाग के जैविक खेती पर षि इनपुट, खुद से तैयार करने के तरीके को बताया, बीज उपचार एवं टीकाकरण के फायदे की विस्तारित चर्चा करते हुए उन्होंने बताया जैविक तरीके जैविक कृषि के अन्तर्गत बीज को जैव - उर्वरकों के द्वारा उपचारित करें।नाइट्रोजन जीवाणु खाद के लिए दलहनी फसलो जैसे मूंग, उड़द, चना, इत्यादि को राइजोबियम कल्चर से तथा अनाज वाली फसलों को एजेक्टोबेक्टर-एजोस्पाइरिलम कल्चर से बीज उपचार में मिट्टी जनित रोग से तो छुटकारा पा ही सकते हैं साथ ही पौधे को उचित पोषण भी मिल जाते हैं। उन्होंने अनुदानित दर पर बीज वितरण के बारे में भी बताया। मिट्टी जांच, कृषि यंत्रीकरण योजना एवं कृषि विभाग के रबी बीज वितरण योजना को बताया। सहायक तकनीकी प्रबंधक राजू कुमार द्वारा मशरूम की खेती पर चर्चा करते हुए बताया कि ढ़ींगरी (अयस्टर) मशरूम की खेती वर्ष भर की जा सकती है। इसके लिए अनुकूल तापमान 20-30 डिग्री सेंटीग्रेट और सापेक्षित आर्द्रता 70-90 प्रतिशत चाहिए। अयस्टर मशरूम को उगाने में गेहूं व धान के भूसे और दानों का इस्तेमाल किया जाता है। यह मशरूम 2.5 से 3 महीने में तैयार हो जाता है। इसका उत्पादन अब पूरे भारत वर्ष में हो रहा है।कम जगह और कम समय के साथ ही इसकी खेती में लागत भी बहुत कम लगती है, जबकि मुनाफा लागत से कई गुना ज्यादा मिल जाता है। मशरूम की खेती के लिए किसान किसी भी कृषि विज्ञान केंद्र या फिर षि विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण ले सकते हैं और ये आत्मा विभाग द्वारा भी दिलाया जाता है।इस किसान चौपाल में श्री चरण शर्मा, चंदेश्वरी पासवान, राजीव कुमार झा, सुनीता देवी एवं पंचायत के जनप्रतिनिधिगण, किसान सलाहकार रामकुमार महतों सहित सैकड़ों प्रगतिशील महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित हुए ।

# श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** बल, ऐश्वर्य का अहंकार क्षणिक है। उसका नाश अवश्यंभावी है। भगवान का आविर्भाव अहंकार और दुराचार का नाश करने के लिए होता है। भगवान श्रीकृष्ण का आविर्भाव भी इसी उद्देश्य से होता है। ये बातें बनारस के पिशाच मोचन आश्रम के आचार्य श्री कुंज बिहारी कश्यप ने बुधवार की शाम एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नावकोठी मैदान में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कही। उन्होंने श्रीष्ण जन्मोत्सव के साथ साथ शिव विवाह की चर्चा की। कहा कि मथुरा में कंस का आतंक पराकाष्ठा पर था। कंस शक्तिशाली के साथ दुराचारी भी था। सारे गोकुलवासी भगवान श्रीष्ण के इस धराधाम पर आने के लिए व्याकुल थे। कहते थे कब भगवान का आगमन होगा और गोकुल वासी को त्राण मिलेगा। इधर कंस को भगवान श्रीकृष्ण के देवकी के गर्भ से आठवें संतान के रूप में जन्म लेने की भनक लग गयी। वह क्रोध से तिलमिला उठता है। देवकी और वसुदेव को कारागार में रखा जा रहा है। भगवान श्रीष्ण के दर्शन को भगवान शंकर भी लालायित थे। साधु का भेष धारण कर पधारते हैं। उनके दिव्य रूप को देखकर दासी कहती है ये त्रिलोकीनाथ हैं। भगवान शंकर कहते हैं कि यह बालक जगत का उद्धारकर्ता है। भगवान श्रीष्ण ने इस धराधाम पर से अनाचार, पापाचार का खात्मा कर मानव मात्र का कल्याण किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के पाठ करने और श्रवण करने से मनुष्य के अंधकार रूपी ज्ञान खुल जाते हैं। मनुष्य तन पाने के लिए देवता भी लालायित रहते हैं। कथा में बिहारी झा, सौरभ कुमार, पिंटू कुमार, यजमान महेंद्र सिंह, सुबोध कुमार, जंगली पंडित और काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया।

# आंगनबाड़ी केंद्र में लगी आग

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय पंचायत नावकोठी वार्ड संख्या 2 में अवस्थित आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 39 में बीती रात आग लग गई। इससे आंगनबाड़ी केन्द्र में रखा गोदरेज, रजिस्टर, टीवी सहित कई अन्य समान जलकर राख हो गया। सेविका मंजू कुमारी ने बताया कि आज सुबह जब केन्द्र संचालन हेतु केन्द्र पर पहुंची तो गेट छूने पर गर्माहट महसूस हुई। ताला खोलकर अंदर गई तो केन्द्र पर रखे खिलौने, रजिस्टर, गोदरेज, टीवी आदि जला पाई। बिजली रिचार्ज नहीं होने से बिजली भी नहीं थी। बिजली के सभी तार सही सलामत थी। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका। इसकी जानकारी उसने सीडीपीओ को लिखित दी है।

# सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच बांटे गए कंबल




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** प्रखण्ड के गौरा पंचायत में बुधवार को डा. दम्पति ने अपनी पुत्री के जन्मनदिन पर कम्बल वितरण किया। बुधवार को डा. कुमारी अनामिका और डा. प्रकाश ने अपनी पुत्री अनिका प्रकाश का जन्मदिन इस वर्ष भी अपने पैतृक गांव गौड़ा में जरूरतमंद लोगों के बीच मनाया। जन्मदिन का यह सामाजिक स्वरूप पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। कार्यक्रम के दौरान डाक्टर दंपति द्वारा 125 जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण तथा बच्चों और ग्रामीणों को नाश्ता एवं केक उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछवाड़ा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड अनिल कुमार शर्मा, सेवा निवृत्त शिक्षक सचिदानंद राय, बैंक ऑफ बड़ौदा के पूर्व प्रबंधक विजय कुमार सिंह तथा माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव रौशन कुमार सहित कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी की सहभागिता ने आयोजन को सामाजिक रूप से और अधिक सार्थक बना दिया।ग्रामीणों के अनुसार डॉक्टर दंपति द्वारा हर वर्ष अपनी बच्ची का जन्मदिन गांव के जरूरतमंदों के बीच मनाए जाने की परंपरा अत्यंत प्रेरणादायक है। स्थानीय लोगों ने कहा कि जहां आजकल अधिकतर परिवार जन्मदिन होटल, रेस्टोरेंट या रिसर्ट में मनाना पसंद करते हैं, वहीं डा. अनामिका और डा. प्रकाश का यह कदम समाज में संवेदनशीलता और मानवीयता को बढ़ावा देने वाला प्रयास है। ग्रामीणों ने इस पहल की भरपूर प्रशंसा की और इसे अनुकरणीय बताया। इस कार्यक्रम से पूरे गांव में सकारात्मक माहौल बना रहा और उपस्थित लोगों ने डॉक्टर दंपति की इस सामाजिक परंपरा की भूरि-भूरि सराहना की।

# राष्ट्रीय भावना से कार्य करती है एबीवीपी : आलोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** अभाविप ने बुधवार को एपीएसएम कलेज बरौनी में अपनी इकाई का पुनर्गठन। पुनर्गठन के दौरान अंकित को कॉलेज अध्यक्ष एवं अनुभव कुमार को कॉलेज मंत्री बनाया गया है। आजकल भारती विद्यार्थी परिषद के द्वारा एपीएसएम कॉलेज बरौनी में छात्र सम्मेलन सह कॉलेज इकाई गठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मंच संचालन नगर मंत्री प्रियांशु कुमार एवं कॉलेज इकाई की घोषणा नगर अध्यक्ष चंदन कुमार ने किया। छात्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए एलएनएमयु छात्र संघ अध्यक्ष सह बेगूसराय विभाग संयोजक आलोक कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद एपीएसएम कलेज इकाई काफी सशक्त और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए सदा तत्पर पर रहने वाला इकाई है। विद्यार्थी परिषद के एक-एक कार्यकर्ता राष्ट्र के प्रति अपना जीवन का एक-एक बूंद रक्त भी हमेशा देने को तैयार हैं। नव दायित्व प्राप्त कार्यकर्ताओं से भी इससे अच्छे कार्यकाल की अपेक्षा की जाती है। मौके पर एपीएसएम कॉलेज के प्राचार्य मुकेश सर ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता देशहित में हमेशा कार्य करने हेतु तत्पर रहते हैं। उसके पीछे हमारी विशिष्ट कार्य पद्धति है। विद्यार्थी अपने छात्र जीवन में सीखे हुए देशभक्ति का भाव एवं निस्वार्थ सेवा के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाते हैं। इस अवसर पर पूर्व विभाग प्रमुख विजेंद्र सर ने कहा कि आप लोगों को विद्यार्थी परिषद ने दायित्व दिया है। ऐसे में विद्यार्थी परिषद की गतिविधि को संचालित करना एवं इसे छात्र-छात्राओं के बीच प्रसारित करना चाहिए, ताकि आपके विचारों की स्वीकार्यता बढ़े। मौके पर पूर्व नगर मंत्री आनंद कुमार एवं जिला सोशल मीडिया संयोजक विकास झा ने भी उपस्थित छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी परिषद की गतिविधि से परिचय कराया है और कहा कि विद्यार्थी को अपने छात्र जीवन का 5 वर्ष विद्यार्थी परिषद में काम करना चाहिए, ताकि उन्हें अपने दृष्टिकोण को विस्तृत एवं सुदृढ़ करने का अवसर मिल सके। मौके पर छात्र नेता ध्रुव कुमार कॉलेज सह मंत्री गौतम कुमार मुस्कान कुमारी कॉलेज कोषाध्यक्ष साहिल मिश्रा कलेज कार्यालय मंत्री सचिन कुमार कॉलेज उपाध्यक्ष अमन मोहन अनिकेत शिवानी कुमारी नगर सह मंत्री सुजीत बादल कुमार स्वराज कुमार राज कुमार सौरभ कुमार अभिनव आनंद सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पोलियो उन्मूलन अभियान को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में 14 दिसंबर से होने वाले पांच दिवसीय पोलियो उन्मूलन अभियान की सफलता के लिए आंगनबाड़ी सेविका का उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को पीएचसी में किया गया। इसकी अध्यक्षता बी सीएम उषा कुमारी ने की। डब्लूएचओ प्रतिनिधि अमरेश कुमार ने उपस्थित आंगनबाड़ी सेविका को पोलियो की प्राथमिकता की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में नवजात शिशुओं को दो बूंद दवा पिला कर प्रतिरक्षित करना पहली प्राथमिकता है। अपने कार्य क्षेत्र में कार्य करने के दरम्यान इन्हें चिह्नित कर प्रतिरक्षित करना हमारा प्रथम दायित्व है। नवजात से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों की खोज कर पोलियो की खुराक देकर प्रतिरक्षित करने के तौर तरीके को बताया। कार्य अवधि में नवजात शिशु पुस्तिका में भरना, पी टेलीसीट, एक्स टेलीसीट भरने, गली, कूचे, स्कूल, ईट भठ्ठा, आंगनबाड़ी केन्द्र भ्रमण कर उसपर उपस्थित बच्चों को प्रतिरक्षित करने का निर्देश दिया। मौके पर बीएमसी गोपाल शर्मा, एल एस ष्णा कुमारी, लेखा पाल राजीव कुमार, बीएम ई ए संदीप चंद्र, सेविका आदि ने हिस्सा लिया।

# युवक का फंदे में लटका मिला शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी थाने के हसनपुर बागर पंचायत के चकमुजफ्फर स्कूल से उत्तर बांसबाड़ी में बांस से फंद्दे से झुलता हुआ एक युवक की लाश मिली। बुधवार की सुबह जब शौच अथवा खेत देखने जा रहे ने लाश को देखा। लोगों ने इसकी सूचना अन्य ग्रामीण तथा पुलिस पदाधिकारी को दिया। सूचना पाकर पुलिस पदाधिकारी एस डीपीओ कुंदन कुमार, इंस्पेक्टर रामकुमार सिंह, थानाध्यक्ष राजीव रंजन, एसआई विश्वजीत कुमार दलबल के साथ सूचना स्थल पर पहुँच कर फंदे को काटकर शव को उतारा गया। मृतक की शिनाख्त ललन पासवान के छोटे पुत्र रिंकेश कुमार (20) के रूप में की गई। हत्या अथवा आत्महत्या की बिन्दु पर पुलिस तहकीकात प्रारंभ कर दिया है। घटना के संबंध में और बिन्दु पर जांच के लिए एफएसएल टीम आई। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मनबढ़ू किस्म का था। किसी भी किसानों का केला काटना, पेड़ काटना, मिरची तोड़ लेना ये सब आम बात था। मृतक के चाचा अवध पासवान ने बताया कि मुझे सुबह में पता चला कि रिंकेश की लाश बांसवाड़ी में फंद्दे से लटकी हुई है। उसको किसी से दुश्मनी नहीं थी। स्थानीय मुखिया विजय पासवान ने बताया कि मृतक रिंकेश थोड़ा मनबढ़ू था लेकिन उसको किसी से दुश्मनी नहीं थी। वह गांव में ही रहता था। इधर एक साल से पढ़ाई भी छोड़ दिया था। मृतक बगल के ही चक मुजफ्फर स्कूल में प्लस टू का विद्यार्थी था। लेकिन फर्म नहीं भरने के कारण वह एग्जाम नहीं दे सका था। पिछले 1 साल से पढ़ाई बंद था। वह मंगलवार के शाम से ही घर से लापता था। शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। मौके पर आरक्षी अधीक्षक मनीष कुमार भी आए। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और तहकीकात में जुट गये।

# नशेड़ी ने की अपने सहोदर भाई की हत्या, गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मटुकपुर में दो भाइयों के आपसी विवाद में एक भाई ने दूसरे की पत्थर से मारकर हत्या कर दिया। मृतक 25 वर्षीय राजू साह है। वह दशरथ साह का पुत्र है। बताया जा रहा कि दोनो भाई नशेड़ी है। दोनो सुलेशन सुंघकर नशे में हो जाते थे। मटुकपुर बाजार से उसका नशेड़ी भाई वीरेंद्र साह ने राजू साह को घसिटते हुए अपने घर ले गया। जहां मारपीट के दौरान पत्थर से मारकर राजू के सिर, मुंह व पेट को चोटिल कर दिया। जहां पर भारी जख्म के निशान देखे जा रहे थे। जख्म से अत्यधिक खून गिर रहा था। जिससे राजू की मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया। उसके बाद परिजनो को सौंप दिया। इधर, पुलिस ने हत्या के आरोपी वीरेंद्र साह को गिरफ्तार कर लिया। वह मृतक का सहोदर भाई है। वह थाना में भी नशे की हालत में भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने तुरत पकड़ लिया। मृतक सबसे बड़ा था। संजय साह, चिलर साह (छोटे भाई) रांची में अपने मां और बहन के साथ रहते हुए प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते है। छह माह पूर्व एक भाई जितेंद्र साह की मौत हो चुकी थी। एसडीपीओ आरा 2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि दोनों भाई नशेड़ी थे। आपस में मारपीट कर हत्या कर दिया है। पुलिस मृतक के पिता और पुत्र पर हत्या में शामिल होने की संदेह जता रही है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

# राष्ट्रीय आविस्कार अभियान के तहत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखंड के मिडिल स्कूल पालीडीह में बुधवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विज्ञान प्रदर्शनी और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ घर्मवीर कुमार प्रभाकर, एचएम अवधेश कुमार आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। विकसित भारत के लिए विज्ञान व नवाचार की संभावनाएं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम युग की आगाज, संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर क्विज व विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। बीडीओ ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया। विकसित भारत के लिए विज्ञान व नवाचार की संभावनाएं क्विज में क्लास 6 से 8 में कन्या सूर्यपुरा के पीयूष कुमार एवं क्लास 9 से 12 में हाई स्कूल बनवारीपुर के अविनाश कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी थीम के प्रदर्शनी में क्लास 6 से 8 में प्रखंड कलोनी के आयुष राज एवं क्लास 9 से 12 में बनवारीपुर के तारिक अली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्विज में क्लास 6 से 8 में अकहा के अंकित कुमार एवं प्रदर्शनी में कविया की स्मिता कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। क्वांटम युग की आगाज क्विज में क्लास 9 से 12 में ताजपुर के मुस्कान कुमार एवं प्रदर्शनी में बनवारीपुर ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में सफल बच्चे को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर एचएम अशोक, गोपाल, रईस, मनोज, विश्वनाथ, गीतांजलि, अर्चना,शिक्षक प्रिया, नितेश, राजीव, अनुपम, ब्रजेश, अमितेश, संजीव, अमित, प्रभात, श्वेता, तेजस्विनी सहित बच्चे मौजूद थे।

## दुर्घटना में एक जखमी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया फोरलेन पर मंगलवार की देर शाम को नदवां ओपी क्षेत्र के मोरहर नीमा पुल के पास सड़क के किनारे खड़ी एक लोडेड ट्रक में कोयला लदा हुआ एक ओवरलोड ट्रक ने जोरदार ठोकर मार दिए, जिससे सड़क किनारे ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमे बैठे हुए एक चालक चोटिल हो गया है। मौके पर सूचना मिलते ही पहुंचे नदवां ओपी प्रभारी अंकित कुमार ने बताया की एक चालक जख्मी हुआ है इसके अलावा ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है हालांकि यातायात बाधित नहीं हुई है दोनों ट्रक को साइड कर दी गई है अभी तक किसी के द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है।

# अपराधियों ने किया लूटपाट का प्रयास

## बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मंसूरचक।** थाना क्षेत्र अंतर्गत समसा चौक पर विजय किराना स्टोर के संचालक विजय महतो प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर रात के 9 बजे लगभग समसा से अपने घर जमालदीपुर के लिए चले थे उसी दौरान जमलादीपुर शर्मा टोला के बीच जैसे पहुंचे की उनको रोकने की कोशिश किया गया। विजय महतो ने बताया कि पीछे एक बाइक सवार पर तीन व्यक्ति थे और पीछे-पीछे चल रहा था और जब नहीं रूके तो पीछे से गोली चला दिया जिसमें 42 वर्षीय बैधनाथ महतो पिता स्वर्गीय जगदीश महतो के पैर में छूकर निकल गया और पैर के जांघ में ताजा घाव जैसा था। विजय महतो ने बताया कि शोर करने पर कुछ दूरी पर अपराधियों ने बाइक रोका था लेकिन ग्रामीणों की आहट पर वे लोग भाग निकले जिसकी सुचना थानाध्यक्ष गोविन्द कुमार पाण्डेय को दिया गया और सुबह आवेदन दिये जाने की बात कही है। प्राथमिकी दर्ज की प्रक्रिया खबर प्रेषण तक जारी था।

## भाकपा नेता का निधन

**बेगूसराय।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कुशमहौत पंचायत के पूर्व शाखा मंत्री कामरेड मोहम्मद नौशाद के असामयिक निधन पर पार्टी ने शोक मनाया। मृत्य शरीर घर पर पहुंचने से पहले ही लोगों का भीड़ इकट्ठा हो गया। भाकपा नेता सह अंचल प्रभारी कामरेड अनिल कुमार अंजान, मुखिया कामरेड पवन सदा, वार्ड सदस्य कामरेड तेजो पासवान, माकपा नेता कामरेड मोहम्मद उस्मान, कामरेड राम जी पासवान, राजद नेता मोहम्मद इकबाल सहित दर्जनों लोग जनाजे की नमाज में शामिल हुए । इससे पूर्व पार्टी का झंडा के साथ अंतिम विदाई दी गई। अंजान ने बताया कि कामरेड मोहम्मद नौशाद का पूरा परिवार भाकपा से जुड़ा है। इनकी सक्रियता एवं सूझबूझ को देखते हुए मात्र 21 साल की आयु में इन्हें शाखा मंत्री बनाया गया। इस जिम्मेदारी का इन्होंने बखूबी निर्वाह किया। पार्टी के प्रति जो इनका समर्पण था वह हम सबों के लिए प्रेरणादाई है। हिंदू एवं मुसलमान दोनों के बीच ये काफी लोकप्रिय थे। इनके निधन से ना सिर्फ कुशमहौत पंचायत बल्कि बेगूसराय अंचल भी प्रभावित हुआ है। पार्टी के लिए यह अपूर्णिय क्षति है।

# मसौढ़ी में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पद रिक्त

## 10 दिनों बाद भी अब तक नहीं मिला किसी को प्रभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी बीआरसी कार्यालय में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के सेवानिवृत्ति के बिते 10 दिनों बाद भी अब तक बीईईओ का प्रभार और पदस्थापना अभी तक नहीं हो पाई है। जिस वजह से बीआरसी कार्यालय में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीएससी कार्यालय से किसी भी तरह का कोई भी पत्र जिला मुख्यालय तक पत्राचार नहीं भेजा जा रहा है। शिक्षकों की सेवा पुस्तिका नहीं बन पा रही है। समेत कई तरह के प्रशासनिक कार्य में बाधा पहुंच रही हैं। दरअसल बता दे की निवर्तमान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर के सेवानिवृत्ति के बाद मसौढ़ी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पद रिक्त है। और अभी तक किसी पदाधिकारी को प्रभार भी नहीं मिल पाया है। जिससे विद्यालय संचालन की मॉनिटरिंग, बीआरसी कार्यालय की प्रशासनिक कार्य समेत कई तरह के कार्यों में बाधा पहुंच रही है।

# लनामिविवि में विश्व मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन बुधवार को हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो शाहिद हसन ने समानता, न्याय, पर्यावरण संरक्षण और बच्चों के प्रति अधिकार पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में अध्यक्षीय संबोधन देते हुए प्रो मुनेश्वर यादव ने मानवाधिकार शब्द में मानव और अधिकार पर राजनीतिक और दार्शनिक व्याख्या के द्वारा निजी स्वतन्त्रता, समानता, राज्य, कानून की मूल परिभाषा में निहित अर्थ को समकालीन मूलभूत




समस्याओं से जोड़कर राज्य और प्रौद्योगिकी के हस्तक्षेप पर विस्तार से चर्चा की और भविष्य की संभावनाओं एवं चुनौतियों पर विशेष ध्यान दिलाया। डॉ मनोज कुमार ने ऐतिहासिक विकास से लेकर वर्तमान समय में मानवाधिकार के उल्लंघन एवं संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने वंचित समाज की आवाज़ उठाने में शिक्षा की भूमिका और जागरूकता पर बल दिया। डॉ रघुवीर कुमार रंजन ने मानवाधिकार के विकास के विभिन्न आयामों का विस्तार से वर्णन करते हुए मानव इतिहास में अधिकार की मांग और बदलाव के प्रति विद्यार्थियों का ध्यानाकर्षण किया। इसी कड़ी में डॉ आलोक रंजन ने मानवाधिकार को पर्यावरण संरक्षण के लिए पेरिस एक्ट में प्रावधान के उल्लंघन की चर्चा करते हुए मानवाधिकार को मानव जनित कृत्रिम बीमारी के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सदुपयोग व दुरुपयोग एवं भविष्य की संभावनाओं पर विचार रखें। इस मौके पर दिव्या झा ने भी समाज में करुणा और नैतिक मूल्यों के संरक्षण पर विचार रखा। कार्यक्रम के अंत में डॉ मुकुल बिहारी वर्मा ने सभी उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अधिकार के संरक्षण पर ध्यान दिलाया। इस मौके पर निबंध- प्रतियोगिता एवं छायाचित्र प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। शोधार्थी राम कृपाल अमर ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अनुमोदित मानवाधिकार के घोषणापत्र का वाचन किया। इस कार्यक्रम में विभागीय शोधार्थी राम कृपाल अमर, प्रभु यादव, शशिपाल कुमार, नीतीश नायक, देवेंद्र यादव, रिकी कुमार, कुंदन कात्यायन, सागर सिंह, मो हिदायतुल्ला और नाहिद प्रवीण ने भाग लिया। छात्र अनीश कुमार और आदर्श कुमार का मंच संचालन सराहनीय रहा।

# साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालय और पुरानी धरोहरों के जीर्णोद्धार पर हुई चर्चा

## पुनपुन नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में बाजार हाट सैरात बदोबस्ती पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन नगर पंचायत की बोर्ड की सामान्य और वर्ष 2025 की अंतिम बैठक मंगलवार को मुख्य पार्षद रितेश कुमार भुटाली की अध्यक्षता में हुई। मौके पर फुलवारी विधायक श्याम रजक भी इस बैठक में शामिल हुए जहां नवनिर्वाचित विधायक श्याम रजक को शॉल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। वहीं बैठक में विधान पार्षद रविंद्र सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी पुष्पम कुमार पुष्प एवं उपमुख्य पार्षद राजकुमार उर्फ भोला शामिल रहे। बहरहाल बोर्ड की सामान्य बैठक में पूरे वार्डों की स्वच्छता पर जोर दिया गया। आगामी 16 दिसंबर से पुनपुन घाट पर होने वाले खरमास मेला के दौरान नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा साफ सफाई लाइटिंग की व्यवस्था दुरूस्त रखने की बात की गई। बाजार एवं



सार्वजनिक शौचालय की मुकम्मल व्यवस्था पर चर्चा की गई इसके अलावा पुनपुन में स्थित सामुदायिक भवन, ठाकुरवाडी आदि पुराने धरोहरों को जीर्णोद्धार करने की बात पर चर्चा की गई एवं पुनपुन अंचल कार्यालय द्वारा हस्तांतरित जाहिदपुर बाजार हाट की सैरात बंदोबस्ती पर चर्चा की गई, इसके अलावा सफाई एजेंसी के टेंडर को विस्तारित करने पर चर्चा की गई।नगर पंचायत के सामान्य बैठक में सभी वार्डों के वार्ड पार्षद शामिल रहे। जिसमें विमला देवी, सोनी कुमारी, जयश्री, राजेश्वर पासवान, टुनटुन कुमार, एवं रंजीत कुमार आदी वार्ड पार्षद शामिल रहे।

## स्वच्छता अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा वार्डों में दी जा रही डस्टबीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** स्वच्छता अभियान के तहत नगर परिषद प्रत्येक घरों में दो डस्टबिन उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर परिषद के अंदर 34 वार्ड हैं, जिसके अंदर रहने वाले परिवारों एवं मकानों की नगर परिषद द्वारा सूची तैयार की गई है। सूची के अनुरूप प्रत्येक परिवार में दो डस्टबिन उपलब्ध कराए जाने की योजना बनाई गई थी। उसके अनुरूप वार्ड नंबर 26 सरवां से डस्टबिन वितरण करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर परिषद के सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद ने बताया कि नगर परिषद के अंदर रह रहे लोगों द्वारा कचरे जहां तहां फेंक दिए जाया करते थे। इसी लिए घर- घर में कचरे को रखने के लिए लोगों को दो-दो डस्टबिन



उपलब्ध कराए जा रहा है। एक डस्टबिन में सूखा कचरा और दूसरे डस्टबिन में गीला कचरा लोगों द्वारा इकट्ठा किया जाएगा। जिसको लेने के लिए नगर के सफाई कर्मी पहुंचेंगे। उन्होंने डस्टबिन वितरण करने वाले कर्मियों से कहा कि प्रत्येक घरों में दो-दो डस्टबिन उपलब्ध कराकर उन्हें इस बात की जानकारी जरूर दे दिया जाए कि दोनों डस्टबिन का उपयोग अलग-अलग कचरे रखने के रूप में अवश्य किया जाए एवं कचरे उठाने वाले सफाई कर्मियों को जमा किए हुए डस्टबिन में कचरे सौंप दें। जिससे नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग मिले। इस मौके पर अमीन रामाधार कुमार यादव, स्वच्छता साथी में आरती कुमारी, बेवी कुमारी, अन्नू सिन्हा, राहुल आंनद सहित अन्य मौजूद थे। बहरहाल स्वच्छता अभियान के तहत नगर परिषद प्रत्येक परिवार को दो डस्टबिन प्रदान कर रही है। यह योजना सूखे और गीले कचरे के अलग-अलग संग्रह के लिए है।

## रानी तालाब में पुलिस ने तीन ट्रैक्टरों को किया जब्त

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रानीतालाब थाना क्षेत्र के बेरर गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित स्टॉक बालू स्थल से बालू की चोरी कर रहे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बिट्टु कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि खनन विभाग द्वारा जप्त किए गए स्टॉक बालू चोरी हो रही है। पुलिस ने उक्त स्थल पर पहुंचकर तीन ट्रेक्टर को जब्त किया है। चालक भागने में सफल रहा। माईनिंग के अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। वहीं रानीतालाब थाना क्षेत्र के एकबालगंज निसरपुरा गांव के बाहर 1 नम्बर बालू घाट पर पुलिस ने झोपड़ी से 40 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष बिट्टु कुमार ने बताया कि उक्त गांव के भुनेश्वर यादव के पुत्र विजय यादव को 40 ली शराब, 3700 सौ नगद एवं एक आई फोन के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से बालू कारोबारियों में खौफ है वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि समय-समय पर इस तरह की कार्रवाई होनी चाहिए।

# गिरफ्तार शराब कारोबारियों को छुड़ाने के दौरान पुलिस पर पथराव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के संघत पर मुसहरी मे बिते मंगलवार की शाम को छापेमारी के दौरान पुलिस पर हमला, पथराव और राइफल छिनने, सरकारी काम में बाधा पहुंचने के मामले में सहायक उत्पाद निरीक्षक शंभु कुमार ने मसौढ़ी थाने में चार नामजद समेत 15 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। दिए गए आवेदन के आलोक में बताया गया है कि शम्भु कुमार, उम्र-48 वर्ष पे0-स्व0 धनेश्वर प्रसाद, सा0 कंचनपुर, थाना-खुदागंज, जिला-नालंदा वर्तमान में उत्पाद थाना मसौढ़ी में सहायक अवर निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। दिनाक 09.12.2025 को अपने वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार, अवर निरीक्षक सौरन चन्द्र के प्रवेक्षण में छापामारी के लिए अपने गृहरक्षक बल, मद्यनिषेध सिपाही, ड्रोन पायलट, डॉग हँडलर तथा सैफ सशस्त्र बल के साथ समय करीब 7.30 PM में स्थान-संगतपर मुसहरी, छापामारी कार्य हेतु पहुँचा। छापामारी के दौरान कुल 2 शराब पीने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में लगभग 15 अज्ञात शराब कारोबारीयों के द्वारा छापामारी दल पर हमला करते हुए गिरफ्तार लोगों को छुड़ाने का प्रयास करने लगे। कुछ व्यक्तियों के द्वारा राईफल छिनने का प्रयास किया जाने लगा तथा ईट-पत्थर चलाने लगे। जिसमें छापामारी टीम में शामिल सैफ अनिल कुमार सिंह को पैर में चोट एवं गृहरक्षक बल विक्की कुमार का सर फट गया एवं जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों से पूछ-ताछ करने पर हमला करने में शामिल कुछ लोगों को नाम पता चला है जो इस प्रकार है। 1. सत्यनारायण यादव, पिता स्व0 भागरीथ प्रसाद, सा0 संगतपर, नर सिम्हा माँझी उर्फ अधिया (भगना), पिता ना मालूम, सा0- संगतपर, सोनी देवी, पति पप्पु चौधरी, सा0 संगत्तपर, अरविन्द यादव, पिता ना मालूम, साकिन मझौली, थाना-धनरूआ वर्तमान पता सा0 संगतपर, थाना-मसौढ़ी एवं अन्य अज्ञात पर मामला दर्ज करवाया गया है।

### एक्साइज पुलिस पर पथराव मामले में 20 अज्ञात पर प्राथमिकी

**मसौढ़ी।** बीते मंगलवार की शाम को एक्साइज पुलिस पर पथराव मामले में मध निषेध विभाग के सब इंस्पेक्टर शंभू कुमार के बयान पर मसौढ़ी थाने में 20 अज्ञात लोगों पर प्राथमीकी दर्ज की है, और यह घटना तब घटी जब नाडोल एवं कई जगहों पर शराब छापेमारी कर लौटने के दौरान संघत पर यह घटना घटी हैं। इस पूरे मामले में एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि मद्यनिषेध विभाग एवं मसौढ़ी थाना के साथ संयुक्त रूप से नदौल मुसहरी में अवैध शराब विनिर्माण के विरूद्ध अभियान चलाया गया, जो अपराहन समय 04:00 बजे तक चला। अर्द्धनिर्मित शराब (जावा महुआ) एवं भट्टी को पूर्ण रूप से ड्रोन के माध्यम से ढूँढ़ कर विनष्ट किया गया। पुनः संध्या समय 5:30 बजे से मद्यनिषेध की छापामारी टीम आसूचना के आधार पर छापामारी में नदवाँ, पोठही होते हुए संगतपर से छापामारी कर लौट रही थी। लौटने के दौरान ही अंधेरा में छापामारी दल पर रोडा चलाया गया जिसमें एक सैप बल के पाँव पर चोट लगा तथा एक अन्य के सिर पर रोडा लगने से उसका सर फूट गया है। कुछ व्यक्तियों की पहचान हुई है। चिन्हित व्यक्ति सहित करीब 20 (बीस) अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

# मसौढ़ी जेल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

## बंदियों को कानूनी अधिकार के प्रति किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी जेल में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलीत के साथ हुई। मौके पर एएसपी कोमल मीणा उपस्थित रही। इस अवसर पर बंदियों के लिए विभिन्न खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें वॉलीबॉल मैच, निबंध लेखन तथा ड्राइंग प्रतियोगिता प्रमुख रही। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को सम्मानपूर्वक मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विपिन कुमार, जेलर गौतम कुमार, लॉ फाउंडेशन पटना से गौरव राऊत एवं मोहम्मद खालिद कुरैशी, तथा ढ्खट्ट्इ के जेल विज़िटिंग ऑफिसर विमल कुमार उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने मानवाधिकारों के महत्व, उनके संरक्षण तथा बंदियों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। मानवाधिकार दिवस का यह आयोजन बंदियों में सकारात्मक सोच, जागरूकता और आत्मविश्वास को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। बहरहाल जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बंदियों को विधिक जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण बातें बताई गई। पैनल अधिवक्ता द्वारा कारागार अधिनियम 1894 एवं अन्य प्रावधानों के तहत बंदियों के दिये गये अधिकार से उन्हें अवगत कराया। बंदियों को मनोवैज्ञानिक पक्ष एवं तनाव प्रबंधन से जुड़ी बातों को बताया गया।

# जमीन दिखाकर करवाया एग्रीमेंट, ठग लिये 18 लाख

## नहीं हुई रजिस्ट्री, थाने में केस दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** एक आवासीय भूमि को दिखाकर पहले एग्रीमेंट करवाया उसके बाद कई किस्तों में 18 लाख 45 हजार रुपए की राशि ली लेकिन नहीं करवाया रजिस्ट्री। पूरा मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र की है जहां पर पीड़ित अमित कुमार पिता टुन्नी प्रसाद तेतरी धनरूआ निवासी ने मसौढी थाना क्षेत्र के कुमहरटोली निवासी रंजीत कुमार पिता राजेंद्र राम पर जमीन रजिस्ट्री के नाम पर 18 लाख 45 हजार ठग लेने का आरोप लगाते हुए मसौढी थाना में प्राथमिक की दर्ज करवाई हैं। दरअसल बताया जाता है की तारेगना स्थित एक आवासीय भूमि जो तकरीबन 10 धुर है 36 लाख रुपए प्रति इकट्ठे के हिसाब से तय हुआ। इस दौरान 10 लाख रुपया बयान देकर एग्रीमेंट पेपर बनाया गया उसके बाद 19.9.2025 को 2 लाख दी गई, इसी तरह कई किस्तों में कुल 18 लाख 45 हजार रुपए की राशि दे दी गई। बावजूद जमीन रजिस्ट्री के नाम पर टाल मटोल करते-करते काफी दिन बीत गए हैं और अंत में एक रजिस्ट्री की तारीख तय की गई लेकिन उसके एक दिन पहले ही वह घर मे ताला लगाकर फरार हो गया तब जाकर पीड़ित अजीत कुमार को लगा कि मुझे जमीन के नाम पर ठगी कर ले गई हैं मसौढ़ी थाने में प्राथमिक की दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# जो दवा गरीबों को देनी चाहिए थी वह फेंकी जा रही कूड़े की ढेर में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** जो दवा सरकारी अस्पतालों में गरीबों को मिलनी चाहिए थी, वह सड़क के किनारे फेंकी हुई दिख रही है। दरअसल यह तस्वीर मसौढ़ी नौबतपुर मार्ग की है जहां पर सड़क के किनारे कूड़े में सरकारी दवा को एक्सपायर होने पर फेंक दिया जा रहा है, जो न केवल सरकारी नियमों का उल्लंघन है बल्कि इससे एनजीटी कभी नियमों का उल्लंघन हो रहा है। सड़क के किनारे फ़ेक गई दवा फ़ेरस सल्फ़ेट फोलिक एसिड का सिरप है और यह दवा खून की कमी, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के

### सरकारी नियमों का हो रहा उल्लंघन



बीच वितरण की जानी होती है। जिसे एक्सपायर होने पर सड़क के किनारे फेंक दिया गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग इसकी अनदेखी कर रहा है। विभाग की लापरवाही से मानव जीवन पर स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। वातावरण को भी प्रभावित करने की बात कही जा रही है। बहरहाल मसौढ़ी में इन दिनों एक्सपायरी दवाओं को खुले में फेंके जा रहे हैं. इसके खिलाफ स्वास्थ्य विभाग अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है. जिसके बाद लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। सरकार के निर्देशानुसार बायो मेडिकल वेस्ट व एक्सपायरी दवाओं को जमीन में गहरा गड्ढा खोदकर उसमें डाल कर नष्ट किया जाना चाहिए. लेकिन, ऐसा नहीं किया जा रहा है. जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ रहा है. इसके साथ ही वातावरण में प्रदूषण बढ़ने का भी खतरा बढ़ रहा है। इसके अलावा बरसात के दिनों में मिट्टी और पानी से मिलकर उससे निकलने वाली जहरीले तत्व लोगों को सेहत से खिलवाड़ कर सकता है. जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन को गंभीरता बरतनी होगी।सरकार द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट एवं एक्सपायरी दवाई नष्ट करने के सख्त निर्देश जारी किए जाते हैं लेकिन लेकिन दवा कारोबारी इसका पालन नहीं कर रहे हैं।

# दोहरे हत्याकांडड में मास्टरमाइंड सुधीर व शूटर आशुतोष समेत चार गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** बिहार मे समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मुक्तापुर गांव मे प्रोपर्टी डीलर विजय गुप्ता एवं टेम्पो चालक गणेश सहनी की हुई चर्चित हत्याकांड के मामले मे एसटीएफ के सहयोग से पुलिस ने शूटर सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अरबिंद प्रताप सिंह ने आज यहां बताया कि पिछले 21 दिसम्बर 2024 को जिले के मुक्तापुर गांव मे शहर के चर्चित प्रोपर्टी डीलर विजय गुप्ता एवं टेम्पो चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष से पुलिस इस ब्लाइंड केस के उद्भेदन मे लगी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हत्याकांड मे सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर हत्याकांड मे शामिल शूटर आशुतोष सिंह, फूलबाबू राम, मास्टरमाइंड सुधीर मधान और उसके पुत्र अमन मधान को एसटीएफ के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि समस्तीपुर शहर के गुदरी बाजार निवासी एवं हत्याकांड का मास्टरमाइंड सुधीर मधान ने जमीन कारोबार को लेकर शूटर को 5 लाख की सुपारी पर प्रोपर्टी डीलर विजय गुप्ता की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छापेमारी मे पुलिस ने तीन देशी पिस्तौल, 9 जिंदा कारतूस एवं हत्याकांड मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं मोबाईल बरामद किया है।

# बुलडोजर राज के खिलाफ भाकपा-माले का होगा राज्यव्यापी प्रतिरोध

## प्रखंडस्तरीय कन्वेंशन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस कामरेड मास्टर जगदीश, कामरेड रामनारायण राम की 53वीं बरसी पर लोकल कमेटी सदस्यों का कन्वेंशन मसौढ़ी प्रखंड कमेटी की ओर से माले कार्यालय में और धनरूआ प्रखंड कमेटी की ओर से सांडा में संपन्न हुई। कन्वेंशन से बुलडोजर राज के खिलाफ प्रतिरोध तेज करने भाकपा माले को मजबूत करने और विधानसभा चुनाव में बूथ स्तर पर सधन जांच पड़ताल करते हुए 18 दिसंबर से 24 दिसंबर तक पार्टी सदस्यों के नवीकरण भर्ती और पार्टी ब्रांच व लोकल कमेटी के सुदृढ़ी करने पर विचार विमर्श हुआ। मसौढ़ी में कन्वेंशन की अध्यक्षता प्रखंड सचिव राकेश कुमार ने की जबकि धनरूआ में कन्वेंशन की अध्यक्षता प्रखंड सचिव अकलु पासवान संचालन जिला कमेटी सदस्य वीरेंद्र प्रसाद ने की जबकि कन्वेंशन को मसौढ़ी बहुत धनरूआ के सांड में आयोजित कन्वेंशन को भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य कमलेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि बुलडोजर राज चलाया जा रहा है जिसका प्रतिरोध हर जगह शुरू हो गया है। इस मौके पर सांप्रदायिक व कारपोरेट परस्त ताकतों को खुला संरक्षण दिया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के अवसर पर हर मानव समाज के अधिकारों की रक्षा करने और उन सवालों पर आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया। मसौढी में नागेश्वर पासवान, रमेश चौधरी, राघो महतो, शशि यादव, सीतापति देवी, पूनम देवी इन्दू देवी पूर्व प्रखंड प्रमुख जबकि धनरूआ में कन्वेंशन में रिंकू देवी, भगवान पासवान, खुर्शीद आलम, कमलेश यादव, कमला देवी जितेंद्र राम, प्रमोद यादव, निरंजन वर्मा शशि रंजन प्रसाद राम जीवन पासवान दीपक पासवान आदी शामिल रहे।

# सेबी और आईईपीएफए ने जयपुर में किया चौथा निवेशक शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) और मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफ़ेयर्स के तहत इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथॉरिटी (आईईपीएफए) ने मिलकर 6 दिसंबर, 2025 को राजस्थान के जयपुर में चौथा 'निवेशक शिविर' आयोजित किया। इस इन्वेस्टर आउटरीच पहल का उद्देश्य शेयरधारकों को बकाया लाभांश और बिना दावा किए गए शेयर्स की वापसी में मदद करना और इस तरह सिस्टम में बिना दावे वाली निवेशक परिसंपत्तियों की संख्या को कम करना है। यह शिविर प्रमुख मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशन्स (एमआईआई)-एनएसई, बीएसई, सीडीएसएल और एनएसडीएल, तथा रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट्स (आरटीए)-केफिन टेक्नोलॉजीस लिमिटेड, एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बिगशेयर सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, कैम्स और पूर्वा शेयरगिस्ट्री इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सेबी के जनरल मैनेजर श्री बिनोद शर्मा, आईईपीएफए के जॉइंट डायरेक्टर श्री रुवित कुमार, आईईपीएफए की डीजीएम समीक्षा लाम्बा और एनएसई के एसवीपी आविष्कार नाइक सहित सेबी, आईईपीएफए, एमआईआई और आरटीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। दिन भर चले इस शिविर में जयपुर और आसपास के क्षेत्रों से 301 से अधिक निवेशकों और आवेदकों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन में स्थित 22 विशेष सेवा डेस्क के अंतर्गत निम्नलिखित विषयों पर सम्पूर्ण सहायता प्रदान की गई। छह वर्षों से अधिक समय से बिना दावा किए गए लाभांश और शेयर्स को वापस पाने की प्रक्रिया। निवेशक शिविर के माध्यम से छह से सात वर्ष से लंबित बिना भुगतान किए गए लाभांश और दावों को आगे बढ़ाने में प्रत्यक्ष रूप से मदद दी गई।

# कोटक म्यूचुअल फंड ने जारी किया मार्केट

**रांची।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (कोटक म्यूचुअल फंड) ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया। रिपोर्ट के अनुसार, ब्याज दरों में संभावित नरमी और मजबूत स्ट्रक्चरल ग्रोथ के चलते आने वाले वर्ष में भारतीय इक्विटी और फिक्स्ड इनकम दोनों ही बाजारों में निवेशकों के लिए बेहतर अवसर बन सकते हैं। कोटक महिंद्रा एएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 में इक्विटी रिटर्न कंपनियों की कमाई में होने वाली बढ़ोतरी पर निर्भर करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय कंपनियां एफवाई 27 में डबल डिजिट अर्निंग दिखा सकती हैं, जिससे विदेशी निवेश बढ़ेगा और बाजार में तरलता मजबूती से बनी रहेगी। शाह के अनुसार, आने वाले समय में मिड कैप शेयर लार्ज और स्मॉल कैप की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इसी के साथ, वैश्विक केंद्रीय बैंकों की खरीद जारी रहने के कारण सोना और चांदी दोनों में मजबूती देखने की संभावना है। उन्होंने निवेशकों को संयमित रिटर्न अपेक्षाओं के साथ संतुलित और विविधीकृत निवेश रणनीति अपनाने की सलाह दी। रिपोर्ट में वित्तीय सेवाओं में बढ़ते क्रेडिट, कंजम्पशन साइकिल की तेजी, ई-कॉमर्स क्षेत्र में डिजिटल विस्तार और हेल्थकेयर में बढ़ती मांग को 2026 के प्रमुख निवेश थीम बताया गया है।

# 'हम बूढ़ छी' मैथिली काव्य संग्रह का हिंदी अनुवाद लोकार्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मैथिली विभाग में बुधवार को पुस्तक लोकर्पण समारोह विभागाध्यक्ष प्रो दमन कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रो. इंद्रकांत झा रचित मैथिली कविता-संग्रह 'हम बूढ़ छी' का हिंदी में साहित्यानुवाद 'मैं बूढ़ा हूं' राहुल राज गुप्ता ने किया है। राहुल मैथिली विभाग के शोधार्थी हैं। लोकार्पण समारोह की मुख्य अतिथि मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो मंजू राय ने पुस्तक को समाज में क्षीण होते नैतिक मूल्यों का दर्पण बताया। प्रो राय ने आगे कहा कि साहित्य मनुष्य को संवेदनशील बनाता है, और यह कृति निश्चित ही समाज की मानवीय चेतना को पुनर्जीवित करनेवाली सिद्ध होगी। विभाग के वरिष्ठ प्रोफ़ेसर अशोक कुमार मेहता ने इक्कीसवीं शताब्दी के सामाजिक परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सन 1990 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस मनाने की आवश्यकता इसलिए महसूस की कि आधुनिक समाज धीरे-धीरे वृद्धों की संवेदना से दूर होता गया। ऐसे समय में यह पुस्तक अनुकरणीय भावों का दस्तावेज़ है, जो पाठकों के हृदय में वृद्धों के प्रति करुणा और संवेदनशीलता को बढ़ाती है। डॉ. सुनीता कुमारी ने अनुवादक राहुल राज गुप्ता को शुभकामनाएं देते उनकी रचना को अनवरत सृजन-यात्रा का द्योतक बताया। सी एम कॉलेज के डॉ सुरेंद्र भारद्वाज ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अनुवादक सदैव नवीन विषय-वस्तु के साथ उपस्थित होता है। 'हम बूढ़ छी' वृद्धावस्था पर केंद्रित मैथिली की एकमात्र ऐसी सशक्त कृति है, जो संवेदना को शब्द देने में सफल रही है। डॉ. सुरेश पासवान ने पुस्तक में उल्लिखित 162 कविताओं में वृद्ध व्यक्तित्वों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रत्येक कविता के शीर्षक को स्वानुभूति का दर्पण कहा। साथ ही अनुवाद प्रक्रिया में समतुल्यता के सिद्धांत का समुचित अनुपालन करते हुए 'जनेउ', 'खराम' जैसे सांस्कृतिक बीज- शब्दों को मूल रूप में संरक्षित रखने में अनुवादक की कुशलता व लक्ष्य पाठ सराहना की।

CMYK

# ग्राहकों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करा रहा पीएनबी : प्रवीण कुमार

## हसपुरा में पंजाब नेशनल बैंक की ओर से मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद/हसपुरा।** केंद्र सरकार की बैंकिंग तथा कृषि से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों तथा जन सामान्य तक पहुंचाने के लिए आज पंजाब नेशनल बैंक के औरंगाबाद मंडल की ओर से जिले के हसपुरा में मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि एवं बैंक के मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार ने कहा कि कृषि आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों तथा ग्राहकों को कृषि से जुड़े विविध प्रकार के ऋण, आवास ऋण, कार ऋण, माई प्रॉपर्टी ऋण, शिक्षा ऋण आदि सुलभ और उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। श्री कुमार ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक अन्य





बैंकों की अपेक्षा कम ब्याज दर पर ग्राहकों को ऋण उपलब्ध करा रही है जो बेहतर है। कार्यक्रम में जीविका से जुड़े अधिकारियों के अलावा बैंक अधिकारियों ने बैंकिंग से जुड़ी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और इसका लाभ उठाने की अपील की। आयोजन के दौरान जीविका से जुड़ी महिलाओं को रोजगार, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने पर भी जोर दिया गया। अनीता देवी ने मसाला उद्योग और रिंकू देवी ने किराना एवं श्रृंगार दुकान संचालन के अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर पटना के पारस हॉस्पिटल के चिकित्सकों के सहयोग से किसान भाइयों तथा ग्राहकों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें शुगर, बी.पी आदि की जांच की गई। कार्यक्रम का संचालन सर्कल ऑफिसर प्रशांत कुमार पांडेय एवं धन्यवाद ज्ञापन एडीएम आनन्द वर्धन ने किया। मौके पर पीएनबी शाखा प्रबंधक नवल किशोर, पीएलपी प्रमुख आनंद प्रसाद, चन्दन श्रीवास्तव, जीविका मैनेजर पंचम कुमार दांगी, लोन अधिकारी अखिल भारती, कृषि लोन अधिकारी कुमार कोनाकला, ब्लॉक एग्रीकल्चर ऑफिसर रंजीत कुमार, बीपीएम आलोक चंद्र सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# विशेष अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों से 10 वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** न्यायालय के निर्देश पर 10 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई जिले के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा की गई जिसमें कासमा पुलिस द्वारा देवकुली गांव निवासी अजित कुमार सिंह एवं प्राणपुर गांव निवासी संतोष कुमार रजक को गिरफ्तार किया गया है। उपहारा पुलिस द्वारा नीमरा गांव निवासी सुबोध चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया गया है। देवकुंड पुलिस द्वारा महराजगंज गांव निवासी संतोष महतो को गिरफ्तार किया गया है। माली पुलिस द्वारा गंगहर गांव निवासी बसंत पाल एवं अरूण पाल दोनों सगे भाई है। इसके अलावा अमित पाल, अजीत पाल को गिरफ्तार किया गया हैं। साथ ही महुअरी गांव निवासी प्रिंस कुमार भी पकड़ा गया है। बारुण पुलिस द्वारा



कौशडिहरा गांव निवासी संतोष सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की माने तो ये सभी लंबे समय से अलग-अलग अपराधों में फरार चल रहे थे। इनकी गिरफ्तारी को लेकर कोर्ट से इश्तेहार निर्गत किया गया था। इसी क्रम में मंगलवार की रात विशेष अभियान चलाया गया जिसमें ये सभी पकड़े गए। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत सभी को जेल भेज दिया गया। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा विशेष तौर पर तत्परता दिखाई गई। ऐसे अपराधी कोई दूसरी घटनाओं को अंजाम नहीं दे दें। इसके पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# दो पक्षों के विवाद में भाई-बहन समेत तीन गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में सगे भाई-बहन समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों की पहचान उस गांव निवासी सुरजन मेहता के 25 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार, 16 वर्षीय पुत्री शोभा कुमारी और 15 वर्षीय संध्या कुमारी के रूप में की गई हैं। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी अभिषेक कुमार ने बताया कि घर के बगल में ही एक शीशम का पेड़ है। उसके चारों तरफ फसल लगी है। पेड़ बंटवारे को लेकर पंचों की ओर से फैसला किया गया था कि दोनों पट्टीदारों का हिस्सा है। चाचा जबरदस्ती बिना किसी से पूछे ही आज पेड़ को काटने लगे। जब परिजन मना करने गए तो उन लोगों के साथ विवाद हो गई। इस दौरान चाचा और चचेरे भाईयों ने लाठी-डंडे और धारदार हथियार से मारपीट की जिससे तीनों जख्मी हो गए। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। अभिषेक ने बताया कि चाचा का एक बेटा आर्मी में है, जिसके कारण वह पुलिसिया धौस दिखाता है। मारपीट में जख्मी अभिषेक ने अपने चाचा और चचेरे भाइयों पर मारपीट का आरोप लगाया है। बताया कि पहले भी उसके चचेरे भाई पंकज ने आर्मी का जवान होने का धौंस दिखाते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद परिजन ने सभी जख्मियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया। फिलहाल घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। इधर, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। आवेदन मिलने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# विधानसभा चुनाव की अंतिम निर्वाचन व्यय लेखा जांच प्रक्रिया पूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के परिणाम घोषित होने के बाद भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों–औरंगाबाद, कुटुंबा, रफीगंज, ओबरा, नबीनगर और गोह–के अभ्यर्थियों की अंतिम निर्वाचन व्यय लेखा जांच निर्धारित तीस दिनों की समय सीमा के भीतर सुव्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। यह व्यापक लेखा परीक्षण योजना भवन औरंगाबाद में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मनोनीत व्यय प्रेक्षक इशाक रीमान खड़कोगर और सुधाकर शुक्ला की अध्यक्षता और पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया, जिसमें सभी अभ्यर्थियों के चुनाव व्यय से जुड़े अभिलेखों का विस्तृत सत्यापन किया गया। जांच के दौरान अभ्यर्थियों की व्यय विवरणी फॉर्म सी, अभ्यर्थी व्यय रजिस्टर



(रजिस्टर 1, 2 और 3), कैश बुक, बैंक खाता विवरण, वाहन उपयोग से संबंधित अनुज्ञापत्र और रजिस्टर, प्रचार सामग्री, प्रिंटिंग तथा अन्य मदों के बिल और रसीदें, शैडो ऑब्जर्वेशन रजिस्टर, वीडियो निगरानी इकाई की रिपोर्ट, फ्लाइंग स्क्वॉड और एसएसटी दलों की रिपोर्ट, मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से स्वीकृत और अस्वीकृत विज्ञापन अभिलेख सहित व्यय अनुश्रवण कोषांग के सभी दस्तावेजों की गहन जांच की गई। व्यय प्रेक्षकों ने अभ्यर्थियों के व्यय को निर्धारित सीमा के अंदर जांचते हुए शैडो रजिस्टर और व्यय विवरणी के बीच सामंजस्य, प्रचार सामग्री एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के खर्च की प्रामाणिकता, मीडिया विज्ञापनों के सत्यापन और बैंकिंग लेनदेन की पारदर्शिता का सूक्ष्म परीक्षण किया। जहां किसी अभिलेख में संशोधन या स्पष्टीकरण की आवश्यकता पाई गई, वहां अभ्यर्थियों को आयोग के नियमों के अनुसार आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने और अभिलेख अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। प्रेक्षकों ने यह भी निर्देश दिया कि अभ्यर्थी अपने अभ्यर्थी पंजी को नियमानुसार पूर्ण कर निर्धारित समय के भीतर जिला निर्वाचन कार्यालय औरंगाबाद में जमा करें। राज्य कर सहायक आयुक्त गुंजन कुमार के नेतृत्व में पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हुई। अंतिम निर्वाचन व्यय लेखा जांच का यह चरण पूर्णतः शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी वातावरण में पूरा हुआ, जिससे बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की विश्वसनीयता और जवाबदेही और अधिक मजबूत हुई। कार्यक्रम में सभी अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चुनावी रंजिश व बकाया पैसा मांगने पर युवक के साथ मारपीट

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चमरडीहा गांव में चुनावी रंजिश व मजदूरी का बकाया पैसा मांगने को लेकर मारपीट की घटना घटी। इस घटना में एक 35 वर्षिय युवक जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान उस गांव निवासी उदय पासवान के रूप में हुई है। घटना बुधवार की दोपहर की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी उदय ने बताया कि वह गांव के ही एक व्यक्ति के थ्रेसर पर मजदूरी का काम करता था। उसके पास कई महीनों के मजदूरी का पैसा बकाया था। जब मजदूरी नही देने लगा तो उदय गांव के ही किसी दूसरे के थ्रेसर पर मजदूरी करने लगा। बुधवार को जब उदय अपना बकाया पैसा मांगने गया तो उसके द्वारा गाली-गलौज किया गया। चुनावी रंजिश का कारण बताकर पैसा नही देने को कहा। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ लिया। आवेश में थ्रेसर मालिक ने मारपीट की, जिससे उदय जख्मी हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उदय को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि जानकरी मिली है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अफीम की फसल को किया नष्ट

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** नक्सल प्रभावित मदनपुर प्रखंड के दक्षिण उमगा पंचायत के सुदूरवर्ती लंगूराही पहाड़ के बिकम डेरा जंगल में बड़े पैमाने पर हो रहे अफीम की खेती पर वन विभाग की टीम ने धावा बोला। वन विभाग की टीम को पहुंचते ही अफीम की खेती करने वाले अपराधियों में भगदड़ मच गयी। वन विभाग को सूचना मिली कि मदनपुर प्रखंड के दक्षिण उमगा पंचायत के लंगूराही पहाड़ के बिकम डेरा जंगल में तीन एकड़ वन भूमि पर अफीम की फसल लगायी गयी है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम वहां पहुंची और खेती को तहस-नहस कर दिया। अभियान का नेतृत्व वनों के क्षेत्र पदाधिकारी अजीत कुमार सिंह कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दक्षिणी उमगा पंचायत के लंगूराही पहाड़ के बिकम डेरा जंगल में वन भूमि अतिक्रमण कर अफीम की खेती करने की सूचना प्राप्त हुई थी। वन विभाग की गश्ती दल द्वारा उक्त स्थल पर पहुंच कर अफीम की फसल को नष्ट कर दिया गया। मौके से पटवन के लिए पेट्रोल मशीन व एक कुदाल जब्त किया गया है। रेंजर अजीत कुमार सिंह ने बताया कि अफीम की खेती करने वालों की पहचान की जा रही है। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

# चालक सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल हुए 12102 अभ्यर्थी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार व केंद्रीय चयन परिषद की ओर से आयोजित चालक सिपाही भर्ती परीक्षा आज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिले के कुल 21 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित परीक्षा में कुल 12,102 अभ्यर्थी शामिल हुए। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर बिहार के विभिन्न जिलों से आए परीक्षार्थियों की लंबी कतारें देखी गईं। परीक्षा को निष्पक्ष और कदाचारमुक्त कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। केंद्रों पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने गेट के बाहर ही सभी परीक्षार्थियों की सघन फ्रिस्किंग की। मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, घड़ी, चेन, अंगूठी सहित किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री के साथ प्रवेश पूरी तरह से वर्जित था। कई केंद्रों पर बैग, गुलबंद और जूते तक मुख्य द्वार पर ही उतरवा लिए गए। इससे कुछ परीक्षार्थी नाराज़ भी दिखे लेकिन अधिकारियों ने



स्पष्ट किया कि यह केंद्रीय चयन परिषद के निर्देशों के तहत अनिवार्य प्रक्रिया है। इसके बाद ही परीक्षार्थियों को पहचान पत्र और प्रवेश पत्र की जांच कर अंदर जाने की अनुमति दी गई। जिला प्रशासन ने परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की थी। परीक्षा भवनों के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई। इसके अलावा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या भीड़ न हो, इसके लिए केंद्रों के बाहर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई। केंद्रीय चयन परिषद के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों का प्रवेश सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक ही लिया गया। इसके बाद मुख्य द्वार बंद कर दिया गया ताकि परीक्षा की प्रक्रिया में कोई व्यवधान न हो। गेट के पास ही सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक जांच कर उनकी पहचान की पुष्टि की गई। परीक्षा केंद्रों तक पहुंच सुगम रहे, इसके लिए यातायात व्यवस्था भी दुरुस्त रखी गई। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह से शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में संचालित हो रही है। अधिकांश परीक्षार्थी समय से काफी पहले केंद्रों पर पहुंच गए थे और उत्साह स्पष्ट झलक रहा था। जिला प्रशासन ने परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिए पहले ही सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं।

# विभिन्न मामलों में 56 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई अलग-अलग मामलों में 56 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 30 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 6, शराब कांड में 6 एवं अन्य शीर्ष कांड में 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 540.30 लीटर देसी शराब, 80 लीटर विदेशी शराब, दो ट्रैक्टर, एक ऑटो, 80 सीएफटी बालू बरामद तथा 1350 लीटर महुआ घोल विनिष्ट एवं 4 भट्ठियां ध्वस्त किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 882 वाहनों की जांच की गई जिसमें 58000 रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 32 वारंट निष्पादन किया गया तथा 1 कुर्की वारंट निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की माने तो जिले में शराब व खनन कारोबार के साथ-साथ अन्य अपराध पर लगाम लगाने में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# लैंगिक हिंसा पर जागरूकता को ले कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अनुमंडल अग्निशमालय औरंगाबाद के परिसर में वरीय जिला समादेष्टा सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी की अध्यक्षता में महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के विरुद्ध जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला कर्मियों में जागरूकता बढ़ाना, उन्हें सुरक्षित व सम्मानजनक कार्य के लिए वातावरण उपलब्ध कराना है। जिला



अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि कानूनी रूप से यौन उत्पीड़न किसी भी अवांछित यौन व्यवहार को संदर्भित करता है जो व्यक्ति के कार्यस्थल, स्कूल या किसी अन्य स्थान पर उसे असहज, अपमानित या भयभीत महसूस कराता है। इस मुद्दे पर खामोश रहने के बजाय उसका विरोध करें, कानूनी प्रक्रिया का सहारा लें। क्योंकि आपकी चुप्पी उत्पीड़न करने वाले को साहस प्रदान करता है। इसलिए जरूरी है कि यौन उत्पीड़न का विरोध करें। इस दौरान सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी लालकेश्वर प्रसाद, प्रअ मुन्ना कुमार, हरेराम सिंह एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# दाउदनगर नगर परिषद क्षेत्र का होगा विस्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** दाउदनगर नगर परिषद क्षेत्र के प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव प्रस्तावित है। नगर विकास एवं आवास विभाग ने बिहार नगरपालिका अधिनियम के तहत अधिसूचना जारी कर दाउदनगर नगर परिषद के विस्तार का प्रारूप आदेश प्रकाशित किया है। सरकार ने यह अधिसूचना इस उद्देश्य से जारी की है ताकि इससे प्रभावित होने वाले व्यक्ति प्रारूप पर अपनी आपत्तियां या सुझाव एक माह के भीतर जिला पदाधिकारी या नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत कर सकें। सभी आपत्तियों पर विचार अधिनियम के तहत किया जाएगा। जारी प्रारुप आदेश के अनुसार दाउदनगर प्रखंड के कुछ क्षेत्रों को नगर परिषद की परिधि में शामिल किए जाने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित क्षेत्र में नगर परिषद दाउदनगर के वार्ड संख्या एक से 27 के अतिरिक्त भखरुआं, तरारी, (आंशिक), गुमा, अकोढ़ा, पिलछी, ठाकुर बिगहा, बेलाड़ी और तरार जैसे गांव शामिल होंगे। प्रस्तावित नगर निकाय की चौहद्दी उत्तर में गुमा और अकोढ़ा, दक्षिण में ठाकुर बिगहा और बेलाड़ी, पूर्व में तरार एवं पिलछी तथा पश्चिम में सोन नदी तक विस्तारित होगी। प्रस्तावित नगर परिषद दाउदनगर का कुल क्षेत्रफल 19 वर्ग किलोमीटर निर्धारित किया गया है जबकि इसकी कुल जनसंख्या वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर 61,700 है। प्रशासनिक प्रावधानों को प्रभावी बनाने तथा शहरी सुविधाओं के सुचारू विकास के उद्देश्य से इन क्षेत्रों को नगर परिषद में सम्मिलित करने का निर्णय लिया जा रहा है। अधिसूचना में कहा गया है कि इसके प्रकाशन के साथ ही यह तुरंत प्रभाव से प्रवृत्त हो गई है। सरकार का मानना है कि नगर परिषद का विस्तार होने से संबंधित क्षेत्रों में शहरी विकास योजनाओं, आधारभूत संरचना, सफाई व्यवस्था, पेयजल, सड़क और प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाओं को लागू करने में सहायता मिलेगी। अब स्थानीय लोगों के सुझाव और आपत्तियां अंतिम निर्णय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# मानवता और इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं : डी. आनन्द

## स्वरांजलि सेवा संस्थान ने आयोजित किया सत्संग एवं भजन कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में सत्संग भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ समवेत स्वर में हनुमान चालीसा के पाठ से किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सत्कर्म और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। संगीत आनंद ने भजनों के माध्यम से जन जन को नैतिक मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया। अंजू देवी ने जैसा खाओगे अन्न, वैसा होगा मन विषय पर प्रकाश डालते हुए लोगों से शुद्ध एवं संतुलित आहार विहार अपनाने की अपील की। पूर्वाह्न के समय संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी एवं संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर



समाजसेवी संगीत आनंद द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर भटकने वाले, जीवन यापन करने वाले, लावारिस दिव्यांग जनों एवं जरूरतमंदों के बीच फूड पैकेट का वितरण भी किया गया। मानव सेवा के इस कार्य की लोगों ने भरपूर सराहना की। सत्संग कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण तथा प्रकृति के प्रति जागरूकता को लेकर भी चर्चा की गई। विभिन्न भजनों द्वारा प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। संस्था द्वारा यह संकल्प दोहराया गया कि भविष्य में सेवा संस्कार और पर्यावरण संरक्षण को लेकर अभियान निरंतर जारी रहेगा। महाप्रसाद की व्यवस्था शशांक सिंह एवं अनन्या ट्रेडर्स के प्रबंधक छोटू गुप्ता द्वारा की गई। कार्यक्रम में शिव शक्ति ह्यूमपाइप इंडस्ट्रीज के प्रबंधक बिरजा यादव, अभिषेक कुमार, प्रिंस कुमार, डब्लू सिंह उर्फ बबलू सिंह, वार्ड प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, गौरव कुमार, पुजारी संतोष उपाध्याय, महिला समाजसेवी अंजू देवी, खदरु मुंडा, मिथिलेश कुमार, महेंद्र शर्मा, मुन्ना शर्मा, उमेश यादव, मनीष अग्रवाल, धर्मेंद्र सिंह एवं कृष्णा कुमार की भूमिका सराहनीय रही। ऐसे कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करने हेतु वर्ल्ड मीडिया इन्फोटेनमेंट के निदेशक राजेश कुमार गुप्ता एवं फौजी विद्यासागर राणा की प्रशंसा की गई।

